## ॥ वाणी का महात्म्य ॥

यह वाणी एक मामूली वस्तु नहीं है जिस का दिन रात वेद पुराण देवता और सन्त महात्मा उच्चारण करते हैं। परन्तु वे भी पार नहीं पाते हैं तो मनुष्य इस के गुण को पार किसतरह से पासक्ता है। जिस के गृह में हमेशा वाणी की पूजन होती है और अध्ययन होता है वह गृह स्वर्ग के समान है वहां किसी बात का भय नहीं रहता है। जो हरिपुरुषजी की वाणी को सांसारिक कामना के लिए पूजते हैं, वह काम तत्काल ही सिद्ध हो जाता है। यह बात हमारे अनुभव की है, जो नित्य अध्ययन करता है वह सद्विचारशील होकर वैकुण्ठ को प्राप्त होता है। वाणी एक प्रकार से ब्रह्म है जब पृथ्वी प्रलय होता है तब भी यह (शब्द) ब्रह्म तो कायम ही रहता है।

इस लिए वाणी रूप ब्रह्म की उपासना से अपने इच्छित फल को पा सकते हैं। इसी बात को सिद्ध करने के लिए मैंने मुमुक्षुओं के हितार्थ इस पुस्तक को प्रकाशित कराया है। आशा है सब साधारण लोग इसका सदुपयोग करके मेरे और कर्ता के श्रम को सफल करेंगे।

वै० शु १<br>सं १९७७ वि<br>शाके १८४२

विनीत<br>देवादास

# श्री हरिपुरुषजी की वाणी

प्रकाशक

वैष्णव साधु देवादास

संशोधक

पण्डित भगवतीलाल विद्याभूषण

प्रभाकर प्रिन्टिंग प्रेस में

मुद्रित

प्रथमावृत्ति १०००

## ॥ बाणी का महात्म्य ॥

यह बाणी एक मामूली वस्तु नहीं है जिस को दिन रात वेद पुराण देवता और सन्त महात्मा उच्चारण करते हैं। परन्तु वे भी पार नहीं पाते हैं तो मनुष्य इस के गुण को पार किसतरह से पासकता है । जिस के गृह में हमेशा बाणी की पूजन होती है और अध्ययन होता है वह गृह स्वर्ग के समान है वहां किसी बात का भय नहीं रहता है । जो हरिपुरुषों की बाणी का सांसारिक कामना के लिये पूजते हैं, वह काम तत्काल ही सिद्ध हो जाता है । यह बात हमारे अनुभव की है जो नित्य अध्ययन करता है वह सद्विचारशील होकर वैकुण्ठ को प्राप्त होता है । बाणी एक प्रकार से ब्रह्म है जब पृथ्वी प्रलय होता है तब भी यह (शब्द) ब्रह्म तो कायम ही रहता है ।

इस लिए बाणी रूप ब्रह्म की उपासना से अपने इच्छित फल को पा सकते हैं । इसी बात को सिद्ध करने के लिए मैंने मुमुक्षुओं के हितार्थ इस पुस्तक को प्रकाशित कराया है । आशा है सर्व साधारण लोग इसका सदुपयोग करके मेरे और कर्ता के श्रम को सफल करेंगे ।

ब सु ३<br>
स १९८८ वि<br>
शाके १८५३

विनीत<br>
देवादास

॥ श्री हरिपुरुषेभ्यो नमः ॥

॥ श्री हरिपुरुषजी की वाणी ॥

# —: भूमिका :—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानि र्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम् ॥१॥

इस भगवत् गीता के वचन से जब २ इस संसार में धर्म की न्यूनता और अधर्म की वृद्धि होती है तब स्वयं परमात्मा अवतार लेते हैं या अपनी विभूति रूप किसी महात्मा को प्रकट करते है इसी सिद्धान्तानुसार इस कलि-युग में कई पाखंडियो के वेदाविरुद्ध धर्म को उठाने और वेदानुकूल साकार और निराकार उपासना का विस्तार करने को इस मरुस्थल के डीडवाना प्रान्त में श्री हरिपुरुषजी महाराज सोलहवी शताब्दी में प्रकट हुए। इन का सन्क्षिप्त जीवन चरित्र साथ मे दिया गया है। आपकी कविता की हस्त लिखित पुस्तकें डेढ़ सौ वर्ष पहले की कई स्थानों में विद्यमान हैं हमारी इच्छा इस को छपाकर सर्वसाधारण को लाभ पहुँचाने की हुई। अतएव महन्त सीतारामजी और जसीरामजी से प्रार्थना करके हस्तलिखित पुस्तकें सम्वत १८२३ की वो दूसरी १८२७ वो तीसरी १८३७ की, एक-त्रित करके फिर शुद्ध पाठ मिला कर प्रेस कापी करवाई गई।

पुनः पं० घनश्यामदासजी और पं० भगवतीलालजी विद्याभूषण को विनय पूर्वक निवेदन करके शोधन का भार सौंपा गया दोनों महाशयोंने बड़ परिश्रम से कठिन शब्दों-पर टिप्पण और उपनिषद गीता भागवतादि के प्रमाणों से इस पुस्तक को भूषित किया। इस में ज्ञान का विषय अति गंभीर है। उस को स्पष्ट करने के लिये अधिक टिप्पणी करने का विचारथा परन्तु ग्रन्थ के बढ़ जाने के कारण नहीं की। इस ग्रन्थ के कई छन्द कवित पद प्रत्येक गृहस्थ और विरक्तों को कई कंठस्थ करने योग्य हैं। परन्तु ग्रहादि पीड़ा निवारक इष्ट फलदायक ब्रह्म स्तुति तो अवश्य प्रतिदिन पाठ करने योग्य ही है। यह इस का विशेष चमत्कार है कि पाठकों के मनोरथ तत् काल ही सिद्ध होते हैं।

यद्यपि कई वचनों में परिवर्तन करना उचित था परन्तु सिद्धों के वचन होने के कारण ज्यों के त्यों रक्खेहैं प्रत्येक स्त्री पुरुषों को उपदेश के लिये प्रत्येक मन्दिरों में और बगीचियों में तो रखना आवश्यक है।

इस में यदि कोई भुलि रह गई हो तो कृपा कर सूचना देवें जिस से द्वितीयावृत्ति में ठीक कर लिया जायगा।

नराण दासोत निरंजनी ( खींवीजी )

सन्त महन्तानुचर

देवादास साधु

जोधपुर (मारवाड़)

॥ श्री निरंजनाय नम ॥

॥ श्री हरिपुरुषजी की वाणी ॥

# श्रीश्री १००८ श्रीस्वामीजी हरिपुरुषजी महाराजा

# का

# संक्षिप्त जीवन चरित्र

॥ दोहा ॥

पुरुषोत्तम परमात्मा, पूरण विश्वा वीस ।
आदि पुरुष अविचल तुही, तोहि निवाउ शीस ॥१॥

॥ प्रथम गुरु प्रार्थना ॥

नमो नमो हरिदासजी, करूँ प्रणाम अनंत ।
जाके कृपा कटाक्षसे, वाणी विविध भणंत ॥२॥
नमो निरजन ब्रह्मको नमो नमो सु महन्त ।
नमो बहुरि सब सन्तको, विनती करु अनन्त ॥३॥
मैं बालक अज्ञान हूं, आपसभी मति वन्त ।
उच नीच जो होय कहुं, क्षमा करहु सब सन्त ॥४॥

श्री स्वामीजी का जीवन चरित्र लिखने के लिये जिस २ सामग्री की आवश्यकता है वह इस समय सर्व

प्राप्ति नहीं होती है इससे इनका चरित्र लिखने के निमित्त परिचय और सब सन्त महन्तों के मुखारबिंदों से जैसा सुना वैसाही लिखता हूँ इनका जन्म सोलहवीं शताब्दि में हुआ था इन की जन्मभूमि परगना सीकरावा खास काफड़ोद गाँव था। जाति के हरिसिंह नाम के क्षत्रिय थे इनका गोत्र सांखला नाम से प्रसिद्ध था। जब तरुण अवस्था में ४५ वर्ष गृहस्थ अवस्था में व्यतीत कर चुके थे तब हरिसिंहजी दुर्भिक्ष पड़जाने के कारण धनोपार्जनके लिये एक दिन अपने मित्रों केसाथ वन में गये। वहाँ पर स्त्री सहित एक बनिए को आता देखा और उसको रोक कर लूटने लगे। इतने में भक्तोंकी प्रतिपाल करने वाले भगवान् गोरखरूप से प्रगट हुए और आपस में द्वन्द्व देख के महाजन से पूछा कि तुम क्यों लड़ते हो तो कहा कि यह लुटेरे मेरे को लूटमार कर के धन ले जाते हैं।

तब भगवान ने प्रथम हरिसिंह के सामने देख के पूछा। कि तुम यह जुल्म क्यों करते हो, तब हरिसिंह ने कहा कि कुटुम्ब पालन पोषण के लिये। फिर भगवान ने पूछा कि तुम यह जुल्म करते हो सो यह पाप तुम्हें ही लगेगा या तुम्हारे कुटुम्बियों को भी लगेगा ऐसे मार्मिक वचन सुन कर हरीसिंह चुपचाप खड़ा रह गया और मुखसे

कुछ भी न कह सका तब भगवान ने कहा कि तुम घर जाकर यह पूछो कि मैं जो लूट कर कर के धन लाता हूं इस पाप के भागी तुम भी हो कि नहीं ? तब घरपर जाकर पूछा तो माता पिता आदि सभी ने कहा कि हम को पाप क्यों लगेगा "जो करेगा सो भरेगा" यह वचन सुन कर हरीसिंह ने मनमें विचार किया कि इस संसार में न कोई माता है और न कोई पिता है सब स्वार्थ के साथी हैं, यह विचार कर घरसे नंगे पाव नगे सिर वापिस आकर भगवान के चरण कमलों में दण्डवत पड़गया और गिड़गिड़ा कर बोला कि हे! भगवन् इस घोर पाप से मुझे बचाओ और मेरे मस्तक पर कृपया हाथ रक्खो और ज्ञान का मार्ग बताओ यह सुन कर भगवान् ने कहा कि जो तुमने वैश्य का धन लिया है उसे वापिस लौटादो यह सुन कर उसने सब धन पीछा देकर वैश्य को विदा किया तब भगवान ने हरीसिंह के मस्तक पर अपना हस्त रख कर मंत्रोपदेश किया तब से गृहस्थाश्रम को छोड़ कर वैराग्य धारण किया। वहां से तीखली नामक पहाड़ी पर चले गये उसी समय का किसी कविका यह दोहा है प्रसिद्ध है।

तीखी तींवर डूंगरी, जहाँ जल का नहीं निवास।
हरिदास हरि मिलनको, किया शिखर पर वास॥

वहां गुफा बना कर भजन करने लगे। भजन करत करत बिना अन्न जल के कई दिन व्यतीत हो गये। यह जो भक्तों पर दया करने वाले श्री भगवान ने पूर्व की तरफ एक जो देवी का मन्दिर है उस में जाकर देवी को कहा कि तुम कोई ऐसा भक्त चेताओ कि जो हमारे भक्त हरिदास कठिन तप करता है उसके लिये भोजन का प्रबन्ध किया करें। इतना कह कर भगवान तो अन्तर्धान हो गये देवी का यह मन्दिर डीडवाने में अबतक वर्तमान है जो यहां आकर दर्शन करता है उसे कोटि गौ दान का फल प्राप्त होता है। गाडा नामक सेठ को तब देवी ने स्वप्न में आकर कहा कि तुम को श्री भगवान की आज्ञा है कि डीडवाना गांव के पश्चिम पहाड़ी पर हरिदास नामक कठिन तप करता है उसको तुम हमेशा जाकर भोजन दिया करो यह कह कर देवी तो अन्तर्ध्यान हो गई जब सेठ जगा तब मन में विचार करके छोटी गागर पानी की और भोजन का कटोरदान लेकर चला उधर देवी ने मनमें विचार किया कि महाराज को बताऊं कि तुम्हारे पास एक वैश्य भोजन लेकर आवेगा सो आप लेलना। श्री भगवान का हुक्म है यह विचार करके देवी पहाड़ी पर स्वामीजी के पास गई दोनों हाथ जोड़ कर बहुत सी प्रार्थना करने पर भी महाराज ने नेत्र नहीं खोले। उस मिवन्द्रिद

सन्त जान कर चेली होने का विचार कर के सामने चार घण्टे तक प्रार्थना करती रही तब महाराज ने नेत्र खोले तो सामने देवी को खड़ी देख कर कहा कि तुम यहां किस कारण आई हो यह सुन कर देवी हाथ जोड कर चरणों में पड़ी और बोली कि मुझ को गुरु मंत्र दो तब महाराज ने अपने हस्त कमलो को शिर पर रख कर धीरज दिया और गुरु मंत्र सुनाया और कहा कि सर्व ईश्वर कीही माया जानो यह ज्ञान दे चुके तब देवी हाथ जोड़ कर कहने लगी श्री भगवान को आप बहुत प्रिय हो सो एक बनिया भोजन लेकर आप के पास आवेगा सो आप अङ्गिकार कर लेवे यह सुन कर स्वामीजी ने कहा कि तुम ने बहुत छल किया। देवी यह सुनकर भय भीत हो महाराज के चरणों में पडगई और बहुत प्रार्थना करने पर स्वामीजी ने भोजन को अंगी-कार किया और देवी को जाने की आज्ञा दी। देवी दण्डवत् कर के वहीं पर अन्तर्धान हो गई इतने में सेठ भोजन लेकर आ पहुँचा महाराज के सामने भोजन रख कर दण्डवत् कर के बैठ गया स्वामीजी ने भगवान निरञ्जन को अर्पण कर के आप ने भोजन किया, बाकी जो प्रसादी बची सेठ को दी।

अब महाराज के कुछ लौकिक चमत्कार दशाये जाते हैं

एक समय की बात है कि यह महाजन जल की गागर भोजन का कटोरदान लिये टेकरी पर चढ़त २ बहुत ऊँचा चढ़ गया देव योग से अचानक ठोकर खाकर गिरपड़ा रोने लगा महाराज के कान में यह शब्द पड़ा तो गुफा से निकल कर बाहिर आये। और उसको रोता देख कर उसके पास आकर धीरज देकर कहा कि ? तुम रुदन क्यों करते हो गागर को उठाओ और ऊपर चलो उसने कहा कि गागर टूट गई जल गिर गया तब स्वामीजी ने कहा कि तुम इस गागर को सीधी करदो इस में जल भरा है। यह सुन कर ज्योंही गागर को सीधीकी त्योंही जल भरा देख बहुत प्रसन्न हो चरण पकड़ लिये तो स्वामीजी ने कहा कि आसन पर चलो यह सुन दोनों ऊपर गये और महाराज ने निरञ्जन देव का ध्यान लगाकर प्रसादी ली और आराम किया सेठ चरण दबाने लगा। और चरण चांपते चांपते प्रसन्न देखकर हाथ जोड़ कर बोला कि मुझे कृपा करके एक पुत्र दीजिये यह सुन कर स्वामीजी ने कहा कि तेरे एक पुत्र होगा यदि अमरनाम की इच्छा हो तो डीडवाना गांव के उत्तर की तरफ आप मील पर अपने नाम से एक देवल बनाओ इस पुत्र का नाम

तुम्हारे नाम से प्रसिद्ध होगा यहां पर दूर २ से फाल्गुण सुद १ से लेकर १२ तक योगाभ्यासी सिद्ध साधु महात्मा यहां पर आवेंगे १२ दिन तक खूब मेला रहेगा सेठ ने वैसाही किया ।

एक समय की वात है कि डीडवाना गांव में स्वामीजी पीपल वृक्ष के नीचे वैठे भजन कर रहे थे उनके पास में एक सेठ की हवेली वन रहीथी सेठ ने हुक्म दिया कि पीपली को काट डालो । क्योंकि जड़ो से मकान में हानि होगी काटने वाले पीपली के पास गये तो स्वामीजी ने पूछा कि तुम क्यों आये । उन्होने कहा कि पीपली को काट ने की आज्ञा है ।यह सुन कर स्वामीजी ने कहा कि तुम इसे काटो मत यह वढेगी नहीं, वह पीपली अवतक इतनी ही है यह पीपली सेठ की हवेली के पश्चिम की तरफ अब तक वर्तमानहै जो मनुष्य जाकर दर्शन करते हैं उन के कई जन्मो के पाप मिट जाते है ।

वहां से आगे स्वामीजी नागोर में जाकर भूता वावड़ी पर डेरा किया । उसमें लोगो को भूतों का वहुत ही भय था इस कारण कोई भी वावडी की तरफ नहीं जातेथे वहां के रहने वाले लोगों को मालूम हुआ कि वहां एक साधु उस वावडी पर रहता है उसको यह मालूम नही है कि इस म भूत है,

यह बात सारे गांव में फैल गई। बड़े वृद्ध मनुष्यों ने मन में विचार करके कहा कि इन के पास में चलो। यह कोई ऐसा परमात्मा का भक्त है। स्वामीजी के पास में गये। एवं अन्य हजारों दर्शन को आने लगे। अब वहां के जातियों को मालूम हुआ कि यह कोई सिद्ध है तो हमारी प्रतिष्ठा नहीं होने देगा। इसका प्रभाव जम जावेगा यह सब जातियों ने विचार करके एक शिला को मंत्रित कर स्वामीजी पर चलाई कि यह सिद्ध होगा तो रोक लेगा, नहीं तो मरजायगा। यह शिला सीधी स्वामीजी की तरफ गई शिला आती देख कर कहा कि हे देवी वहीं खडी रह, तुरंत शिला आकाश में खड़ी हो गई तब यतियों को मालूम हो गया कि शिला आकाश में रुक गई है तब जतियों ने मिल कर स्वामीजी के पास आकर क्षमा मांगी और उस शिला को पृथ्वी पर उतारी। वह शिला अबतक नागोर के किले में शृंगार चौकी के पास में पड़ीहै। कहते हैं कि उस समय नागोर में राजा इन्द्रसिंहजी राज्य करते थे।

स्वामीजी वहां से आगे चले। घूमते हुए अजमेर में आये, दिल्ली दरवाजे के बाहर आसन लगाकर बैठ गये। यह अजमेर में बादशाह का थाना था। सो एक दिन किसीने हस्ती को शराब पिला कर मस्त करके छोड दिया। वह हाथी

बाजार में धूम मचाता हुआ दरवाजे के बाहर निकला। उसके बाहर स्वामीजी आसन लगाये बैठे थे। वहां के लोगोने कहा कि बादशाह का हाथी बिगड़ा हुआ आरहा। है सो आप रास्ते से दूर भाग जाइये यह बात सुन कर स्वामीजीने कहा कि ! जो भगवान से विमुख होता है; उसे मारेगा, मैं तो भगवान् का ही दासहूं। इतने में हाथी आपहुँचा लोगो ने चिल्लाना शुरू किया। जब शब्द स्वामीजी ने सुना तो नेत्र खोल कर हाथी को देखा और कहा कि हे गणपति तुम वहीं पर खड़े रहो, यह सुन हाथी सूंड पसार कर चरणों में लोटने लगा तब स्वामीजी ने धीरज देकर कहा कि तुम अचल रहो यह सिद्धाई देख कर सब लोग स्वामीजी के पास आकर दंडवत् करने लगे और आपस मे कहने लगे कि यह महात्मा बड़े सिद्ध पुरुष है। वहां पर स्वामीजी के हजारों चेले बन गये और वहां पर पत्थर का हाथी बनाया गया वह अजमेर में हाथीभाटा नाम से अब तक प्रसिद्ध हैं उस हाथी की गृहस्थियो की सादी के सयय जात लगतीहैं।

वहां से स्वामीजी रमण करते हुए जयपुर राज्य में आये यहा टोडा जयपुर राज्य में आ पहुँचे और गांव के बाहर आसन लगा कर बैठ गये वहां पर एक काला सर्प बड़ा जहरीला रहता था वह कई पशु और मनुष्यों को

तकलीफ देता था और सबको मालूम था कि किसीने उस बिल के पास में एक साधु को बैठे देख कर कहा कि हे तपसी ! यहां पर बहुत बड़ा एक जहरीला काला सांप रहता है सो आप यहां पर मत ठहरो हानी करेगा इतने में उस बिल से सर्प निकला स्वामीजी ने देख कर कहा कि हे शिव का प्यारा वासुरी तुम किसी को मत काटना यह सुन के चरणों में लग कर लोटने लगा यह कह के सर्प को बिदा किया । यह बात ग्राम में मालुम हुई तो सब आ आके स्वामीजी को ग्राम में ले गये। धूम धाम से सिरबाजार से सवारी निकाली उस समय की शोभा कोई भी कभी वर्णन नहीं करसकता है। फिर वहां से कई रोज रह कर चल पड़े।

स्वामीजी घूमते घूमते कोई ग्राम के पास आ निकले वहां पर ब्राह्मण को उसी समय सर्प ने काटा था, सब ग्राम दुखी होकर बैठेथे । इतने में स्वामीजी वहां पर चले गये और सब को उदास देख कर बोले कि तुम उदास क्यों हो यह सुन सभी ने कहा कि हमारे दुर्भाग्य हैं और इस ब्राह्मण को सर्प ने काटा और यह मर रहा है । आप महात्मा हो कुछ उपाय जानते हो तो बताइये । यह प्रार्थना सुन के स्वामीजी को दया आई और ब्राह्मण के मस्तक पर हाथ रक्खा तो उसी समय जहर उतर गया और वह खड़ा हो

गया। यह प्रभाव देख कर सभी लोग स्वामीजी को दंडवत करके चरणो में पड़ गये। स्वामीजी ने धीरज देकर कुछ ज्ञान दिया। उस समय वहां पर नरनारी आकर गंध पुष्प से पूजन करने लगे। अनेक प्रकार के भोजन तैयार करके भोजन कराया। बादमें शीत प्रसादी ली। उस गांव में भी बहुत शिष्य हुए। कई रात्री रह कर फिर रमणी में निकल गये।

वहां से सेखावाटी की तरफ चले गये गांव सिधा पण मे कई दिन विराजे। एक दिन की कथा है कि उस गांव में लक्षपति हरि भक्त सेठ रहता था। काल पाकर उसका इकलौता पुत्र मर गया। इस से सब गांव शोक मग्न हुआ और सारे ग्राम में उदासी फैली तो एक मनुष्य ने कहा कि तुम गांव के बाहर एक साधु बैठा है उसके पास में इसको ले चलो। सेठ सुन के मरे हुए पुत्र को गोद में लेकर वहां पर आया सामने रख कर रोने लगा। स्वामीजी ने नेत्र खोल कर देखा। उस को कहा कि जन्म और मरना यह किसी के हाथ की बात नहीं। यह तो भगवतके आधीन है। वह सुन कर सेठ कहने लगा कि मेरे एक ही पुत्र है और वैभव मेरे पास बहुत है, सो आप से हरिभक्त मिल गये और मेरा पुत्र नहीं जीवेगा। तो मै जिन्दा रह कर क्या करूंगा। मैं भी मर जाऊंगा। यह करुणाभरी प्रार्थना सुन कर स्वामीजी

को दया आई और कहा कि तुम इसको जवाब दो। नींद बहुत आगई है। यह सुन कर सेठने पुत्र २ यह तीन अवाजें दीं तो झट पट बैठा हो गया और बोला! पुत्र को जीता देख कर सब लोग प्रसन्न हुए नगर में बाजे बजने लग और जय जय का शब्द करने लगे। तब सेठ और सेठानी ने स्वामीजी का पूजन किया और भोजन कराया और कहा कि आप यहीं पर विराजो। परन्तु बहुत कहने पर भी स्वामी जी ने कहा कि हम विरक्त हैं एक जगह पर नहीं ठहरते हैं। घूमते ही रहते हैं। यह कह कर वहां से चल पड़े।

इसी प्रकार स्वामीजी ने पापी मनुष्यों के उद्धार के लिये जब से भगवत ने मस्तक पर हाथ रखा तब से अनेक अनेक प्रकार की लीलायें कीं। स्वामीजी के परचे बहुत है। परन्तु जैसा मिला, सुना, वैसा ही लिखा है। स्वामीजी कहते हैं कि हमारे तो ज्ञानदाता पूर्ण परमात्मा ही हैं जैसे गीता में लिखा है। "तस्य अभरधानस्य योगक्षेम वहाम्यम्"

वहां से स्वामीजी बीकानेर की तरफ रास्ते में आते हुए एक पैर रहित ब्राह्मण को देख कर कहा कि तुम यहां पर किस लिये बैठे हो। तुम कौन हो। यह वचन सुन करके कहा कि मैं ब्राह्मण हूँ पैरों से लाचार हूं स्वामीजी ने कहा तुम जंगल में किस प्रकार आये तो वह रोकर कहने लगा कि हमारे

जो बडा आता है। उसने मुझे जंगल में छोड दिया क्योंकि उनको मुझे हमेसा बैठे ही को भोजन देना पडता था। यह कह कर जलजला हो के स्वामीजी के पैरों में पड गया वहुत प्रार्थना करने लगा। तब स्वामीजी ने कहा कि तुम उठ खडे हो जाओ और घर चले जाओ, भगवत की कृपा से तेरे नवीन पेर वन गये है। यह सुन कर ब्राह्मण वेधड़क खड़ा होगया और स्वामीजी के चरणों में पड गया स्वामीजी ने कुछ उपदेश दिया वह स्वामीजी के शिष्यों में गिना गया है।

वहां से स्वामीजी डीडवाणे की तरफ चले चलते २ कुचामण के पास खोजीजी की पालड़ी में आये खोजीजी भी हरि भक्त थे उन्हों ने मन में विचार किया कि हरि-दासजी कैसे हरि भक्त है।

परीक्षा के लिये एकान्त मे एक कोटड़ी में लूण विछा कर वन्द कर दिया। जब कई रोज होगए, तब बड़े शिष्यो नें मनमें विचार किया कि स्वामीजी को वहुत दिन हो गए हैं सो किधर रमणी में चले गए है यह विचार कर ध्यान देकर स्वामीजी को देखने लगे तो किधर भी नहीं दीखे तब नेत्र खोल कर विचार कर फिर इस प्रकार सब दिशाओं में देखा परन्तु स्वामीजी के कहीं भी दर्शन नहीं हुए, तब वन्द मकानों में ध्यान लगा कर देखा तो एक, कोठड़ी में वैठे

नज़र आए और नेत्र खोल कर सब गुरु भाइयों को कहा कि स्वामीजी एक कोठड़ी में बैठे हैं सब मिल के जाए और प्रार्थना करके लेआए।

जब से फिर स्वामीजी डीडवाणे से बाहिर नहीं गए वहीं पर विराजे रहे क्योंकि शरीर जीर्ण हो गया था जब वैकुंठ जान की इच्छा हुई तब सब सन्तों को और गाढ सेठ को बुलाकर कहाकि तुम सावधान रहना मेरी इच्छा है कि शरीर त्याग दूं, गाढ सेठ ने चरणारविन्दों में दण्डवत की, और कहा कि मेरे लायक सेवा फरमाओ यह सुन के स्वामीजी ने कहा कि गाढके पास में एक कूवा । तुम्हारे पुत्र के नाम से बनादो। उसमें सब तीर्थों का जल आयेगा, वह कुवा रामसरनाम से पश्चिम की तरफ अबतक वर्तमान है स्वामीजी के मुखारविन्द से वैकुंठ जाने का वचन सुन के सब मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़े। जैसे कि पत्तरहित पक्षी, स्वामीजी सब को धीरज देकर वैकुंठ लोक सिधारे। स्वामीजी ने सं० १७००के फागुणसु०छठ को शरीर त्यागा। वमीसे मेला होने लगा है।

इन्दरी रव लगाई के दसहु दिशा वस कीन ।
भोम सोम को ध्यान धर हरिदास हरि लीन ॥

॥ इत्यलम् ॥

# हमारे श्री स्वामीजी के गद्दी धरोंकी नामावली

१. श्री स्वामीजी १००८ श्री हरिपुरुषजी महाराज

२. श्री स्वा० जी नारायणदासजी

( जोधपुर में स० १७०० में आए और अमृत डुंगरी पर विराजे जिसका नाम अभी पच मन्दिर है )

३ ,, ,, ,, हरीरामजी

४ ,, ,, ,, रूपदासजी

५ ,, ,, ,, सीतलदासजी

६ ,, ,, ,, लच्मण दासजी

७ ,, ,, ,, गंगा दासजी

( जुना मन्दिर म विराजे समुतरों का चोक )

८ ,, ,, ,, नरसिहदासजी

( कुंज विहारीजी के मन्दिर में १८ ४५ में महन्त हुवे )

९ ,, ,, ,, मनछारामजी

१० ,, ,, महन्त बलराम दासजी

११ ,, ,, ,, किसनदासजी

१२ ,, ,, ,, आशा रामजी

१३ ,, ,, ,, पीताम्बर दासजी

## ❀ श्री वाणी की विषयानुक्रमणिका ❀

# शुद्धि पत्र

| पेज | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| २१६ | सुगीरण | सुमरण |
| ३५१ | मुरातन को अंग | सुरातन को अंग |
| ३६६ | करता को अंग | काल को अंग |
| ४०० | काजीनी को अंग | सजीवणी को अंग |
| ४०० | मातमा | महात्मा |

# समर्पण।

परम भागवत निरजर्मी महात्मा स्वामीजी

श्री श्री १००८ श्री

हरिपुरुषजी महाराज की

# वाणी

श्री सन्त महन्तों की सेवा में

पठनार्थ

सादर और सप्रेम

समर्पित

॥ श्री हरिर्जयति ॥

रामसन्त्र मुक्तिसार ।

# ॥ अथ श्री हरिपुरुष "दयालु" वचनावली ॥१॥

## ॥ ब्रह्मस्तुति ॥ १ ॥

ज्ञान न ध्यान न अबीह[1] अजाप, अरत अतत[2] माथ न बाप ॥
जगदीश अरीश[3] निकम्प निघात, हतोज हतोज विशंभर तात ॥
अमुरीद[4] अपीर[5] अहेत अहाथ, अदुःख असुख निरञ्जन नाथ ॥
अमेव[6] अटेव असेव अदेव, अथात अघात असिभ[7] अभेव ॥
निरलेप निसाज[7] निचोभ निमोभ, निकाम[7] निजाम निरास न लोभ ॥
नृमूल[8] नृस्थूल नृसिंध नृधंध[9], अजीत अतीत अबन्ध अकन्ध ॥
निछोह[10] निदोह नृमोह निसास[11], निरंक निसंक नृडंक नृत्रास ॥
निरंक निटंक[12] निबंट नितास[13], अनन्त सनन्त अब्रह्म प्रकाश ॥
अमान अथान अरुति[14] अवार, अचित अनंत अथित्त[15] अघाट ॥
निदोष निपोष अरेह[16] अथाट, गोपालगवालअमितअपाट[17] ॥

---

१ निर्भय २ अतत्व, पच तत्व रहित ३ अतुल ४ न चेला । ५ न गुरु ६ अप्रमाण ७ जन्मरहित ७ उत्पत्ति रहित ७ जिसको किसीने नहीं रोपा ८यहां चारों पदों में नृ शब्द निर अर्थवाचक है, जैसे निरसिंध=अवयवरहित ९ निधंध=निर्व्यापार १० राग रहित ११ द्वेष रहित १२ अतोल १३ त्रास रहित १४ ऋतु रहित १५ अस्थिर १६ रेखा रहित १७ विस्तार रहित

दयाल अकाल अग्राह्य विराट, अमाल अपाल अताल निराट॥
आलूम मालूम लतीफ गुंभार, हकीम फहीम सतार सवार॥
बेचगुनि बेचूनि करीम करीम, बेमादि बेदादि खुदाय रहीम॥
बेसबैद बे निमेह बेनिमेह बेताब, बेनिमूनि बिहिंनिसाना नखराब॥
रब हूह अरूप अगम्म अलाब, नापैद न खेद खुदी न अबाब॥
दभूरिन हूरिन बैरिन मार, खालिकमालिक[1] अथाह[2] अपार[3]॥
हाजरि नाजरि सहेस दयाति, मौजूद मौहूद न जीव न जाति॥
हिरूस बिरूम न बेर गुमान, सिरज्जनहार विरद्द न ज्ञान॥
आलूम मालूम सबैद सुभतान, खालिक मालिक अजब निशान॥
जाहिर माहिर सदैव असीर, अद्वैव अल्लाह मुरीद न पीर॥
अपरविगार निगर्वे गनीम दानाय साहिब फनान फनीब॥
राब कर साब हरियन सूर, सब आन अमान अखैविलनूर॥
रखान सवात न शोप न त्रास, दठ हारि सीति अभ्यास न नाश॥
बेर खान बेरान हैरानमुकाम, कव्वामन दामन सीतन थाम॥
उद्दार अपार अजार अरूप अखार अक्षार असार अभूप॥
अभूप अवेद अपर्व अखर्व, अखीर अतीर अच्छेद अमर्व॥
अरेख अपेख अयेख निसोग, अलेख अरीम अखोज निमोग॥

---

1 विस्तार २ अनादि ३ अनन्त ।

अबीज अनाथ अबाध निरोग, अलख अभख अजखअलोक ॥
अदखअचखअबखअबोट, अभूल अभाल अडोल अचोट ॥
अतोल अमोल अबोल निखोट, अझोल अभेद अछेह अलोट ॥
अभंग अरंग असाथ असंग, अजेर अजेर अफेर अजंग ॥
अखूर अक्रूर[1] अमिल्ल अमोड़, हरिनंग सनंट अनन्त अथोड़ ॥
असोच अपोच अलोच गभीर, अवद्ध[2] न सिद्ध धराधरत्त पीर[3] ॥
असोष अदोष अलोप अगाध, तोहि वारन[4] पार अचोरन साध ॥
अछीन अदीन अभूख अपान, विश्वंभरनाथ अनाथ अदान ॥
अहर्र अपर्र अचर्र निधाह[5], अमर्र अघर्र अजर्र अथाह ॥
अचंड अपंड[5] पुरुख न नारि, अभर्र अभर्र अधार विचारि ॥
अपैर अनैर निवैर निखण्ड, नितोज नितोज[6] रच्यो ब्रह्मण्ड ॥
अवंग[7] सवूह[8] वयंमविथार[9], जहाँ मतहाँ मुकता दरबार ॥
यला[10] नहि अंब नतेज न वाय, आकाश न वास जुरा[11] नहि ताय ॥
अविहड़[12] अजड़अपडअगढ[13], अघड़ अनड़[14] अभड़[15] अफढ ॥

---

१ कौर्य रहित २ अवधि रहित ३ भूमिधारक ४ यहा नकार उभयान्वयी ५दाढ़रहित ५नपुमकना रहित ६ नितोज=नित्य, वीप्सामें द्विरुक्ति है, ७ सर्वांग ८ सव्यूह ६ व्योम=अकाश के जैसे विस्तार वाला १० इला=पृथिवी ११ जरा=बुढापा १२ अभिन्न १३ अविनश्वर १४ आकाशचारी १५ रुष्टरहित

बिनाश अवागमअपनागमनेह, अगाधित निहार उछाह अछेह ॥
अकाय नराय अठग बिचारि, गहर गंभीर समाधि मुरारि ॥
अदेह[1] असाज अपेह अबिंद[2], असक अहक अचल अभिद[3] ॥
गरीबनवाज समंद न गाज[4], मछ कछ न नीर न कीर न साज ॥
अपानक घूत औघूत न पूत, उदास न वास पिता नहि पूत ॥
अठमौनिनिसोनिनस्वामनसेव, न मोह न दोह न क्रोध न हेव ॥
अखिग[5] असंग[6] निर्भंग[7] निसोर[8], रहत कवैत अनम न ओर ॥
अदत अमत अवत अजत, अगिर अठिर असर अहत ॥
निराकार अपार अरूप नरूप रसराय न रैनि दुःख न सुख ॥
रहपेद कवच न रोज न राग, सुखसेजन दुःखन अनादि अथाग ॥
निगम्मअगम्मत्रिबिधिन वास, तत आनन्द सूक्ष्म अमत प्रकास ॥
सुखमादि अनादि बियोग न योग अपोट न चोट अखिग अयोग ॥
यकस्वस पुरुषहरि ऊँच न नीच, तन ताप न तेज विषम न बीच ॥
सुँ पाक अछाक अछीप अभेव, निरंजननाथ यहि वोहि टेव ॥
निरखिष तृषार अरापन आन, परम पुरुष पयोधर पान ॥
अलेख अरूप अघर बिहाम, ताहि काम न क्रोध न क्षोभनसाज ॥

---

१ शरीर रहित २ बिन्दुरहित ३ चिन्ह मात्रम की रहित ४ पर्वत
५ [illegible] ६ [illegible] ७ [illegible] रहित ८ शब्द रहित

तत आस उदास अहेत नहेत, झख जोनि न जीव रगत न रेत ॥
अधर अकर सुखासुख राशी, समाधि अगाध यही अरदासि ॥
अहल अचल अपल अवेद, अपार विचार अभार अकेद ॥
*जन हरिदास अर चिन्त अनन्त, गिणती ज्ञान न कोय ॥
साध जाणि सुमरण[१] करे, मन आलम्बन होय ॥
साची माला सुरति की, ले मुनि समांनां चित्त ॥
धुनि[१] मांहि धन पाईया, राम सरीखा वित्त ॥
जन "हरिदास" अवगति अगम, रहे सकलतें दूरि ॥
सत गुरु मिले तो पाइ ये, हरि जहां तहां भरपूरि ॥

॥ इति ब्रह्मस्तुति ॥

## ॥ अथ मूलमन्त्र योगग्रन्थ ॥२॥

सुर नर मुनि दिगपाल, दिनरोमसिद्धि[१] थिर नांहि ।
एक सकृति कि पलकमें[२], कितनां आवे जांहि ॥१॥
अलख पलख[३] लागे नही, हरि सकलभवनपतिराय[४] ।
"अणहूवासो[५] रहेगा, जोहू वासो[६] जाय ॥२॥

---

१ नामस्मरण की टेक प्रणमें

१ सूर्य २ भ्रू विक्षेपमें ३ जगत रचनामें ४ इन्द्रादिकों का भी स्वामी ५ शुद्ध सनातन ६ माया का कार्य

*(नोट) किसी पुस्तक में "जन हरिदास अगणित अगम" पाठ है तब अर्थ—अगणित की गिनती अगम का ज्ञान नहीं होसकता ।

पार[1] अपार प्रीति परम निज भेद विचारे ।
ज्ञान खड़्ग ले हाथि, मोन मनरथ अरिमारे ॥३॥
साखि निसाखि निरपेक्षरस, हरि सुरनर सबकाईस ।
नाथ निरंजन पर दुःख हरण, जहाँ तहाँ जगदीस ॥४॥
उपजि[2] न बिनसे एकरसि, हाजरि रहा हजूरि ।
पूरण ब्रह्म प्रकासज्यूं[3], जहां तहां भरपूरि ॥५॥
लाकड़ी[4] काटी कटतहै, अग्नि न काटी जाय ।
दारु अगनि ज्यूं परमगुरु, जहां तहां समिआय ॥६॥
फूलवास तिसमें पूरी, जिसका खेल फुलेल ।
हरिजन हरि ऐसे मिले, परस परस बहुमेल ॥७॥

छप्पय

वार पार अपि नाहि, राममधि भेद बताया ।
तहां जहां गोपाल, गाय[5] ज्यूं आगे गाया ॥८॥
नारायण निर्वाण, ताहि कोई विरला ध्यावे ।
भाम[6] लागा आप, आपकूं आप मिलावे ॥९॥

---

१ पार पाये है । २ उत्पत्ति विनाशसे रहित ३ पर प्रकाश है ४ दूसरा दृष्टान्त दर्शाया है कि जैसे काठके कटे जाने पर भी व्यापकाग्नि का विनाश नहीं ऐसे ही शरीरादिकों के विनाश होने पर भी चेतन का नाश नहीं है ५ गा ६ उपदेश है कि भजन कर । सुरतयोरी ।

[१] हारिजीति [२]हठ [३]सुपठ, निकटि निज वस्त न दरसे ।
झूठ जहां जाये दुरे, फिरे[४] तो पारस परसे ॥
निरसंस निरदंद [५], जोर नहि जेग न जरणा ।
[६]नाद बिंद नहि जीव, जनम नहि अवधि न मरणा ॥
निराकारनहिअचलचल, हरि अभराभरण अनन्त ।
परम ज्ञन पर ध्यानदे, हरिसु यहि लगावें संत ॥
तरवर अनम अरूति, वीज अंकुर नही आया ।
पंचतत नहि पोप, फूल फल डार न छाया ॥
निरालम्ब निरलेप, निडर निरभे निहकांमी ।
निरामूल निष्कर्म, सुतौ हरि अन्तरजामी ॥
ब्रह्म विचार अपार, अजित अरि लगे न नरहरि ।
अखिलअथिरसुचिसुथिर, गथा भजतां भै थरहरि ॥
प्रकट परमगति परममति, परमनाथ परपेप ।

---

१ शास्त्रार्थ वादों से २ हठयोग ३ शब्द पाठसे
४ इत्यादि वाह्यषाचारभण ५दो सारियों मे षट्भाव विकार से रहित ।
६ भ० गीता २ ध्या–२० श्लो०

परम सनेही परमसुख, अकह अगह निरदोष ॥
अखिरअपर अहद सुखिर, अखर अमर निज नाथ ।
अधर सुधर मीठा मधुर, चितहित मनकरि हाथ ॥
अछल अमल अनहित अटल, अकल सकल अलिलोंन ।
ए सबकरि सबते अगम, बहुरि अकरता नाँव ॥
अधर गहरनिसंभरअकर, (तन धन) सुत बनिता नहि प्रीति ।
'अमिय कलस' एक अनेकगत, रता तहारस रीति ॥
अखिप अछिप जहांतहांछिपा, छाया पडै न छोइ ।
सकल भवन पति सति सदा, निरामोह निरदोह ॥
अडर अमित अवगति अक्षत, अनत सनंत मुरारि ।
चिदानन्द अर चित भरथ, चितमांही चितधारि ॥
रसरोग भोग भोगी नहीं, निरादेह निर्वास ।
बरण बिवरजित कहि अकहि, उदर उधर नहि सास ॥
अघट सनत नहि करसपट, मरमन कोई भेख ।
घटघरि घट्या न बघ घटे, हरि अपरंपार अलेख ॥
प्राणनाथ अकरण करण भगवन्त परमीधर ।
नाम राम गोबिंद, अमों सपष पख परहरि ॥
अलख निरंजन अवगतिराम, निराकार निरमे बिसराम ।

हरिदास जन यूं कहै, रं रं कार मूल निज नाम ॥
मूलमन्त्र सतगुरु दिया, दुःख सुख दोय दूर सराप[1] ।
आठ पहरकी ऊमनी, अंतरि अजपा जाप ॥
ज्ञान ध्यान यहु दान, नांव उनमान ज्यूं लीजे ।
गरब छाडि गोविंद भजो, भजि अमृत पीजे ॥
नावधरूं तो मै डरूं, चहोडि भजन तहों नांव ।
जन हरिदास की वीनती, आप राम चलि जांव ॥
बेकीमती कीमति कहा, भज परपंच पख तजि दोय ।
जन हरिदास हरि सुमरतां, कांटा लगे न कोय ॥

॥ इति मूलमन्त्र जोग ग्रन्थ ॥२॥

## ॥ अथ नाममाला जोग ग्रन्थ ॥३॥

भजि करुणानिधि करतार, करम भै भरमनिवारण ।
समृथ सिरजन हार, बिवधि जम का फंदजारण ॥
केसो रमता राम, हाथ जन के सिर धारण ।
नारायण गोपाल, सन्तराखण रिपुमारण ॥
परम सनेही नाथ, त्रिविध गुण गहर गुदारण ।

---

1 [illegible]

अविनाशी हरि अस्मिलुकरण, निरविस दुःख दारण ॥
इन का करो प्रहार, रघुनाथ निज भांत उधारण ।
गैवेम[1] करि गोविंद, चिंता भरि विरल उपारण ॥
अपरपार अपार, पार भौसिंध[2] उतारण ।
तुम नरहरी निर्वंस, पंग (तोहि) साधो सुख[3]कारण ॥
निरसंसे सु प्रीति, ताहि संसे क्यों प्रास ।
जहाँ अमपा तहाँ बैसि धारा अमामै अभ्यासे ॥
नट निरमै निरभेप, अरीझ हरी रीझै नाहीं ।
निरमल निकट हमरि, अगदि अभि अन्तर माहि ॥
परम रीति पर प्रीति, परमनिधि भांवण स्वामी ।
गुराकाल मे हरण, करण निरम निज नामी ॥
परम पुरुष परकास, जह कोई गुरू गम पूरा ।
स्वयं ब्रह्म पर अपर, सकल विश्व व्यापी पूरा ॥
परम सेम पर ज्योति, परम दुःख भंजन सोई ।
परम सुमि पर देव[4], जागि सुमर नहीं लाई ॥
परम ज्ञान पर ध्यान, (हरि) परम सुख साथ बताय ।
परम जोग पर भोग, (हरि) परम गति ले पहुँचावे ॥

---

१ हाथी के समान २ भव अपार समुद्र ३ गीता प्या ४ छो ८
४ यह संबोधन है ।

निरालंब निरलेप, अचल चरणां चित धारं ।
हरि निरगुण निरछेह, वार नहि लाभै पारं ॥
अकल अभेद अछेह, निरूप निरभै घर पाया ।
निराकार निर्वाण, प्राण मन तहाँ समाया ॥
अवगति अगम अलेख, ताहि कोई विरला परसै ।
अयोनि अस्थिर अचित्य, अभि अन्तरि दरसै ॥
अद्रिष्टि अचिर अरूप, अथाह निरमोहसन्यारम् ।
निरामूल निरधार, निकुल निरपख निजमारम् ॥
परमतत पर भेद, सकल जुग मंडण जोगी ।
पारब्रह्म हरि अखिल, रस रोग रसना नहीं भोगी ॥
अघर अजर समिभाय, जीव सब जलि थलि पोखे ।
अकहि निरंजन देव, साधु सुमरै मनि चोखे ॥
अहथ अबीज अनेक, निरास निरभै सुख सारं ।
अकरमअरत अलोक, विरखारस अमृत धारं ॥
एक मेक भरपूर, दूरी तोहि कहूं कनेरा ।
निज तरवर निरसिंध, प्राण तहां पंखी मेरा ॥
अखंड खंड ब्रह्मंड, सकल में साच लुकाया ।
जन हरिदास हरि अघट, अरथ गुरगमते पाया ॥
जहां हरि राखे तहां मैं रहूं, हरि पठवे तहां जाव ।

जन हरिदास की विनती, मैं (हरि) नहीं छाडो हरि नांव ॥

॥ इति नाममाला ॥३॥

## ॥ अथ नाम निरूपण जोग ग्रंथ ॥४॥

नांव निरूपम परम सुख, नांवे विरला कोय ।
जन हरिदास ताकूं भजे, तब ही आनन्द होय ॥
पारावरें पूरण ब्रह्म परिब्रह्म हो मनलाय ।
गरब छांडि गोविंद भजो, जन्म अमोलिक जाय ॥
सत्गुरू मिले तो पाइये हरि परम सनेही तात ।
बहोडि बहोडि लाभे नहीं, यह औसर गइ बात ॥
मै छाडो निरभै भजो गुणां रहित गोपाल ।
अगम ठौर आणन्द सदा, जुरा जनम नहिं काल ॥
जोगारंभका* मूल है, हरि भगवती अपरंपार ।
सुखसागर समरथ धणी, सब का सिरजन हार ॥
निरभै पद नर कर चढ्या, मिनख जनम फल येह ।

---

* नाम स्मरण ही—आगे सारी साधक अवमें १६ कामें नाम स्मरण ही योग मूल बताया है जैन जन हरिदास मो जय मड़ पड़े अधीरित राम राम दोन मि हेलडी जाप मूप ए धाम ॥

निराकार निसदिन भजो, हरि अगणित अनन्त अछेह ॥
मिनख जन्म खरचै[1] रखै, हरि विन दूजी ठौर ।
सास उसासो नांव लै, नर दौरिसके तो दौर ॥
जागि जीव सोवे कहां, प्रथम[2] मोह तजि मांन ।
साध[3]मुलक तहां वासकरि, जम न ले सके डाण ॥
भगती करो भगवन्त की, मन दीनां सिधि होय ।
मन विन दीना मन लहूं, खाय न धाया कोय ॥
पाप पुनि दोनु विरख, तहां करे मन थान ।
मन ए दोन्यु तरवर तजे, तब पावे भगवान ॥
भरम छाडि निरभै मते, निरभै वस्त विचारि ।
गुरू आखर कर बांणधरि, मोह महारिपु मारि ॥
करि धारण कैसो भजो, समझन कीजे सोच ।
यहु औसर चलि जायगा, बहोरि न लाभै पोच ॥
राम भजो विषिया तजो, घर माही घर एक ।
ता घरसूं लागा रहो, छाडो द्वार अनेक ॥
हरि सुमरण हिरदे धरो, विथा न पहुंचे वीर ।

---

१ कदाचितभी २ अनादि अज्ञान ३ यह मुल्क वाणी की समाप्ती में स्तुति की साखीमें भ गी – नतद्भा सयते सूर्यो न शशाको न पावक यद् गत्वा न निवर्तते तद्धाम परम ममेति ।

कायर दखि[1] काने चल्या, लग्या न सुख की सीर ॥
परम पुरुष मैरिपु[2] भजो, सता न[3] व्यापे सोग[4] ।
अवधि घटे प्रासे जुरा, हरि भजतां होय सोय ॥
नांव विसंभर नाथजी, लख चौरासी प्रतिपाल ।
सब काहू की करत है, तातें रामदयाल ॥
मन सम्मन तोसुं कहू, मानू साचइ दीस ।
काल जाल लागे नहीं, सुमरतां जगदीस ॥
ऊच[5] नीच निरभै भये कोई भजो मुरारि ।
भवसागर तिरबो कठिन, हरि नांव उतारे पारि ॥
सूधर तें साखी रची, साखी मांहि कलाम ।
खट दरसण खोजत फिरे, पखा पखा विसराम ॥
काल हरण करता पुरिस, सुमरतो गुण एह ।
चित मांहि चित ले रहो, ज्युं बहोरि न धरिये देह ॥
मन भाखा भजतां भलो, सुरामनम नही सोहि ।
मैं नहि छाडों रामकू, राम न छाडे मोही ॥
बात हाथ रघुनाथ क, सदा साध के साथ ।
पैले अंगि छाडे नहीं, जाकू पकड़ हाथ ॥

1 देख और लख भव भंजन 3 माना या जम की बात व बात 4 संयोग है
६ मी ९—२२

नारायण का नांव की, मैं बलिहारी जांव ।
भृंगा[1] कीट पतंग ज्यूं, दुरे[2]दूसरो नांव ॥

परमानन्द के आसिरे, जाय पड़ जब जीव ।
हरि महरि निजरि देखे, जवे तब जोवसं[3] सीव ॥

सकल वियापी सगिवसे, हरि समथ सिरजण हार ।
साहिब हीतें पाइए, साहब का दीदार ॥

अविनासी आसण अमर, अजरामर नग एक ।
राम दयाते पाइये, हरि सुमरण भाव विवेक ॥

इलम पढे पढी आरबी, च्यारि पढै मुख्य वेद ।
सद गति सुख सबतें अगम, सब कोई करे उमेद ॥

अखिल तुह्मारी बंदगी, बहोत करे बहो भाय ।
अल्ला कृष्ण अरिहन्त कहे, कोई कहे खुदाय ॥

सब कोई चाहे तुजकू, तूँ तो सब ही मांही ।
तुम ही ते तुम पाइये, बन्दे ते कुछ नाहीं ॥

पार ब्रह्म परम दुःख हरण, प्राण तहॉ मन लाय ।
भेद सहत भै रिपु भजो, हरि गाइ जै त्युंगाय ॥

---

१ भौंरा लट २ गीता -९।३०।३१ ३ ईश्वर

महरि कहो मीरां कहो काई कहो अनन्त ।
निराकार निर्गुण कहो, तथा कहो भगवन्त ॥
निरामूल निरपख कहो, कहो निरञ्जर नाँव ।
निरमोहि निरदंद कहो, पा[1]अरपित की पखी आंव ॥
अलख अगम अगगति कहो, कहो निरंजन राम ।
अरत कहो अखिपत[2] कहो, अंत अणी सूं काम ॥
धरती धारण अमर पर, नांम दया धो ध्यान ।
आतम अतरि राखिये, अखी तुमारो ध्यान ॥
अपणी अपणी प्रकृति ले, सबको पढवे पांथ ।
पार न आवै परतां, यह रजा रहमाय ॥
हरि प्रीति दुःख सुख रहत, निगम अगम रस एक ।
हरि ज्यूं का त्यूं देखिये येही बड़ा विवेक ॥

---

१ पूजने योग्य २ निर्लेप

नोट:—स्वामीजीने सच्चे सेवक भाव और नाम रटते हुए संसारी से बदल कर आनन्द रूप हो जाना माना है नाम की उपासना और सब मार्गों से ईश्वर की उपासना का एकी भाव माना है यह इस अंग से ही सिद्ध होता है ।

कहा अतोल का तोलिये, अलख अभेद अछेह ।
ग्यांन ध्यांन मति गति अगम, अजपा राम अछेह ॥
निराकार निरभै निडर, निरामूल निजनाथ ।
भुजा अनन्त[1] लोचन अनन्त, परं न पहुँचे हाथ ॥
जहा तहां हरि देखिये, वार पार मधि नांही ।
सकल वियापी संगि वसे, ताहि छांडि मति जाहि ॥
मोह द्रोह मेंते मनी[2], काम क्रोध भ्रम दूरी ।
मनि उनमनि लागारहे, तहां वसत भर पूरी ॥
चितचंचल निहचल भया, मनके पड़े न राय[3] ।
हरि निर्गुण निरभै मते, जहां तहां समिभाय ॥
हरि चिन्तामणि सवमेंवसे, जांणे विरला कोय ।
रामदया, तब जाणिये, साध कहे यूं होय ॥
गंग जमनि मधि मुकतिफल, सतगुरु दिया वताय ।
मन लोभी लालच पड़्या, तो सुख में रया समाय ॥
अनन्त साध आगें भया, परसि परसि भौपार ।
जन हरिदास सिरके सटे, जहां तहां दीदार ॥

॥ इति नाम निरूपण जोग ग्रन्थ ॥ ४ ॥

---

१ पुरुषसूक्त मन्त्र सहस्रशीर्षा इति २ मन ३ दरार

## ॥ अथ निरञ्जन लीला जोग ग्रन्थ ॥५॥

गाय[1] गाय गावै कहा, गायत्र माँहि अनेक[2] ।
एक गाय हरि दिसि गया, एका परस्या एक ॥

गुर[1] हमसूं ऐसी करी, जैसी गुरसूं होय ।
अगम ठौर आनन्द सदा, पला न पकड़ै कोय ॥

गुरु निरभै चेला निडर, गुरु निराकार सब माँहि ।
चेला तनधरि तहाँ मिल्या, सो तन धरि नावै नाँहि ॥

प्रकट परम गुरु पार ब्रह्म, परमसनेही सोय ।
आप दिखावै आप कूं, करमकिवाड़ी खोय ॥

राखण हारा राखि दे, आप आपसूं हाथि ।
भी फिरि मनवाळें नहीं[4], ऊठी और के साथि ॥

साखिनिवाखिनिरभैकरण, मरम दिया भेदूर ।
परम पुरुष परदुःख हरण, हरि जहाँ तहाँ भरपूर ॥

अरस परस आणंद सदा, यक्ष्या आन सब गोन ।
हरि समर्थ सुख निजरि[5] भरि, कीमति करै सु कौन ॥

---

१ वेदाध्ययन २ विचार ३ क मुण्डकोपनिषद् में १२।४ व १५ यहाँ प्राप्ति निवृत्ति के अधिकारी हैं ४ विघ्न ५ दृष्टि ।

निरगुणका गुण का कहूं, कथिये कहा अकथ ।
अकल तुम्हारे आसिरे, सकलभवन समथ ॥
गंग[1]जमनि मधि एकरस, सुखमें सुरति निवास ।
जोगारंभि लागा रहे, तिरवेणी[2] तटिवास ॥
परापरे परसिध पुरुष, मायारहित अभंग ।
सेवक की सेवा करे, साध तहां परसंग ॥
नांना विधि सुणि सुणि असुणि, बहुबिधि करो विचार ।
जन हरिदास लहि लहि अलहि, हरि अवगति अपरंपार ॥

॥ छंद बेखरी ( द्वयच्चरी ) ॥

त्रिविध ताप सासो न सूल, परमभेद आनन्दमूल ।
उदे अस्त आवे न जाय, सकल विधापि सहजभाय ॥
मोह दोह आसा न पास, वरण विवरजित सु प्रकास ।
काम क्रोध तृष्णा न ताप, ज्ञान ध्यान जोगी न जाप ॥
तात मात सासों न संक, साह वेद रोगी न रंक ।
घट घटा रसना न रीति, ऊंच नीच परसै न प्रीति ॥
निरालंब निरलेप राया, रसण डसण रूप नहीं ताया ।
धरणी गगन समंद न हीर, जल ज्वाला मछी न कीर ॥

१ इडा पिंगलाबीच सुषुम्णा २ प्रयाग

पुरुष नारी भवण न सास, स्वान पान छुदी न भास ।
गुण गीत नाद न्यारा न नेह, हरि पुरुष बाल छोटा न छेह ॥
तेजपुंज निहचल निवास, बाहिर भितरि ज्यूं आकास ।
जन हरिदास मनि सहजिभाय, सकल बियापी रामराय ॥

॥ स्तुति हदय छंद ॥

यतो हरि दूजा न दोसी न भावे, न माया ।
हितहीन चितहीन सुखा न भाया ॥ १ ॥

ज्ञानेन ध्यानेन वरखे न मैखं, अकथेन कायेन रूपे न रेखं ।
सिषहीन साधन सेवा न पूजा, गुरुहीन चेला न एके न दूजा॥
पटहीन पटहीन नटहीन बाजी, नेड़ा न न्यारा न रूपे न राजी।
नादेन बिन्देन सिंधेन गाई, छलहीन बलहीन मारे न खाई ॥
धरती न गिगने न चन्दे न सूरा, सिखराग सिषेन बोछान पूरा।
उपजे न बिनसे न छपे न थावे करुणान क्रोधे न काया न काबी॥
धरहीन वनिता न वस्ती न सूर्य रसिया न रोगी न पापे न पुण्य ।
जपहीन तपहीन कुलहीन लाजे मतिहीन गुणबैन छतिहीन गाजे ॥
मरिहीन मारे न जीवेन औरा, रंगहीन धनहीन काली न गोरा॥
आवे न जावे हीनें वार न पार, वीजे न मक्खेन मीठा न खारं।
बधहीन मुकता न कल्प न हैरं, निर्में न भैहीन सिसरी न जहरं॥

जरणा न जोगी नश्रंछा नवांछी, नरहीन नारी न हीरा न काचे ।
गुण हीन गाथा न मरमै न भेदं, तनहीन त्रासे न कंधहीन छेदं ॥
वपहीन बिनसै न गर्भ न मूलं, मंत्रै न वैरी न संसै न सूलं ।
रिणहीन राजा न सेना न साथी, मुलके न पाया न असही न साथी॥
रांचै न विरचै न रीझै न रोवे, मनहीन मौती न मैला न धोवे ।
रहता न वहता नफूटा न सार, सुखहीन दुख हीन चिन्ता न चारं॥
थितहीन थांने न आसा न पासं, बेठा न चलिहै न देवै नदासं।
सूद्रे न क्षत्रि न विप्रे न वैसे, गिरहीन तरहीन सुरहीन देसै ॥
जरणांन खीजै नकणही नछोही, इंद्री न घातै न मांसे न लोही।
चार पार मति गति अगम, परे न पहुँचे हाथ ।
जन हरीदास सो कोण है, भरे आभ सुं वाथ ॥
मसि कागज पहुँचे नहीं, अगम ठौड है लोय।
जन हरिदास ऐसी कथा, जाणे विरला कोय ॥
जन हरिदास अवगति अगम, जहां आन्ति नहि छोत ।
हम वात तहांकी लिखत है, कर लेखणि बिन दोत[1] ॥

॥ इति निरञ्जन लीला जोगग्रंथ ॥ ५ ॥

---

१ दवात ।

## ॥ अथ साधु प्राप्त जोग ॥ ६ ॥

### ॥ छन्द मोतीदाम ॥

पाँच झटकि उलटा चले, डोरे लागा जाय ।
एक दिहाड़े साधपे, सहजे रहे समाय ॥
आपा का ईश्वर करे, काम क्रोध पुनि छार ।
एक दिहाड़ साधमें, सहजि मिले भरतार ॥
आपेन पठयं, आपेन करणा, निरति लै धारिबा सुरतमूं बोलिबा ।
भ्रमकूं भासिबा, मिथ्या न बोलबा तीनि गुण व्यापवा रविससि भेदिबा ।
परमपद पायबा, नौनाथ नाथिबा सात सागर सोखिबा —
नौसे नदी उलटी चालिबा ॥
प्राण पुरुष पोखिबा, बोतरि छाया न बलिबा ।
दुख सुख मेटिबा, सुर तेतीस तारिबा ॥
अहं मन मारिबा, गगनि चढ़ि गरजिबा ।
अपाह थापिबा, अदृष्टिपिधारिबा इन्द्र उपदेशबा ॥
कोड़ीयं न खेलिबा, हीरा न हारिबा ।
अरधका नेत्र उघाड़िबा, अनरधका पाखिबा ॥
शील सन्तोष की सनाह[1], संगिय पहरिबा ।
सुमरण की साँग[2] लेबा, अगमई चालिबा ॥

---

१ कवच बख्तर जामिरा लिद ।

घरामै अघर दरसिवा, सुखके सिध पैसिवा ।
परम ज्योति पर सिवा, पांच परमोधिवा, मेर चढि वोलिबा ॥
काया गढ़ सोधिवा, मन कूं कंचन ज्यूं तोलिवा ।
सुरति सहजि धरि आणिवा, मान अपमान एक करि जांणिवा॥
काची सरापी खोटा न लेणा, मूंहगे मोलका मन हेरे अवधू सोहंगान देणा ॥
सतगुरु सवदों खेलिवा, [1]कलसमें[2]कूप आणिवा, नीर उलटेगा। पालि सोखेगा, तव परापरै परमभेद जाणिवा ॥
[3]विहंगम उलटेगा,[4] मालेमें आवेगा, वृछकूं ग्रासिवा, परमभेद पावेगा ॥
मैं ते मिटिवा, मेरमें वसुधा रोपिवा, गगनमंडलीकी गुफामें- पेसिवा, धोखेन धोखिवा ॥
मूल कमल दिष्टि रोपिवा, पीठका मिलाप कूं तरसिवा ।
अगमपियाला पीयवा, अलेख पुरस परसिवा ॥
अलेख अथाह ऊंडो अपारं, वसुधा न गगनं ज्वाला न धारं ।
पाणी न पवनं वारै न पारं ॥
चंद्र न सूरं द्यौसे न राति, काया न माया न पूजा न पाती ।
संसै न सोगं न भोगं न रोगं, जोगै न वांणी न जाग्यो न जाणी॥

---

१ नाभिकमल २ आत्मा ३ मन ४ अपने स्थानमें

नमो देव करता मई, परममेशायनमो । अलख थाप्यो-
न आप, अगममेवाय नमो ॥

पार उरवार तिस थाहनाही नमो, मोह ममता नहीं धूपछाही नमो ।
समन्द गिगनां नहि, जाहित जोगं नमो । मर गिरवर नदी-
मोम रोगं नमो ॥

दाया ठाकुर नहीं पायो थोडं नमो । ग्यान नहि ग्यानकी
कस थोडं नमो ॥

जनम अवतारनहि पुरुष वासेनमो, मायबापे नहि नर्सनासेनमो।
ऊठि बैठे नहि जागि सोवे नमो, मादिनहींभेवनहींचिहनहोवेनमो॥
फरसी पर भार नहि रोसरोगंनमो, निकट निरलेपनहि सापसगंनमो।
गहेरगुण रूप गुणातीत साहिनमो, संत मांहे सपतुम माहीनमो ॥
गहरगलतानिकरमोनकापानमो अगम असतानिनिरमदपावानमो ।
अमर असपृश्य वरयंनवासनमो, सकलसिरिसाच भाशानपासंनमो॥
सबदनहीं स्वाद सरबंग साईनमो, करण करतारयें तुमहाई नमो।
वाद बकवाद विटरूप नाईनमो, परम निरूप सरबंग साईनमो॥
खिखिनहि सृष्टिवेपे न दासं नमो, डासनहि मूसनहि नाशनासंनमो॥
अमर अभरा बनमें न आपानमो अखंड करुणामई रामरायनमो।
जन हरिदास अतरि अगोहि, परममेद निरूप ॥

वा हरिसागर अणसरया, ते उलटिन झांकै कूप ।

॥ इति साधु चाल जोग ग्रन्थ ॥६॥

## ॥ अथ अगाध अचिरज जोग ग्रन्थ ॥७॥

गोरख हणुमं भरथरी सुकदेव, सिध सनकादिक सुखसारम् ।
नारद शंकर मुनि ब्रह्मादिक, अगणित साधू परसि भये पारं ॥
चंद्र सूर किया दोय दीपक, करि तारामंडल करितारं ।
अनंत लोक विसपाल विशंभर, सकलसछाया तो सारं ॥
रूप नहि रेख भरम नहि भंजन, जाहि भजो भजि भ्रमजारं ।
वेद कतेब कहे दोय वातो, दोय आगे नर निस्तारं ॥
ग्यान न ध्यान पाप नहि पुनियर, अधर अलेख नहि चखचालं[1]।
भेद अभेद अरीझ अछेदं, सुन्नि सदारसरहतालम् ॥
राज न रीति प्रीति नहि परघत, कलपि न झलके करतारं ।
रमता राम सकलविसव्यापी, निरखि निरखर[2] निरधार ॥
निज निरसिघ अगह,अभि अनतरी, अकल अरूप नहि नृध वालं।
धरणी अकास न समंद,सुमेर, लखचौरासीप्रतिपालम् ॥

---

१ चर्म दृष्टि का अविषय २ निरक्षर

उपजि न बिनसै न जागि न सोवै, आलस नींद न आकारम् ।
पुरुष न नारि करे नहिं क्रीडा, अगम अगोचर ततसारम् ॥
गांव नं ठांव बिघन नहिं वास, सास उसास न नवे द्वारम् ।
पूरण ब्रह्म परम सुख दाता, आस उदास न आधारम् ॥
नौसे नदी बहोतरि छाया, इंद्रियांसन चित च्यारम् ।
पेट न पीठ नैन नहिं नासा, हाथ न पांव न घटधारम् ॥
कोटिन छोटि मुनिन्नहि संकट तेत्रसपुंभि न भुमारम् ।
मेरु अरेल अदेस अलख, आदि अखंडित अप आरम् ॥
वार न पार मुनि नहिं वकता अगह अकह तहां धुनिधारं ।
ऊंच न नीच वरण नहिं अवरण, कहर न व्यापे तस कालम् ॥
अवगति अगम अगेह अभिअन्तरी, नाथ निरंजन निरकार ।
गरजे गगन मगन मन उनमनि, निसदिन दरसै दीदारम् ॥
निज निरलेप सकल जुग करता, सकलसपोस सुख न्यारम् ।
सकल निरंतरि सरम न व्यापे, आनन्द रूप अगम धारम् ॥
दिष्टि न मुष्टि ध्यान नहिं पुष्टि, संकट भव न विचारम् ।
मेह न गेह भोग नहिं रोग अटान जोगी नम नालम् ॥
सीत न धूप मीन नहिं पाणि कीर न वारे किस धासम ।
स्याम न सेत रगत नहिं रेखम्, तरवर मूल न तिसडारम् ॥
मवया न गवया न पिता सहोदर, मोह न द्रोह न परिवारं ।
परम उदार परम निधि निरभै, निज चिन्तामणि चितधारम्॥

अरधन उरध जोग नहि जापं, अजर अजोनि तिसभालम् ।
अगम अथाह परम सुख सागर, नाथ अनाथन प्रतिपालम् ॥
ज्यूं आकास सकल भंजन जल, सबमें दीसे आकारम् ।
हात गह्यां कोइ गहत न आवे, यूं सब घटमैं घट धारम् ॥
निरमै निर्वाण अखिल अविनासी, अवरण वरण न विसतारम्।
दीरघ लघु लोभि खिमां नहि खीजे, हरि निरसिंघ निकटि न्यारम्॥
निरगुण निरधात गात गुणनांही, निज निरमूल सनिज सारम्
जोगन भोग पाप नहि पुनियर, पूत अऊत न परवारम् ॥
वल नहि अवल निरूप निरखिरं, सदा सनेही सुखसारम् ।
निडर निराट विराट अनंत हरि, सब कछु करि सर्वते न्यारम्॥
अधर अरूप अथाह अजूनि, अनंत अमूरति अवजारम् ।
दीन दयाल काल नहि करणा, त्रिवधि न व्यापे ततसारम् ॥
हरि पति प्राण सदासंगि संम्रथ, परसिपरम ततभै पारम् ।
उदै न अस्त आन नहि अटपट, तरवर मूल न डलधारम् ॥
सुभनहि असुभ गिणत नहि अगिणत, भख नहि अभख मधुरखारं।
विरकत नहि अकुलविकुलअभिअन्तरि, तन मनसों मन तहांधारं ॥

---

( नोट ) इस अंगमें—बृहदारण्यकोपनिषद तृतीयाध्यायके अष्टम ब्राह्मण के अष्टममन्त्रोक्त अक्षर ब्रह्मका वर्णन है देखो मंत्र "सहोवाचैतद्वैति" ।

अमृत नहिं महर कहर नहिं करवां, मर नहिं अमर न जीवारम्।
नर नहिं अनर अमर अखरानन्द, है पखि सारां शिर सारम्।।
छल नहिं अछल अचल नहिं चन्चल घर नहिं अघर न ईकारम्।
खालख नहिं क्षोम मरम नहिं तिहिं भ्रम नटवाजी करि नट न्यारम्।।
निरमल निरछोह निरास निरंतरि, निश्चल तहां निरंमन धारम्।
संकट नहिं सरम करम नहिं अकरम, मरम न व्यापे सिस मारम्।।
परम ज्योति परकास परम सुख, अगम अगम सोई उरधारम्।
ऊंच न नीच बरण नहिं अबरण, गतिनहिं अगतिन है कारम्।।
सकलबियापी अखिल[१] अपरंपर, ख्याल नहिं अख्याल न में मारम्।
अगम उदार अपार अखंडित, रटिरसनां रटि र रंकारम्।।
अगह अकह उरते अघआरण,[२] मुनि मंडल म सहज प्रकासा।
जन हरिदास पखि परसि परम सुख, अरिदल जीति अमैपुरि[३] वासा।।

।। इति अगाध अविरल जोग ।। ७ ।।

अथ जोग संग्राम जोग ग्रंथ ।।८।।

जोगी ज्ञान खड्ग करि धारे, मनसा जीति मनोरथ मारे ।
आसपास अरिदल नहिं आय, ता संगि रमे निरंजन राय ।।

---

१ विस्तार २ पापनाशक ३ मोक्षपुरी।

दीरघ रोग वियोग निवारे, कौडि सटे न हीरा हारे।
परधन हरे डरे न हिलोय, आपा डारे तो यूं होय ॥
विषय विष तजौ भजौ हरीवीर, सुनि मंडलमें निरभै नीर।
ऊंच नीच सबसूं समिभाय, मन वच करम नहो मनलाय ॥
नृभै नृवाणा परम सुखसार, आदि अनादि वार नहि पार।
जुरा न व्यापे काल न खाय, हमकूं सतगुरु दिया बताय ॥
अलेख अभेद गहर गुणग्रामी, प्राणनाथ हरि अंतरयामी।
(कोई) ज्ञानी लहे ज्ञान गुण और खीर नीर ज्यू सबही ठोर ॥
भजि भगवन्त असुर अरिमारि, सुनि मंडलमें मढि सवारी।
तांली लगि बैठा मांहिं, गंग जमन जल पीवे नांहि ॥
मोह दोह मैं तें करि दूरि, रमता राम रह्या भरपूरि।
व्यापक अगनि बसै सब मांहिं, गुरु विन गेला लाभ नाहिं ॥
अप्रमाण निधि अगम विचारे, आप तिरे साथि संगी तारे।
पवन पियाला उलटा धरे, भरि भरि पीवे अजरा जर ॥
नाथ निरंजन निरभै जोगी, जुरा न जन्म भोग नहि रोगी।
खरच्या घटे न दीया जाय, सोई वित चितमें रह्या समाय ॥

---

(नोट) स्मरण रहे कि ब्रह्मस्तुति. से लगाकर यहां पर्यन्त अक्षर ब्रह्मका ही वर्णन किया है।

काम न न्यास मीच नहि माया, नट ज्यूं घट मैंनघट धरि आया।
पूरण ब्रह्म परसिपति माप, दुर्भिख पड़े न जम छो दान॥
ग्रह वैरागन विग्रह वियोगी, पाप पुनि परवेसन भोगी।
उलटि सुरति सुनिमैं धारी, तब जाय दरसे देव मुरारी॥
थिर नहीं अथिर अरूप अछाया निरगुणनिराधार निरवरिपाया।
गरजै गगन मगन मन सोइ, हरि कूं भजै सहरि समि होई॥
स्थिरनहीं अस्थिर सरम नहीं सोग, थप नहि विथा वेद नहि रोग।
जहां[1] प्रकटे तहां ऐसी करे, अवरण अगनि विथा अभिचरा।
आस उदास मोह नहि माया, ज्ञान विज्ञान धूप नहि छाया।
भरम विकारी कलसूं खोय, है तो सही सभै मैं कोय॥
संकट नहि सरम नहि भेद, जठरा नहि जुराकथ नहि छेद।
सकल वियापी सबतें दूरि, अनगति जहां तहां भरपूरी॥
छल नहि अछल चित नहीं चाही, घट घट अघट भरम नहि ताहि।
तजि अभिमान भगति यूं गहणा, जागि लागि मन उनमन रहणा॥
डर नहि निडर निर्गुण निजरूम, उठ न अस्त सीत नहि धूप।
घर नहीं अघर पुरुष नहि नारि, परपंच भीति जीति नहि हारि॥

---

१ अर्थात् जहां अशोच रोग शोकादि प्रकट होवे तो योगी को चाहिये कि ध्यानध्यानि ज्ञानाग्निमें प्रवाहकर उनको भस्म करदेवे—

नर हरि भजन अहोनिसी करै, ताहि जालै अगनिन मारया मरे ।
संकट पड्या साथि रघुनाथ, जहां तहां जनके सिर हाथ ॥
उलटा खेलि अपूटा आवे, जैसी भूख तिसा भरिपाँव ।
निरभै निजनांव निरन्तरि रहणा, सापणि[1] डसै न परलै वहणा ॥
अनरथ अनन्त तहां जीव जाय, ताकूं सरप[2] सदा संगिखाय ।
जहर[3] दाढ कंठी लागी दोय, रामभज्यां नर निरविषहोय ॥
वैसि निरन्तरि अलख जगावे, आसण अमर अगम भरपाये ।
भूखा रहे न[4] धापि न खाय, मनसा चलै न परधरि जाय ॥
ब्रह्म[5] अगनिमै काया[6] दहे, मन चंचल निहचिल होयरहे ।
काम क्रोधका भडै जंजीर, परमसिद्ध जहां जालन कीर ॥
वार पार नहि अगम अछेह, धरती वरषे अंबर तेह ।
निर्मल धार अपार अनन्त, ता मुखि लागि रहे सब सन्त ॥
निगम अगम गुरु गम्यमगहोय, पवन निर्लेप अंवर धोय ।
रमता राम निरंजनराय, राखी वसत शाहकूं खाय ॥
पारस उदार अपार अनन्त, अवरण वरण अगहि भगवन्त ।
उलटी गंग जमन मै आण, तोहि पिछाणे ताहि पिछाण ॥

---

१ माया २ ससार व मोह ३ काम क्रोध ४ मिताहारी ५ ज्ञानाग्नि में ६ त्यागादि इन्द्रियग्राम व सूक्ष्म शरीर लिङ्गदेह ।

गृह बन नहि तहां मठ छाय, पंकनालिय अमृतरसम्याय ।
ग्यान गुफामें आरम करे, जोगी जीवे जोरों मरे ॥
भौ सागर डर अनन्त अपार, ता तिरबे को यहै विचार ।
मनविष छाड़ि विसंभरभजो काम क्रोध विषया विषतजो ॥
परमानन्द परम सुखसार, ताहि भजो भजि तजो विकार ।
जांमण मरणां जुरां भयरणां,(भव)भरि साहिब मारगि सरचरणां॥
काई सूरवीर का काम, कायर कथ कहे नहि राम ।
मदि सगराम माथ घल्सिहे, परदम जीति परम गति लहे ॥
जगमें यहै जोग संग्राम, कोई करो आपणा काम ।
ए पाशा चोपड़ि ए सारी, अबकै जीति भाई भावे हारि ॥
जन हरिदास कहै मतएह, बड़ निध हाथि चढी नरदेह ।
गोविन्द[1] भजो रामकी आस, बहोड़ि न लाग जमका वांस ॥

॥ इति जोग संग्राम जोग ग्रन्थ ॥ ८ ॥

## ॥ अथ अष्टपदी जोग ग्रन्थ ॥ ६ ॥

हमोरू भय गतिकूं हेरे, जाता मनकूं उलटा फेरे ।
महादेवका मता पिछाणो, मनदई तिसामू उलटा आणो॥

---

[1] यहांतक आत्मसंयम योग के अधिकारी प्रति उपदेश है ।

मनसा देवी सबकूं खावे, हमकूं मनसा सांच बतावे ।
हम जोगी जोग जुगति गमिजांणे, बहती नदी अपूठी आणे ॥
पवन गोटिका पारा बांधे, उलटी सुरति गगनकूं सौधे ।
काम क्रोधका मूल[1] उपारे, गगन मंडलमें आसण धारे ॥
अगम पियाला भरि भरि पीवे, अरूप रूप विचारत जीवे ।
हरि सुख सिंधु तहां भय नाही, हरिजन हंस बसे ता मांही ॥
परम ज्योति अंतरि मनराखे, हरि हीरा बिणि चूणि न भाखे ।
जन हरिदास निरखिये निज, मनकी ठोर उठाय ॥
सुरति सुलटि उलटा चढे, तो अगम तहां चलिजाय ।
लहिये अगम निगमते आगे, अंतरी नींद नेत जब जागे ॥
ससिहर[2] कै घरि सूर समावे, उलटि कवल कवलापति पावे ।
सब मै राम दूरि हरिनाही, ज्यूं ज्वाला काष्ट घृतपे मांही ॥
यहु निज सुख जाग्या सो जाणे, सूता अरथ कहां सु आंणे ।
अगम अथाह वार नहि पारं, ताका कैसा भेद विचारम् ।
बरण वियोग रोग नहि जांणा, परमभेद ऐसा असथांणा ॥
सकल समीपी सकल सुहावा, तीनि लोक त्रिभुवन पनिरावा ।
सुखमनि उलटि गगनमें आंणी, सुनि मंडलमें खेले प्राणी ॥
सुखमनि परम सिखरमें झूले, तारुति कवल केतुकी[3] फूले ।
नाभि सरोवर निज जल नेरा, मन मतवाला झूले मेरा ॥

---

[1] रजोगुण [2] चन्द्रमा [3] केतकी

भागा भरम भेद भय पाषा, तब मन उलटि सहज घरि आया।
गगन गरजि बिरखा भई, छीलर भया निवांण ॥
जन हरिदास हरि सिंधमें, खेले साध सुजांण ।
सो अगाभे जोगी नाथ अनन्ता, भय न जुरा पांच नहिं तंता ॥
सकल समीपि अकरत निजनांमी, आस अधार गहे गुणग्रामी।
आदि अंसि हरिकी हरि जांणे, सुनिरूप बहु बांणिक बांणे ॥
आदि न अंत लहे कोई भेवा, सुरति सबहि परम सुखलेवा।
जुरा न जन्म आय नहिं जाया, अगम अथाह थाह के पाया ॥
मेरू समंद निरख मत परिहैं, वार न पार कहां थूं तिरहे ।
पंखी उलटि गगन कूं ध्यावे, ऊंचा अगम कोण गम पावे ॥
ऐसा पांव भिक्षा मनि मेले, सो परम जोतिका परमें खेले।
परम भेद भागा सभु, हरि परम सनेही सोय ।
अब मन तहां बिलंबिया सो उलटिन पूठा होय ॥
तिस नांव निरंजन अवगति राया परम उदार परम सुखछाया ॥
तर बर अकल अगम फलहूवा पंषा[1] चोल रहे तहां सूवा ।
कामी काग बहां नहीं आवे, आसा कीचि उलटि तहां जावे ॥
सकल समीपि अकल निजपावा, अबरण बरण भिनाहि न भावा।
सबई एक रेक क्या गावा, दुख पाप ते करम अपारा ॥
करम अपाय बहुत दुःख पावे, षटपा[?] दिसावरि खोटा खावे।
खोटा खाय मूल मति हारे, रखेन[2] पूहिसि कलके गारे ॥

---

1 मास्तावम अमा हुआ 2 अग्नि

कुल करतूति कहांलो करिहौ, जामि जामि जामू फिरि मरिहौ।
परपंच प्रीति मोह नहि दोहा, सरणि उधार परमसुख सोहा ॥
हरिस फसका गहर गंभोर, नहि सो खीर नहीं सो नीरम् ।
निरभे निरगुण निज निरकारं, मीठा नहि नहि सो खारम् ॥
तिस परवार पिता नहि माया, ना ग्रहि करे न काहूं जाया ।
आदि अंतथा उपजि न आया, जो उपज्या सो सहजि विलाया॥
सहजी विलाया ते सति नाही, ऐसे समझि देखि मन मांहीं ॥६
नहि आवे नहि जायगा, आवे जापस और ।
निराकार निजरूप है, सो व्यापि रहा सव ठौर ॥
तहॉ सीत न धूप गांव नहि ठाम, परम सनेही मन विसराम ।
दिष्टि अदृष्टि भेद अभेदं, तरवर डाल मूल नहि छेदम् ॥
अंजर अरील आस नहि पासं, उत्पत्ति खपति नांव नहि नासं ।
व्यापक ब्रह्म मोह नहि माया, वेहदि पड़चा भेद भलपाया ॥
प्रकट गुपत गुपत गोपाल, शंकर इष्ट काल का कालं ।
अगम अरूप श्रंस नहि सोगं, नाम निरत्तर[1] भोग न रोगं ॥
हीर हेम वार नहि पारम्, समंद गगन नहि भेद विचारम् ।
मूल अमूल करम नहिं काया, अंतरि अगेह परम सुखपाया ॥

---

1 निरन्तर

सकल समीपी सकल सुख, सकल भवन पतिराय ।
अब मन तहाँ बिलंबिया, सो सुखमें रह्या समाय ॥
या औसर हरि का होमरहिये, भवर रम्या सो भूधर कहिए ।
नांव बिसंभर बिश्वपति राया, पूरण ब्रह्म सरसि पवि पाया ।
करता करण चरण चितधारं, दामणि दिपै जोति अपारम् ।
निम निरलेप निकटि निराकारं, अगम अलेखित अगम अपारं॥
ससि प्रकास्या तिमिर बिलाया, मनमगन भया परमसुख पाया।
देवाधिदेव तहां मनि धरिहूँ, मन गहि पवन पाइ मतकरिहूँ॥
हरि निरसिध निकुल निरधारं, अंतरि निरन्तरि निकटिनिन्यारं॥
निधपाई[१] निरये भया, निधि परम सनेही राम ॥
माखी नांहि पसि करि, मन पाया बिसराम ।
गहि गुरग्यान अगम कूं ध्यावे, अगम अथाह थाह कोइ पावे ॥
घटि घटि अघट सकल घटिसाई, गुरगम तास लहे धन कांई ।
घमदा लेसि सहज घरि आवे, सुनिमें ध्यान तहां मन लावे ॥
अगगति अगम अगम गम कीया, नौझर पमटि गगन रसपीया ॥
ता रसि मुनिजन रया समाय, ता रसि मनि उमटि न आप ॥
माया गलि मिटिया अभिमान अब हम जाणिया आन सुजान ।
दरिया रूप धार नहिपारं, तामें मछा माया हमारं ॥
काल न जाम नहीं म नेरा, झूले न खेले मांभ बसेरा ॥

---

१ पारधीसर १ प्राप्य वस्तु सच्चिदा राम ।

सहिजि पियाला परम सुख, भरि भरि पीवें प्राण ।
आत्म अंतरि देखिये, अवगति का अहनांण ॥
सो परमेश्वर प्रथमी प्रतिपालै, करम विपाक हरण अघजालं।
पार ब्रह्म चरणां चित्त धरिहूं, हरि पति छाडि औ नहि वरिहूँ॥
तात न सीत नहीं सो खारं, जुरा हरण जगदीश जुहारम् ।
गुणग्राही गोविंद गुण गावा, भजि भजि राम परम पद पावा॥
परम सिंध मैं प्राणी डारं, उनमनि लागा प्रेम वन्धारं ।
आत्म परमातममूं मेलो, परमहंस मूं दिलि मिलि खेलो ॥
परम जोति आचार विचारं, परम सुन्नि मिलि प्राण उधारं ।
जन हरिदास हरि अगम है, अथह घन[1] न थाप्यो जाय ।
तहां नामदास कवीरसा, केता रह्या समाय ॥

॥ इति अष्टपदी जोग ग्रन्थ ॥ ६ ॥

## ॥ अथ वंदना जोग ग्रन्थः ॥ १० ॥

नमो नमो पर ब्रह्म परमगुरु नमस्कारं, आत्मा अभ्यास, परमात्मा-प्राण नाथ, परम पुरुष, निरंजन निराकार, निरामय, निर-विकार, निराधार अविनाशी, निराधार, एकंकार, अपरंपार उदार, पारब्रह्म, करणहार करतार जगतगुरु, अंतरजामी

1 मर्याद ।

अजन्मा सर्व मायारु हार्रा अजपा जाप, ब्रह्म अगनि अकाश, अनेक असाध रोग जारणहार, अलिप अछिप निरालंब, निरलेप, निरदंद, निग्मूल निरसंघ, परम जोग, परम मोग, परमगति, निर्गुण ब्रह्म, परममति, परमज्ञान, परमध्यान, परमतेज, परम जोति, परम धाम, परम विसरांम अधर अमर, अहस-अमर, अतिर, अथिर, असिर, अपार असार, अधर मीठा मधुर अरंग अभंग, निर्भग, निमोह निछोह, निमोग निभोग, निकवि, निरोग, संमोग बिमोग न ससो भरि सोग, दुख न होसी न आवेनजाया, जनम न जीवे न माया न छाया न, जागे न सोवे न, भूखा न धाया ऊठे न बेसे न, राजेन कोपेन, जपहीन, तपहीन, ध्यानेन रोषे इन्द्री न तवहीन, गावन पाव, बनिता न सुवहीन, जनेंषु न धार्व ॥ दोहा ॥

असल पुरुष की आठों पहर, करे बंदना कोय ।
(जन हरिदास) काल बांधा लागे नहीं, हरिभजि निर्मल होय ॥
मनि उनमनि लागा रहे, कहा सन्ध्या कहा भात ।
जन हरिदास वा साधकू, जम करि सके न घात ॥
सिध साधक की बंदना, ग्यान ध्यान धरि देख ।
(जन हरिदास) एक अमर फल करि पढ्या अपर पार अलेख॥

॥ इति बंदना ॥ १०

## ॥ अथ निराकार वन्दना ॥ ११ ॥

नमो नमो परब्रह्म, परम गुरु आतम अभ्यास, परमात्मा अलो-कन, आनन्द परमानन्द, सिध साधक नमसकार, नमो नमो रमता राम, नारायण निरसिध, सकल निरन्तरि नरहरि, निरबांण निरविग्रह, नमो नमो निरामय, निरविकार स्वयं ब्रह्म सकल वियापी, निरंजन निराकार, जन हरिदास वन्दते एकं कार, अविनासी अपरंपार उदार ॥

॥ इति वन्दना ॥ ११ ॥

## ॥ अथ निर्पखमूल जोग ग्रन्थः ॥ १२ ॥

गुरु सिखसू समझाय करि, भजन बताया राम ।
या सेवा या बंदगी, यहु आरम्भ यहु काम ॥
झूठा सुख ससार का, कलई का[1] सा रग ।
होड़ा होडी पड़त है, तायें जीव पतंग ॥
काहे कूं पर दुःख सहे, दूरि पड़ेगा जाय ।
मनिषा जन्म अनूप है, मान सके तो (हरि गुण) गाय ॥

---

१ कलई जोकि धातुके बरतनों पर लगाई जातीहै

काम क्रोध तृष्णा तजो, त्रिविधताप गुण देह ।
साँई का सुमरण करो, परम समीप[1] एह ॥
मन अपणाम् कहत है, अपणा ज्ञान विचार ।
गोविन्द भजि भरमें कहा, पसि मसि मूढ़ धार ॥
विष पीवे अमृत कहे, कनक कटोरा माँहि ।
या मरबे की सौंज है, पीवे सो जीवे नाँहि ॥
निसबासर[2] आमे जुरा, मन सोवै कहाँ गँवार ।
आलस तजि मैं ते मनी, भजि रामनाम ततसार ॥
पाँचो इन्द्री फेरि करि, सुरति सबदि घर धारि ।
अनन्त साध आये चल्या, सोई रहा सँभारि ॥
मोह द्रोह की अगनि सुनि लागत है जीव जाय ।
शशा सुख में सींगी बाजै, परम उदार अरथ हर छाजै ।
पद निरबाण निरन्तरि जागै (गढ) अचर पवैन सहकर लागै ३७
षषा पेष लगि भर भावै, सापे रखे षोर भति लावे ।
निरमै वस्तु नफो घरि आवै, तब अगमें तै मूल गमावे ॥३८॥
ससा समझि बिना दुख भारी, गाफिल पचैं मरे छकसारी ।
चेतन ह वो षोट चुकावै, पासा हाथि माधि भरिभावे ३९
हाहा हथ सहस हर लागा, पस्ता खसे ठिक ठाल भागा ।
सतगुरु षोट षोट नहिं काइ, सन्मुख रहि लावे त्युं लाईं॥४०॥
षाषा सूनी मारि मनाया, मैं १वासि करि रैति बसाया ।
अविनाशी निरभै सुख दीया, करता जोर जेर सो कीया॥॥४१॥
२क्षक्षा क्षाक्षच लोम न करिये, चार्नो देख अयी भै हरिए ।
करम कसर छाडो छक छाया, अगगति ममौ अवधिदिनआया४२
बावन अषर पंडित कहै, सबद सबद का अचर लहे ।
ईसर छाडि निअषर होय, जन हरिदास ता१समिनहिकोय४३
बावन अषर पढे व्यापाय, अषर अगम रह तहाँ समाय ।
जन हरिदास निरभै तब होय, सहै अस्त मरै नहिं दोय ॥४४ ॥

---

१ मध्य वस्तु २ इ बिग ३ कहीं २ न की जगह क होता है

(नोट) यह बावन अक्षर मणिपूरक चक्र के हैं और आपकी रश्मिया हैं विद्यार्णव के चतुर्थाश्वाम में विशेष विवरण है और ह्रँकार में स्वरादि वासहि कों का अन्तभाव मानकर त्रिपुठी करके बावनसंख्या पूर्ति जानो

॥ इति बावनीयोग ग्रन्थ ॥ ४० ॥

## ॥ अथ सूर समाधि योग ग्रन्थ ॥ ४१ ॥

यहां विवेक उहां मोहदल, खेत बुहारथ्या देख ।
ऐं मारें के वे मारिलै, संचर रहे न [2]सेख ॥१॥
साथ दोऊं दिसा देखिजैमारिखौ, बात थोड़ी हवेला [3]मिसीपारिखौ,
गैंद गाजे गुड़ै कहर भे भौतिभौ, संग्राम जीतेतिसैं मीख देसावतौ ।
मिल्या सबलां सबल खलै बाजिसी आजतौ,
बापडा बड बडे रहे ओगाढ जौ ।
जन हरिदास आमा मुखी, मंड कहांवै सूर,
अति निवेडा होवमी, [4]जबरिण बाजे [5]तूर ॥२॥

१ उसके समान २ शेष ३ प्राप्त होगा ४ युद्ध में ५ बाजा

सुर बाजे मलौं भाजरिया मारका नासि गोला[१]भिरहद्दकंठैसारका
मरद मूछाला रिया देखि दद कारता,
भींछ पायोंपडे धार नहीं पारका ॥
घोर तोले सुर्ज मार तन भारता,
भाल वेखिये सुरत दाखियों मारता,
[२]वेग भल्लप परछी बहै, मार मुंहै मुरि खाहि ।
भवरि दीसे बिगसता, करि तोरण बंदण मांही ॥२॥
परखि बानां बढा सार सोधा घडे
खाह की पाहकी भाम पडयों पडे,
बाग के भाप मल फौज स मुखि खडै,
साकर्ता हाकतां ओप हाका कर ।
भाल पैलां दलां देखि मारे मारें,
गुरब पाबै सिरां पिसण चुकि चढ दडे ॥
[३]सोण भकारा भाजका, पडे मर्दां सिर मार ।
सबको दीसे मान्हता गहि पांचों हथियार ॥४॥
भापडे भांपधे गह मरधा पोलतां,
घणां ममता किया भांखि नहि खोलतां

१ अश्व २ घाव ३ रुधिर

[1]खारकां वायकां औरकूं छोलता,
सार धारा मही देखि तन तोलता ॥
मूंछ गहि सा पुरस न्याय हसि बोलता,
आज का दयो [2]सनें खडग सति मोलता,
पडिया लग करि दाहियों, वावै भुज गहि ढाल।
आप अखाडे आनकै, सबको दीसै माल ॥५॥
सकल साचे मतै दलै दोखियां दलां,
सूर रिण आहुडे खेत खेलै खलां।
तीर गोली वहै बांण छूटे छडां,
घुरे निसाण मन मांण मोटा मडां
जांणि वण राव चूर चुरै वणचरां,
दांमणी सार त्रिधि सारधू कै घुडां,
खङ्ग लीयां छत्री खमैं, मडन्या महारिण मांहि।
लोह घरट घमसाण मुखि, पड़ स पीस्या जांही ॥ ॥
तौ वाजतैं लोहड पाव मांडया खरा, कायरां कन्दरे गया छिपि झखरा।
खारकौ मारकौ सूरणां वांनरा, घणा चूड़ि ला भाजसी आज काहूं घरा ॥

१ कठिन वाक्यों से २ दिवस

सूर तहां धीरज सदा, मनि आतुरता नांही ।
हैदल गैदल देखि करि,[1]झोके झाजां मांही ॥
जन हरीदास मस्तग रह्या, हरि कू सौंप्या जांणी ।
दूजा माथा खिरि पड्या, बैली खांचा तांणी ॥
तीर तुपक बर्छी बहै, विनसि जायगा चाम ।
सूरां का मैदान में, कहा कायर का काम ॥१०॥

॥ इति सुर समाधि योग ग्रन्थ ॥४१॥

## ॥ अथ सूर समाधि का अर्थ ॥४२॥

मोह कहै विवेक सूं, वैर कियो सुख कौंण ।
मैरी वसुधा ऊपरे, तूँम करता है गौंण[2] ॥१॥
आप सराहै आप कूं, कौंण बडाई एह ।
तेरी वसुधा तुं घणीं, तौ तू शिर सटि देह ॥२॥
जीव रखी जरणां यहां, उहां आसा की आथ ।
मोह बमेक दोन्यू मरद, आप मंड्या भारथ ॥३॥
यहां तुर सतगुरु सबद, राग दोष उहां तूर ।
जन हरीदास कायर डरे, सूरां दूणां नूर ॥४॥
सील गयंद जहां अणमरे, काम गयद मिटिजाय ।
जन हरीदास ता घटि मदन, चढौड़ि न गरजे आय ॥५॥

---

१ वीर पुरुष मानों जहाजों में झूल रहे हैं २ गमन

असली ज्ञान जा घटि उदै, अंतरि प्रकटै आप ।
तहां जन हरिदास अज्ञान गत लोभ कहां ठहराय ॥६॥
मान अमान इसती तहां, जहां दया गरीबी देख ।
जन हरिदास चौदस भया, ईश्वर रह्या न सेख ॥७॥
तहां कुबुधि नालि दारू गरब, गोला मैं तैं मांही ।
अनेक साध सन्मुख लड़ै, मार मुहै मुहि खांही ॥८॥
जहां कुबुधि नालि दारू दरद, गोला विरह अपार ।
जन हरिदास कायर डरे, पड़े जहां सिर मार ॥९॥
पाप पुनि जोधा जहां, जहां जोध वैराग ।
जन हरिदास निरभै भये, दई उपाड़ी भाग ॥१०॥
जहां भजन गुरज जहांज्यिविधि रस, सत मंड्या खड्ग भाव ।
जन हरिदास कोई भरा, भाव निफ्टो राम ॥११॥
जहं सन्तोष असन्तोष द्वै, अपणी अपणी टेक ।
हूं तो चाकर मोह का, मरे पखी विवेक ॥१२॥
अधम जोधी जोध जहां, उहां मनोरथ तीर ।
मोह अमक चौंपक करे, कायर धरे न धीर ॥१३॥
जहां दत खड़ग खडी खिमां, तहां चिन्ता डास खड़ग छोह ।
जन हरिदास लोभी नरां, भाज आमिसी लोह ॥१४॥
जहां विचार अभिमान जहां, परट दई दल मांहि ।
महा जोध मांच परट कायर पीस्या जांहि ॥१५॥

यहां तप तर वारि तृष्णा वहां, पड़े चोट सूं चोट ।
सूरवीर साचै मतै, कायर ताकै वोट ॥१६॥
यहां तत्व तरवारि करि, वहां चादि तेग करि लोय ।
यहां खञ्जर धुनि ध्यान धरि, वहां खञ्जर गुण दोय ॥१७॥
यहां जम दाढ करि जोग की, उहां जमदाढ गुण देह ।
ताती सिली दोय मिली, चंद सूर गुण एह ॥१८॥
यहां सेल अनहद सबद, बिरधि सबद उहां सेल ।
मोहविवेक मारे मरै, मंड्या [1]पहोम परि खेल ॥ १६ ॥
मनराजा का यहहै सहर, मोह विवेक सुत दोय ।
जन हरिदास जीत्या विवेक, मोहगया मुह गोय[2] ॥ २० ॥

॥ इति सुर समाधि का अर्थ ॥४२॥

## ॥ प्रवृत्ति निवृत्ति योग ग्रंथ ॥ ४३ ॥

सप्त धातुकी सौंज सब, अहं गिर प्रगट कीया ।
नव दरवाजा राखि के, त्रिगुण तहां चूना दीया ॥ १ ॥
पांच तत्व सत छोह, महा सुन्दर पुर काया ।
नाना बुरज अनेक, चित्र कांगरा वणाया ॥ २ ॥

[1]नौसै खाई कोट , [2]पांच पायक अभीमानी ।
[3]महल मंदरि माहि मांही, दोष धारू [4]पटरांणी ॥ ३ ॥
चित चंचल परधान , चाव नांना बिधि पानी ।
रंग रोस रस दाह , मन राजा रस धांनी ॥ ४ ॥
मापे का सिर छत्र , मधु मायक कर मांहीं ।
पर के सती प्रीति येह निरखे ये नांही ॥ ५ ॥
पखै करै सिंगार, हाक दे लोक हंकारै ।
निरखै रहै निरास , नहीं काहू के सारै ॥ ६ ॥
निरखै पुत्र बमेक , सुबुधि कुलवंती नारी ।
सील संतोष परधान, ग्यान चाकर सग धारी ॥ ७ ॥
सरधा के घर सील संतोष के समता नारी ।
छिमा जरघो घर ग्यान , बिचार धारू दरधारी । ॥ ८ ॥
पखै के सुत मोह कुबुधि सूं फेरा लीया ।
काम क्रोध घर धान , लोभ अग्यान सगिलीया ॥ ९ ॥
तृष्णा जरघो घर काम, क्रोध हिंसा हंस्या परणी ।
आसा के घर लोभ, अग्यान के चिन्ता धरि [5]घरणी ॥१०॥

---

१ चारिंयं २ क्योंमिलां ३ कोहम ४ आरा एक्म ५ स्त्री

चौमटी चेडी साथी, छकी अपणा रंगी राती ।
दुख सुख होय दरबार, तहां खेले मदि माती ॥११॥
मनमा मनको हरे, चरे नाना विधि खेडे ।
काम क्रोध अभिमान, तहां फिरि आमण मंडे ॥१२॥
कुबुधि घटा घर हरे, खिवै नानाविधि गाढो ।
लोभ लूर झड मंड्या, मोह की सेन्या ठाडी ॥१३॥
महा मनोरथ गाति, तहां कछु सूजे नांही ।
संशय हिंसा चिन्त, खुशी खेलै ता मांही ॥१४॥
शोक वियोग अभिमान, अहं मिलि खेलै मारी ।
देखि ग्रान थर हर्‍या, डर्‍या मै मान्यां भारी ॥१५॥
तहां विचार विवेक बुलाया, सील संतोष ज्ञान संगि आया १६
बीड़ा सब काहू कू दीया, हाथि पसारि खुशी है लीया ।
सैन्या मोह मवल है भाई, ज्यूं जाणों त्यू करो लडाई ॥१७॥
कहै विचार प्रथम जुध मेरा, मारि क्रोध मुक्ता द्यो डेरा ।
संक पक भै नांही मेरे, मारूं क्रोध क्रोध के डेरे ॥१८॥
कहै सन्तोष पांचि वसि करिहूं, लालच छाड़ि लोभ सूं लरिहूं
ना मै डरूं न जुध करि हारूं, लालच लोभ खेत धरि मारूं १९
सील कांम अपणो वसि कीया, प्रबल जीते दाढ तलि दीया ।
ब्रह्म अगनि में जारि उडाया, निरभ प्राण नांव सू लाया ॥२०॥

प्रकट्या ज्ञान अज्ञान भ्रम भागा, धीरज बांध्या मोह लागा ।
कायर कहे कहा बल मेरा, (ब) मिटि गया काम क्रोध सा घेरा २१
खिमा खड्ग ले हाथी, चित हस्या दोष मारी ।
सांसौ गयो बिलाय, दया क महल पधारी ॥२२॥
सुबुधि कुबुधि कूं ग्रासी, साधि समता के धाक्षी ।
मगघो पे कावीय, मोह की सन्या [१]पाक्षी ॥२३॥
ठिह के[२]सबूरी साथ, जोग बल काया सारे ।
शोक [३]वियोग अभिमान, मोह का मूल उपारे ॥२४॥
काम मृतु भव [४]मटी और मनमें भगतु भाई ।
मलया मनोरथ पान, मेर सिरि [५]गग समाइ ॥२५॥
[६]स्यौं की के सुत जागि, सिव बन मांही मारया ।
[७]महकी करे मलार, शसै [८]फिरि ध्यान संगात्या ॥२६॥
खिमा संवारे सेज बसे धीठी निरदाव ।
महकी करे सिंगार स्वेत खर खांघि न पावे ॥२७॥
[९] मूसा के कर [१०]सेप, उलटि बल मांही पैठा ।
[११]कुम्भार चलया [१२]आकास, मछ कुंभस्थल पैठा ॥२८॥

१ गौघी २ सन्तोष ३ वियोग ४ पूर हुई ५ वासी ६ चैतन्य ७ संसार ८ मनसा ९ मचि कम्पायी १ मन १ कुंभार पवन १२ मन १३ आत्म कमल

पिसण गया पग छांडि, भरम का ताला भागा ।
तरवर एक अनूप, प्रांण तिह तरवर लागा ॥२६॥
वसुधा सूं झड नांही, गोढ तरवर नहीं पाया ।
अमृत फल रस रूप, महा सुख सीतल छाया ॥३०॥
ता तरवर में धाम, मोह नहि व्यापे माया ।
निरालम्ब निरलेप, अगम गुर गमतें पाया ॥ ३१ ॥
परसि निरंजन देव, भेद लाधा भ्रम भागा ।
आनन्द अगम अथाह, मन मनसा तहां लागा ॥३२॥
परम ज्ञान पर ध्यान, आंन रस परसि न पीवे ।
परम मुनि परदेव, जागि लागै सो जीवे ॥३३॥
परम तेज पर ज्योति, जोति मै जोति निवासा ।
उलटा चढ्या अकासि, मूल मंडल में वासा ॥३४॥
ब्रह्म छौल में छक्या, लोभ की लाय वुजाणी ।
ब्रह्मा विष्णु महेश, सेप भागा विन पाणी ॥३५॥
नारद सेती नेह, ग्यान गोरख रज धानी ।
अनहद सबद उचार, सुरति निज सबद समांनी ॥३६॥
पांचूं [1]पांडव फेरि, घेरि अपणो घरि आया ।
[2]चांवड के सिर चोट, [3]भैद भेरूं का पाया ॥ ३७ ॥

---

१ ज्ञान इन्द्रियां २ मनसा मालिन ३ मन

कैरू सेनि अपार अर्गकि भरि फौज उठाई।
चंद सूर समि कीया, तत सू तामी लाई ॥ ३८ ॥
नौ से जोगणि साधि, फेरि आता मन कीया।
अनत मिधामृ प्रीति, सहज में शिव रस पीया ॥ ३९ ॥
अर्द्ध नाथ निज ठौर, अकल तरवर की छाया।
ज्ञान सिंघासन बैसि, राम रटता पति पाया ॥ ४० ॥
यथा तिलां में तेल[1], काष्ट में अगनि प्रकासा।
यथा दूध में घृत, पहुप में[1] परमल वासा ॥ ४१ ॥
यूं जन हरिदास अगाधि अगम, व्यापि रह्या सब माहि।
कोई जन आत्मा सो जानि है, घणा जानै नाहि ॥ ४२ ॥

इति प्रवृत्ति निवृत्ति योग ग्रन्थ ॥४३॥

अथ माया छंद योग ॥ ४४ ॥

फूहड़ी फूहड़ी धावती, चक भरे भरि खावती ॥
राम विमुख वहां आवंती, मोह नदी में नहावती ॥
अपनें अंगि लगावंती काया हार करतार अगन गुर ॥
दीन दयाल सुखावंती, कबहु[2] मामणी कब हूं माता (अपणो)
खोले राखि खिलावंती ॥
कबहू रूसे कबहू तूसे नद मृदंग बजावैरी ॥

[1] सुगन्ध [2] की

कबहूं तामसी कबहूं सीली, जीवां जेर निगवंती ॥
जो गणि होय जुग उद्रहि जालै, जहर पियाला पावती ॥
मूंडै मुहठै, डाकणि डोसी. भूली ने भरमावंती ॥
ऊंच नीच सब सूं मिलि खेलै, मूर्खा भोग लगावती, ॥
दहू अंगो आंपण ह खेलै, नांनां भेख बणावंती ॥
डाकणी पापणी सापणी, भामणी मोगणी भेददे रोगणी ।
जोगणी जागणी भूतणी लागणी, भूकरी सूकरी काकणी कूकरी ।
आछणी वोपणी नरककी टोकणी, जरजरी जहरिणी कालगति कहरिणी ।
त्रिविध तन धारणि हेत दे मारणी आवणी जावणी डहकी डहकावणी ।
सार्थंभ थरहर मकट मारी मरै, पांव पाछा धरै, अगनि में पैसतो धसै पाछी पडै ॥
जन हरिदास माया मते, मिले समाया होय ॥
हरिसाचा सूं साचामिले, तौ पला न पकडै कोय ॥

॥ इति माया छंद ग्रन्थ ॥४४॥

## ॥ अथ योग मूल सुख योग ग्रंथ ॥ ४५ ॥

[1]नीचे डाल मूल भयाऊपरि, [2]अग्या सिष मैं सूम ।
[3]मकड़ी कूं माखी नहीं छाडै, [4]मांगा कू सब सूजै ॥ १ ॥
[5]मूसे दोड़ी बिलाई पकड़ी, [6]चिड़े सिचांणो खाया ॥
[7]सास बहू के पागे लागे, [8]समद बूंदमें पाया ॥२॥
[9]पांगुल भाग अगम का साधा, [10] बहरे सब कुछ सुणिया ।
[11]मूरख पंडित की गति पाई [12]सूल जुलाहा बणियां ॥३॥
[13]मीन मकर कूं खावण लागी, [14]दादुर उरग पचाया ॥
[15]पांणी मांही अगनि मरूती, [16]तिसमें मेर समाया ॥४॥

---

१ ( ऊर्ध्वमूलमधःशाख ) गीता १५ अध्याय २ मलवा मालिक संसार ३ माया-ममता ४ महिला ममता पेत्रोंसे रहित ज्ञानी ५ मन ममता ६ चित्तमन रूप माल कू ७ सुरति सुबुद्धि के ८ मन परा प्रकृति में ९ ज्ञानी मन १० शब्द विषय से रहित ज्ञानी कौशिक न रखता हिम द सहित ११ सामान्य मन्त करण सहित विशिष्ट चेतन रूप जीव मूर्खोंको ज्ञानविधा पुरुष हो क्यों मन का उपदेश हुआ १२ जिला मास रहित मन रूप सूत मज्जन रूप में पुरुष रूप जुलाहा से बुना जाता था सो मन ज्ञानी होय के सर्वा मनोरथ हुए करता है १३ सुबुद्धि कोप १४ सुख मन मल नाशक दोषोंको १५ सीतल अन्त करण रूप पानीमें मन रस मनि १६ सूक्ष्म तत्त्व वृत्ति में अक्षम

[1]सींचत वाडी सब कुमलावे, काटत वहौ फल लागा ॥
[2]साहा चौर कै मिन्दर पठा, साह गृह तजि भागा ॥ ५ ॥
[3]खाट पुरुष परि सोवण लागी, [4]हांडी अनमें रांधी ।
[5]मृतक जमकूं दई सासनां, [6]गाय वाछडे वांधी ॥ ६ ॥
[7]फूल कली में रह्या समाइ, सो कवहु नहीं फूले,
तन पांणी म भीजे नांही, विनपांणी नित झूले ॥७॥
[8]पांचू मिलि मत भलौ उपायौ, बुरे पथि नहिं जांही,
निशदिन ज्ञांन गुफा में पांचू, वाहरि निकसे नांही ॥ ८ ॥
सातू समद सुकाया चौडै, जलकी टाहर खोई ॥
वैरी आय मिल्या चाकरके, गिरीवर डाह्या दोई ॥ ९ ॥

---

१ शुद्ध बुद्धि विषय योगतैं ७ वासना रहित होने ते २ मूल अज्ञान रूप शाहके मलीन अन्तः करण रूप गृहमे विवेक वैराग्यादि प्रवेश होने ते अज्ञान रूप शाह भागा ३ तमोगुण पर शुद्ध सत्थ वृत्ति ४ वैराग्य वोध उपशमादि अन्न माया कु वाधित की ५ प्रारब्ध कर्म ते रहित शब्दादि विषय शून्य मुर्दा ज्ञानी ६ ज्ञान बुद्धि वासना रहित की ७ जीव अधिष्टान ब्रह्म में ८ कर्मेन्द्रिया—ज्ञानेन्द्रिया ।

सतगुर थिवी समझाइ मन्तरि, तात निसदिन भागा ॥
तीन ताप तनकी तब भागी सीतल मुख भय भागा ॥ १० ॥
सोना दाग जगाती ईस्था, सब आपर्ण साखि किया ॥
गहि गुरज्ञान ध्यान धरि अन्तरि, साईं सरवस दिया ॥११॥
गृह हद तजि बहु मुख पायो, तरवर भकस बसेरा ॥
सीत धूप दोऊं नहीं ब्यापे, पकड़्या निह चम डेरा ॥१२॥
मोह मद दाह दई ते न्यारा, सुखमें आय समाया ।
सतगुरु सरणि भक्ती मन उपजी, खावा सोई खाया ॥१३॥
मनसा बाचा आरम्भ तजियो करम करे नहिं काया ।
सुमर्‌ई एक अखिल अविनाशी, पकड़ि छोटी छाया ॥१४॥
तपसी भए तजि बड़ाई त्यागी, भसति गरीबी आई ।
सर्व निरंजन पकड़ि दुखसुख, छाड़ी मान सगाई ॥१५॥
निरंजन सदा सहाय हमारे, काम न बिगड़े कोई ।
आसा तृष्णा छाड़ि मनोरथ मनकी तुष्ण्या खोई ॥१६॥
पाक पीरई मंद्या म तजि, ढब सब कछु समझाया ।
मनमलि भकसि हृदामें मरही, साध संगति सुख पाया ॥१७॥
पाक पाक में आयें समाने, ठौर मेल कूं नांहीं ।
मैल मैलकी आवगा पहुँचे, समझि देख मन मांहीं ॥१८॥
माया मल सकल भ्रम मैला निर्मल साधू काई ।
पांचस्वाद तजि मने निरंजन, सकल मैल तनि धोई ॥१९॥

हिरदै मैल रती नहीं राखै, भजै सदा अविनाशी ।
गरभवास सो कबहु न आवे, पड़ै न जमकी पाशी ॥२०॥
तन मै कँवल तहा मन मेरा, उलटि न बाहरि आवै ।
स्वाद वस्तु का भारी लाधा, निशदिन अमृत खावै ॥२१॥
जैसे सीप समंद में ऊँडें, स्वाति बूंदलू पठी ।
खारो पांणी पीवै नांही, समटि आपणा यो बैठी ॥२२॥
जैसे नजरि चकोर न खंडे, सीतल सुख कूं लोडै ।
अंगार चुगै पर दाजै नांही, निजरि चंदसूं जोडै ॥२३॥
चातक नीच नीर न ह पीवै, ऊँच बूंद कूँ चाहै ।
तन खोवै पण छाडै नांही, ऐसी सदा निबाहै ॥२४॥
हंस मुगताहल निशदिन ढूंढै, करक कागते न्यारा ।
काग कुबुधि सूँ नेह न बांधे, ऐसो गहै बिचारा ॥२५॥
कीटी भृंग गहै भै हृदै, भृंग होत नहि बारा ।
काया का गुण सबही त्यागै, तब जाय पहूचे पारा ॥२६॥
कुरंग नाद सू नेह लगावे, देह बिसरि सब जाहि ।
धीरज पकडि गहै पण काठौ, बाण बधिक का खाई ॥२७॥
मीन मरै पाणी जब त्यागै, बिन पांणी नहि जीवै ।
भजै निरञ्जन ऐसे साधू, अविनाशी रस पीवै ॥२८॥
पतग दीप कूं सर बस देवै, तन मन आपो खोवै ।
ऐसे साधू सन्मुख हरि सूं, उलटि न पाछो जोवै ॥२९॥

चारी चोर करे हिरदा सुध तजै वेद की आसा ।
माटो मास गहै हिरदा में, समझि[1] दाहिणी माखा ॥२०॥
सती अगनि में काया जारै, पीव प्रीति के माटै ।
तजै सासरो पीहर त्याग, मन फिरहू नहीं माटै ॥२१॥
सूर पीठि पाछी नहिं फेरै, सन्मुख चोटो झालै ।
पैसा मरिदन आनि सबेरी, साहिब तजि नहिं चालै ॥२२॥
चन्दन और वृछ नहिं कोई, और वृछ सब काथा ।
और वृछ चन्दन की संगति, है चन्दन सधि बाथा ॥२३॥
हीरा मोहि पडै नहिं झाई, पांच रङ्ग की कोई ।
फूटि फटकि मणि पैगी आवै, दुख सुख व्यापै दोई ॥२४॥
सतगुरु सरणि गहै सब दुमध्या एक निरंजन पाया ।
करमविवर मीति सकल विपापी, सो मेरे मन भाया ॥२५॥
पाप [2]र पुनि दहूँवे न्यारा, साधों का मत आया ।
ऐसी समझि पड़ी हिरदा में, करम [2]भर मरम बहाया ॥२६॥
साध कहै मिथ्या नहिं भाखै, अविनाशी सुख दीया ।
मन की कसर दई सब न पै, सब भरपाई करि लीया ॥२७॥

---

१ एक शकुन पक्षी की बोली । २ भौर (यह भौर मर का अपभ्रंश है

जन हरिदास अविनाशीसंगति, आवा गवन चुकाया ।
अमर जडी हिरदा में राखी, स्वाद समद में पाया ॥३८॥
जन हरिदास निरभै पदपाया, भैं नहि व्यापै कोई ।
जैसे नदी समुद्र में पहुँचे, एक हुवा तजि दोई ॥३९॥
जन हरिदास काया तजि माया, अरूप रूपमें मिलिया ।
जैसै आटै लूंण न अन्तरि, एक मेक ह्वै मिलिया ॥४०॥

॥ इति योग मूल योग ग्रन्थ ॥ ४५ ॥

## ॥ अथ ज्ञान अज्ञान परीक्षा योग ग्रन्थ ॥ ४६ ॥

बुराई छाड़ि भलाई पकडी, भै तजि निर्भै गाया ।
धरत्यादिक छाड़ि अधर सूँ लागा, मल तजि निर्मल पाया ॥१॥
हीरा गहि कौड़ी सूँ न्यारा, कंचन काच छुडाया ।
कूप छाडि सागर सूँ लागा, झूठ तजि सांच सुहाया ॥२॥
मुक्ता(हल) गहि [1]गुंजासूँ विरकत, विष तजि अमृत पीया ।
थोथा छाडि कणूँका साहया, छाछि तजि घृत लीया ॥३॥
[2]मर्कट मति त्यागी हिरदासूँ, [3]कूरम मति ले जागा ।
[4]काग कुबुधि सूँ विरकत हूवा, हंस बुधि सूँ लागा ॥४॥

---

१ घुघुची (रत्ति) २ चचलतावश बन्धन वाली वस्तु को नहीं छोड़ना ३ इच्छित प्रिय वस्तु को नजर से व ध्यान से अखंड देखना ४ मलीन वस्तु को ही चाहना अवगुन त्याग गुणमेंही रहना

[1]उत्सु ज्ञान नहीं मन माने, [2]चकोर ज्ञान चित धारया ।
भँवर वासना लेइ कँवलकी, [3]मींडक का मत डारया ॥५॥
कायर का मत परिहरि प्राणी, [4]सूर मता में रहिए ।
बड़ो पुरुषों सूं मिलता नारी, पति वरता क्यूं कहिए ॥६॥
पतिवरता पति कूँ नहिं छांडे, सिंह घास नहिं खाई ।
साधू सदा भजे अविनासी, चोर चोरपे जाइ ॥७॥
सती सीस में रहे अहो[5]निस, असती भांम के कांठे ।
सती असती संग नहिं बैठे सती असती पै नाठे ॥८॥
कंचन थिरम बराबरि तूले, पड्या अगनि में न्यौरो ।
थिरम असै कंचन क्यूँ को त्यूँ, मिटै थिरम को जोरो ॥९॥
पड़े फटक में पांणु भाई, हीरा में नहिं पैठे ।
[1]अवरसि घण विधि हीरा गहरे चोट फटक परि बैठे ॥१०॥
ज्ञानी और अज्ञानी मिलता, असौ मिलै नहिं कोई ।
वाके हिरदे एको आवे, वाके हिरदे दोई ॥११॥

---

१ एक रति से वस्तु मनहोष्म करना २ बीचमें रहना संसार ३ मालूम होकर पीछा संसार में गिरना ४ सिर के साई ईश्वर को बात करना ५ रात दिन ।

[1]धरम, नेम, तीरथ, व्रत पूजा, अज्ञानी आनहि धावै ।
ज्ञानी एक निरञ्जन सुमरै, पांचू स्वाद छुडाया ॥१२॥
[2]धरी देह धणी कूँ राखै, बिन आकार न मांनै ।
अज्ञानी के ऐसी मति हिरदै, अविनाशी नहि जांनैं ॥१३॥
ज्ञानी देह झूँठी करि जानै, विन देही कूँ ध्यावै ।
[3]एक र पांच पचीसूँ परहरि, सुखमै जाय समावै ॥१४॥
अज्ञानी भरम करम मूँ लागै, आंन कथा नहि भूलै ।
ब्रह्म ज्ञान सूँ हेत लगावे, जल थल मांही झूलै ॥१५॥
ज्ञानी भरम करम सब त्यागै, अणभै कथा सुणावै ।
सुमरै एक अखिल अविनासी, आंन कथा नहि भावै ॥१६॥
अज्ञानी कूं ज्ञानी नहिं मानै, दहूँ मनों मत होई ।
ऊँट र भैसि मतो नहि मिलिहै, भावै देखो जोई ॥१७॥
पतिव्रता विभचारणी, संगति सुख नहि कोय ।
तेल नीरमूँ ना मिलै, ल्हसण चन्दन भी दोय ॥१८॥
सांचै झूँठै ना मिलै, मिलै न कायर सूर ।
रात [4]द्यौंस से ना मिले, (मिले न) लोहे हेम हजूर॥१९॥

१ ईश्वरार्पण बुद्धि रहित कर्म २ पंच भौतिक देह युक्त ( मूढा मामेव जानंति मानुषीं योनिमाश्रित ) इस गीता वाक्य मै कही हुई भावना ३ प्रधान कुम भेद बुद्धि ४ रात्री दिन मे नहीं मिलती ।

सोनै काई लागि है, कंचन काई नांहि ।
अज्ञानी ज्ञानी ना मिलै, समझि देखि मनमांहि ॥२०॥
ज्ञानी आरम्भ ना करै, रहै निरालम्ब होय ।
अज्ञानी आरम्भ करै, सदा सहै दुख [1]दोय ॥२१॥
ज्ञानी पाप करै नहीं, डर पकड़ै जगदीश ।
अज्ञानी पाप करै सही, भजै न केवल ईश ॥२२॥
ज्ञानी गाफिल ना रहै, सदा सचेत स्वभाव ।
अज्ञानी गाफिल रहै, फिरि फिरि विष फल खाय ॥२३॥
ज्ञानी कपट करै नहीं, कपट करै अज्ञान ।
ज्ञानी सुमरै अलख कूं, अज्ञानी सुमरै आन[2] ॥२४॥
संगति तजि अज्ञानकी, ज्ञानी संगति लेख ।
ज्ञानी मांय अवाखसी, भिविध ताप तजि देख ॥२५॥
निरञ्जन सरनै दुखनहीं अ.रि सकै नहिं काल ।
जैसे गहरा समन्द में, पड़ै म[3] झींवर जाल ॥२६॥
औंको पांखी और सब, माया को अङ्ग देख ।
बिना निरञ्जन दोखसी, करसी अहौला मेख ॥२७॥

---

१ जन्म मरण २ भ्रम्म (माया) ३ भिन्न देखता ४ मच्छी मार का जाल

जलथल मांही भरमणां, विना निरञ्जन राव ।
[1]जोनी संकट आवणां, फिरणां ठांऊ ठांव ॥२८॥
माया तजि भजि नांवनिरञ्जन, जीवत अंजलि नीर ।
यौ औसर भी वहोड़िन लाभै, जमका काटि जन्जीर ॥२९॥
सतगुरु तोहि समझावे नीके, तूं क्यो भूलौ जाहि ।
ज्ञान दाढ समता जिह्वा मूं, काया के गुण खाही ॥३०॥
भै सूँ अलख निरञ्जन भजिए, गाफिल रहिए नाहि ।
पांच स्वाद तजि पर हरि दुखसुख, यहुमत गहि मनमाही ॥३१॥
भारी दुख है राम विसर्यां, लख चौरासी जूनी ।
प्रम प्रीति सूं भजि अविनाशी, ज्यूं पहुचै चौथी[2]सूनी॥३२॥
मौत [3]दिहाड़ा आव नेंड़ा, तूं क्यू गाफिल सोवै ।
निरञ्जन भजितजि आंन सगाइ,(तूं)क्यूं जन्म[4]अविरथा खोवै॥३३
काल कहर सूं डरपै नांही, ले ज्यूं चिड़ि [5]सिचांणा ।
विना निरञ्जन या गति होई, जमकै लोक सिधांणा ॥३४॥
वार वार तो कूं समझाऊं, अजहूं समज्या नांही ।
संसार सकल सुपनां सा देख, तौ समझ्या मन मांही ॥३५॥

---

१ योनि दुःख (चोरासी लक्ष) २ परमपद ३ मृत्यु के दिन ४ निरर्थक ५ बाज ।

ब्रह्म महेश इन्द्र शक्ति लौं, स्थिर कोई नहि दीसै ।
स्थिर है एक अखिल अविनाशी,(और)काल सबन को पीसै॥३६॥
गोरख नाथ कबीर कूँ, काल सकै नहि मार ।
जन हरीदास निरंजन मांहि (समाइया) पहुँचा पेली पार ॥३७॥
जन हरिदास सुख पाइया, सतगुरु सरणैं आय ।
वास किया सुख सिंध म, काल कदै नहिं खाय ॥३८॥
जन हरिदास भ्रमे नहीं, याही निश्चल ठोर ।
भागा भरम विकार सब, सहर गया तजि चोर ॥३९॥
जन हरिदास अविनासी पाया, काया नगरी मांही ।
सो जहां तहां भरपूरि है, कबहु बिनसै नांहि ॥४०॥

॥ इति ज्ञान प्रकाश परीक्षा योग ग्रन्थ ॥२१॥

## ॥ अथ पद लिख्यते रागगौड़ी ॥

### ॥ प्रथम पद ॥

च्यार [1]पहरदा कांमहै [2] विणजारिया तेरा जागण दा-छक एहवे।
सोवणादी विरियां नही विण जारिया तूं नाव निरञ्जन लेहवे ॥
नांम निरञ्जन लहवे अहोनिश विलम न कीजें वीर वे ।
जैसा कमांवे पावै तैसा नही किसी दा सीर वे ॥
सुख थोडा दुख वहोरे अनन्त है राम भज क्यूं नहि वे ।
जन हरिदास कहै विणजारीया तूं मति भूला जांहि वे ॥१॥
बाल अवस्था गति मति वुद्धि थोडी विणजारिया दुख सुख-
जांणै नांही [3]अयाण वे ।
मोह लग्पा माया ठग्या विणजारिया तूं भूलानांम भूलांन वे ॥
नाम भूलो ना फिरै चौरासी दिन दिन [4]प्रोढा होय वे ।
कहू कहुं डर कहू मिलि खेलै, अस्तन मांग रोय वे ॥
देह अवस्था पलटन लागी खरा खजानां जाहि वे ।
जन हरिदास कहै विणजारिया तूं सकै तो हरिगुण गाय वे ॥२॥

---

१ प्रहर का (पंजाबी भाषा में का की जगह दा आता है) २ विणजारा अर्थात व्यापारी (प्राणी) ३ अज्ञानि ! ४ पुष्ट

ग्यान अमल्या और बहोत विणजारिया सकलो ओर निवारि वे ।
हरि सुमिरण हिरदै धरो विणजारिया चालो देखि विचारि वे ॥
चालो देखि विचारि सहज घरि साचा सौदा लेहु वे ।
[1] कर मनुष जन्म हीरा पाया कौडी सटै न देहु वे ॥
मै छाडो निरभै भजो यह संक्षेप गुज वे ।
जन हरिदास कहै विणजारिया लेखा देणा [2]तुझ वे ॥
बरस पचास पूग्यें दीया विणजारिया धरा छीला पहरा एह वे ।
सुत वनिता पर वार पखेरा विणजारिया मूल हमारा यह वे ॥
मूल हमारा येह बड़ा मैं बहोत लिया सिर भार वे ।
अन्तिकालि कोइ संगि न चलै फूटि हांडी ज्यां वे ॥
के गारें के अंगनि जालें पूठा वैसे भाव वे ।
जन हरिदास कहै विणजारिया मी [3]चिद् अकेला जाय वे ॥४॥
अवधि सवाई बहि गई विणजारिया तूं चाल्या पूंजि हारि वे ।
और विणज सबही किया विणजारिया तैं लाध्या न राम संभालि वे ।
तूं लाध्या न राम संभारि सहज घरि सतगुरु सरखे भाय वे ।
मारग मुकत है [4]गैं ज्यूं त्यूं चाल्या खोटा खाय वे ॥
समझि नहीं थे खरा न खोया मला न उपज्या माल वे ।
जन हरिदास कहै विणजारिया तेरि मौष्पवत विधि चाकी नाव वे ॥५

---

१ हाथ में २ तुमे ३ मेल ४ रोंगे ५ संसार रूप जल में शरीर रूपी जहाज बह गई ।

॥ पद २ ॥

मनुप जन्म धरि हरि भजौ नाव निरञ्जन लेह वे ।
नग निरमो[1]लिक कर चढ्या कौड़ी सटै न देह वे ॥
कौड़ी सटेन देहूँ हीरा वाम जल थल है सही ।
तन धरै घरि मरह जामें भगति हरि न्यारी रही ॥
राम भजि हरि सबल साथी भरम भै चिंता [2]तजौ ।
अपरम्पार अपार अवगति मनुप जन्म धरि हरि भजौ ॥१॥
जन्म अमोलिक जातहै जांणौ कोई नांहि वे ।
राम भजन कां भै नहीं निशदिन भूला जाहि वे ॥
निशदिन भूला जाहि तहां गुर ज्ञान विन दुख पाइये ।
हरि भजन रस रीति न्यारी वहोरि फिरि पछताइये ॥
मूल दीरघ प्रथम दुख सुख विधा था कासूं कहे ।
भगवन्त भजि नर जरा ग्रामै जन्म अमोलिक जात है ॥२॥
नगर [3]अविद्या तहां नर बसै मन माया सूं हत वे ।
ममता मद मता फिरे चेतै नहि अचेत वे ॥
चेते नहीं अचेत अजहुं करम वसि पर दुख सहे ।
गुर ज्ञान विन नर न्याय अंधा काच सूं कन्चन कहे ॥
खबरि विन नर खाय खोटा कांम [4]विपहर संगी डस ।
काल कै कर केम निसदिन नर अविद्या पुर वस ॥३॥
मोह महल में मन सोवै चिंता [5]सौड विछाय वे ।
सांमै की सज्या भई मनसा जहां तहां जाइ वे ॥

१ अमूल्य रत्न २ चचलता आदि ३ मूलाज्ञान ४ सर्प ५ विछौना

मनसा जहां तहां आप दहि दिसि त्रिविधि मायप संगि भज्या।
सुखसील [1]साधी साध नांही कुपुच कांटा उर भज्या ॥
हरि नांव निर्मल नीर न्यारा कर मसि लगी [2]मसिर्व धावे ।
मज्ञान भस्पर्सि पांच रस वसि मोह महलमें मनसो वे ॥४॥

भवसागर सूं भव मांच्या तहां तुम्हारा भास वे ।
[3]गोविंद हरजी का नाम है झूठी झूठी भास वे ॥
झूठी झूठी भास हरि विन तहां क्यूं मठ छाइये ।
राम भजि मन राखि निःपक्ष पार ऊठरि जाइये ॥
भगाह गहिए भकह कहिए भमर भजि भवरा भस्या ।
जन हरिदास हरि बिन पार नाहीं भौसागरसूं भरभस्या ॥५॥

॥ पद ६ ॥

जगमें ऐसा सा भीकवा सुपना कासा काम वे ।
[4]आप पवि ई देवया भज्यो न कवहूं राम वे ॥
भज्यो न कवहूं राम सकलास एक रस लागा रहो ।
संसार दुख सुख पाप वेवी कुपहि कुसंगति क्यूं [5]वहो ॥

1 मिश्रपंथ में नहीं है २ अज्ञान से अज्ञान्य जोवे ३ गोविन्द ( ब्राह्मण )
४ भगाव ५ धारण करते हो

गोविन्द गावो गरव छाडो जाणी जहर न पीवणां ।
तव संग तात मात न[1]संगा वन्धु जगम ऐसा सा जीवणां ॥१॥
या सुख का दुख अनत है, गिणती ज्ञान न होय वे ।
सो, सुख पहली छाडणां, पला न पकड़ै कोय वे ॥
पला न पकड़े कोय तेरा, एह अरथ विचारिए ।
जागि पंथी कहा सोवे, सोय [2]सरवस हारिए ॥
उलटा पंथ संभालि पंथि, सति सवद सत गुरु कहै ।
विविध विपवन मांहि विपहर, या सुख का दुख [3]अनत है॥२॥
यहु तन तो यूंही गया, सरया न कोई काम वे ।
परनिंदा करि में वडा, भज्या न कबहु राम वे ॥
भज्या कबहुं राम यही छकि, माया के छकि मिलि रहया ।
हरि परमगति परमाण पर, हरि नींच जल नीचा वहा ॥
जहर फल जग आप खाधा, जीव सब पर वसि भया ।
हरि प्राणनाथ निकटि न्यारा, यहु तन तो यूंही गया ॥३॥
अपणां अपणां मन मते, चालत है सब कोय वे ।
मरणां है जीवण नही, जीवत मरै न कोय वे ॥

१ यहां नकार का अन्वय तातादि तीनों के साथ है ( देहली दीपकन्याय से ) २ सर्वस्व ३ दूसरी जगह

जीवत मरे न कोय परपसि, मरण दुख सिर परि भर्यां ।
मरौ जोगी मरण मीठा, मरि मजौ साहिब मांभ्या ॥
संसार में कोई अमर नाहीं, अमर हरि भजि गुण गवे ।
हरि परम सगी जाणि सुला भपर्यों भपर्यों मन मवे ॥४॥
माडा डूंगर वन भर्यां, नदियां ऊंडा नीर पे ।
शूर विसावर चालणा, मन धरि सके न धीर वै ॥
मन धरि सके न धीर, बहु दुख सुखमनां फूटी बहै ।
जैसा आहे लखे तैसा, नफा टोटा सिर सहै ॥
और कूँ यहु दोस नांहीं, किया पावे आपणा ।
जन हरिदास दुरमख दुख सदा, रण भाडा डूंगर वन भर्यां ॥५॥

पद ४ राग गोडी ( अथवा आसावरी )

मन रे तूं स्यायां नहीं भपांवारे। थोड़ी राती बहोत क्या सोवे
जागिन देखि दिवाना रे ॥ टेर ॥
माया देखि कहा मन फूल्यो, देखि देखि मस्ताना रे ।
झूठी काया झूठी माया, झूठे हेति बंधांणा रे ॥१॥ मनरे०
हटवाड़ा भावे ज्यूँ बिछड़े, समझि देखि गैवांना रे ।
भाजि नहीं तो कालिन रहणां मरण[1]नदी बहि जानार ॥२॥मनरे०
[2]भोपति बहोत कले माया में, मीर मलिक सुलितांनारे ।
जन हरिदास विरला जन कोई, उलटी पांख उडायारि ॥३॥ मनरे०

---

१ बोतरी २ मृत्यु रूप नदी ३ राजा

पद ५ ताल रूपक २ धनासरी में भी गाया जावे

सजन सनेह रावे, प्रांन हरी गुन गाय ॥ टेर ॥
भॅवर ज्यूं मन फिरे दहि दिस, काल दहि दिस है सही ।
जहां लागे तहां कांटा, (निज) नांव बिन निरभे नहीं ॥१॥
अजहुँ जीवड़ा कहा सोवे, जुगति जांणिन जागही ।
आक जड़ क्या दूद सींचे, अंति आम[1] न लागही ॥२॥
जांणि ऐसे भजो गोविन्द, परसि हरि रस पीजिए ।
(जन) हरिदास हरि गुण गाय निसदिन, प्रांण हरि कूँ दीजिये३

॥ पद ६ ॥ (ताल दीपचन्दी) (काफी में भी गावो)

सोई दिन आवेगा अपणां राम संभालिवे ॥ टेर ॥ ॥६॥
अनेक रावण सेनि जोधा, मांण मूँका वे गया ।
काल झालमें सकल आया, तन स दावानल[2] दह्या ॥१॥
असुर सुर खसि पहुंम ऊपरि, खड्ग कर गहि तोलता ।
जरासिंध बलि कहां विक्रम, बोल अबला बोलता ॥२॥

---

१ आम्र २ वन की अग्नि

(नोट) इस पद की ताल कहर वा अथवा आसावरी में गावे तो दीपचन्दी

पांच पांडव कहां कौरव, एक मेले सब भया ।
सिसुपाल सैन्या कहां यादव, कहो वै कोई रया ॥३॥
हिरणाकुस हिरणाख मुचकुंद, कहां महादानी भया ।
कहां छलबल कहां माया, अंति सब खाली गया ॥४॥
मरघा पैंधा सकल बिनसे, काल कांटा लागि है ।
अधर वस्त अनूप अन्तरि, (कोई) साधु गुर गमि जागि है ॥५॥
पतिसाह भूपति कहां सुरपति, काल सब परि जारि है ।
जन हरिदास सूं [1]छिम होय मत ज्यूं, कोई घाट हरिमन टारि है ॥६॥

॥ पद ७ ॥ (दीपचन्दी ताल)

जीवड़ा जाय कहां तूं रहसीये, करणहार करतार न जान्यो ।
सखित मोह संमि बहसी ये ॥ टेर ॥ ७ ॥
काची परख सराफी खोटी, तातैं परखुल सहसीये ।
राम नाम निज मद न बांध्यो, काल [2]चपटा व गहसी ये ॥१॥
हरि प्रीतमसूं प्रीति न बांधि, झूठ तहां जाय उलसी ये ।
जब जम माया झूठ दिखाया, [3]रसना लालचे फसी ये ॥२॥
सब येही जीवड़े किया [4]पयाना, बहोड़िन यह तन [5]सहसीये ।
जन हरिदास माया अपराधनि, बहौत भांति कर दहसीये ॥३॥

॥ पद ८ ॥ ( ताल कहरवा )

समझि देखि कछु नांहीरे, तूँ नांही नांही सु लागा ।
साचन सूझै मांहीरे ॥ टेर ॥ ८ ॥
परम सनेही छाड़ि आपणां, विष अमृत करि खाजे रे ।
सूकर श्वान श्याल कौवा गति, काल सदा सिर गाजे रे ॥१॥
हंस बटाऊ पर घरि बासा, अब तूं समझि सयाणां रे ।
पांच सात दिन एक आधमें, ऊठि अकेला जानां रे ॥२॥
काल [1]कहर की चोट सकल सिर, कै मारया कै मारे रे ।
जन हरिदास भजि राम सनेही, सरणां राम उबारे रे ॥३॥

॥ पद ९ ॥ ( ताल कहरवा )

तब हरि हमकूं जाणेंगे, जाणेंगे हरि जाणेंगे ॥ टेर ॥ ९ ॥
मात पिता परिवार सकल तजि, सबसूं उलटी ताणेंगे ।
हरि है साच और सब झूठा, वा हरि सूं बाणिक बाणेंगे ॥१॥
आन दशा सूं जब मन थाका, करम भरम संगि नाणेंगे ।
राम रसायण का मतिवाला, आदू प्रीति पिछाणेंगे ॥२॥
सौकणि उलटी सखि जबहीं हिगी, उलटी नदी चलाणेंगे ।
पारा बांधि प्रेमरस पीया, रोम रोम रुचि माणेंगे ॥३॥

---

१ प्रगटगोद

जन हरिदास [1]सासा सब भागा, राम रसायण पीवेंगें ।
आंन सकल सुख विषभरि देख्या, हरि समर्थ मथि जीवेंगें ॥४॥

॥ पद १० ॥ ( गतकहरवा )

तब हम हरि गुण गावेंगें, गावेंगें गुणगावेंगें ॥टेर ॥१०॥
काम क्रोध सासा सब बीत्या मोहमता मुरझावेंगें ।
पांचू पकड़ि आप असि खड़ेंगे, बंक नालि रस पीवेंगें ॥१॥
दुख सुख छाड़ि सहज घरि खेले, छुधि त्रुषि सू खावेंगें ।
ऊरधादि छाड़ि उलटि मनसुरुटा, एक दिशा कूं धावेंगें ॥२॥
सतगुरु सबद चांदिणा मेरे, अगम तहां हम जावेंगें ।
सैंपुम परगट घर पूरया, सुनि मण्डलमें पावेंगें ॥३॥
घट घट अघट घटल हरिनांही, सोई रमता राम रमावेंगें ।
जन हरिदास [2]दास हरि मथिमथि, हरि ही मांही समावेंगें ॥४॥

॥ पद ११ ॥ ( मत कवाली सोरठ में भी गाया जावे )

समझि देखि मन मेरा रे, या जगमांहि जागि हम देख्या
सगा न कोई तेरा रे ॥ टेर ॥ ११ ॥

---

१ संशय २ भक्ति मत्त भगवन्त गुरु चतुर्नाम वपु एक । इन्ह पद रज बन्दन किये नासत विघ्न अनेक ॥

तात मात वनिता सुत बन्धु, जतन जीवतां करही रे।
मूवां जालिबालि घरि आवे, ता मरहट तें डरही रे॥१॥
राम बिसारि हारि मत चालो, कहि समजाऊँ तोई रे।
माया मांच संगि ले जाता, देख्या सुराया न कोइ रे॥२॥
जामैं[1] मरे मरे फिरि जामें, मृतलोक में आवे रे।
जन हरिदास देखि मतिमंदा, गोविन्द काहि न गावे रे॥३॥

॥ पद १२ ॥ ( गोडी ) ( अथवा माढ ) ( गत दीपचंदी )

राम नहीं विसरू मेरे गुरगमि दियो बताय ॥ टेर ॥
ज्यूं नटणी निरभै थकी, [2]वरतैं लागी जाय।
इत उत चित डोलै नहीं, चित वरतां रह्यो समाय ॥१॥ राम०
मरजीवौ समदां धसे, तनमन सुरति समाय।
बीचि कहुं अटके नहीं, निजसीम संभाले जाय॥२॥ राम०
गुरज नालि गोला वहे, धनुप वांण भरपूर।
श्याम काम सन्मुख लडे, उलटिन खेले सूर॥३॥ राम०

१ जन्म लेवे २ रस्सी

ज्यूँ चात्रिग मनकूँ रट, पीव पीव करत [1]बिहाम ।
यूँ जन हरिदास हरि नांवमें, मन सबसें रह्यो समाय ॥४॥

॥ पद ११ ॥ ( राग दीपचंदी )

है बलवन्ती माया जगमें, जिया सकल सकल सिर सेती—
खांव भवे के खाया ॥ टेर ॥
माया पुरिस नारि पुनि माया, माया मांन सगाइ ।
माया स्वामी माया सेवक, बहोत भांति करि भाई ॥१॥
जोगी सग जोगणि होय चाली, भगतणि भगत मनाया ।
[1]सोफी संगी सोफणि होयचाली, मार्थे मुकट धराया ॥२॥
[2]सींगी रिख सखिमहोय सास्मा, [3]नारद रूप फिराया ।
[4]शङ्कर का मन मोही बैठी, नानाभांति नचाया ॥३॥
अगनि रुप हाथ में लें खावत, परसि परसि परचावै ।
जन हरिदास विरला जन कोइ, उलटि परम पद पावै ॥४॥

---

१ समस्या जिन्द मस्तीमा पीता  १ मस्काय २ वर्णन बरो वाख्य
३ इन की विस्तार कथा वा रामायण के बालकांड मेहै
नारदजी की तु ।। अथवा अन्य पुराणो में भी है ४ शङ्कर की
[illegible] भागवत में है ।

॥ पद १४ ॥ ( गत कहरवा ) ताल १

जिवडा जागिन देखै लाइवे, जम जागतहै तूं क्या सोवै ।
राम सुमरि मेरा भाईवे ॥ टेर ॥
निशदिन [1]आव घटे तन छीजे, ज्यूं अन्जलि का पांणी वे ।
तजी [2]अलसाक अलपहै जीवन, समझि देखि अभिमानी वे॥१॥
मात पिता सुत वित[3]भी नारी, संगि न चाले कोई वे ।
यनसूं लागी विकट मति औरा, मनुप जन्म निधि खोई वे ॥२॥
वांसै वाहर छिप्यो न छूटे, देही जुरा बुढाणी रे ।
पंडर [4]केस हाथ नैनां परि, काल धजा फहराणी वे ॥३॥
औघठ घाठ विचाले दरिया, तहा मेरा नांव मुरारी रे ।
तहां लागिते पार न कीया, परदेसी अहंकारी वे ॥४॥
(जहां) उदै न अस्त काल नहिकाया, (सोई) परम सनेही तेरा वे ।
हरीदास जन टेरि कहत हूं, तहां चलो मन मेरा वे ॥५॥

॥ पद १५ ॥ ( गत कहरवा )

राम [5]असांडा मांई हो, राखो ओट चोट क्यूं लागे ।
समझि पड़ कछु [6]नाई हो ॥ टेर ॥

---

१ आयु २ आलस्य ३ धन ४ सफेद ५, हमारा ६ नहीं

पांच पचीस सदा संगि लागे, भांवरि फेरै भवाइ हो ।
तुम भटको तो षट्दिन व्यापे, हम पस कछू न बसाई हो ॥१॥
नारद विरद परम सुखदाता, यहु दुःख कासूं कही हो ।
करम¹विपाक विघन होय लागा, तुम राखो तो रहिए हो ॥२॥
समद अथाह अगाह करणांमे, गोडी करे नित गाजे हो ।
तामै मछ कछसा लेजै, मंनि दुरै सो लाजै हो ॥३॥
ए भवरूप भनत मोहि मार, भव कूप में घेरा हो ।
जन हरिदास कूं आस न दूजी, श्राम भरोसा तेरा हो ॥४॥

॥ पद १६ ॥ ( राग कहरवा )

समझि सुख पाईया रे, ता सुखमें रह्या समाय ॥ टेर ॥
समझि सवाई सब पड़ी, सतगुरु तब भये सहाय ।
गुरु कृपा ते हरि भज्यो, गुरु दिया साध बताय ॥१॥
अगम पियाला रुचि पीया, तृष्णा तृपति बुझाय ।
पूरे गुरु बिन बाहोरिया, दग होय सखाय ॥२॥
निस सूझा दिन समझि है, दिन सूझा समझ नांही ।
दूं ताका संग छाडिये, काहै भो बखि बाहि ॥३॥

---

१ कथ १ दु रा एहि कथि काव अराव मैं मन करि देख बिचार ।
श्री रत्नाकर नाम तजि नहि बहु भाव भाचार ॥

जग संग लाभौं जल पीवे, हरि जन पीवे नांहि।
जन हरीदास ज्यां हरि भज्या, ते खोटा अनतन खाहि ॥४॥

॥ पद १७ ॥ ( गत कहरवा )

गाफिल नींद न करिएरे, जीवण नहीं मरण शिर ऊपरि ;
ता मरणां सूं डरिए रे ॥ टेर ॥
रजनी मोह नींद भरि सूता, परम भेद नहि पाया रे।
अति अभिमान वदत नहि काहू, हीरासा जन्म गमाया रे ॥१॥
गहि गुरु ज्ञान जागि जीव जोगी, झूठे भरमि भुलानां रे।
हरि सूं विमुख नाचि नांनाविधि, छाडि तजे सुलितानां रे ॥२॥
आयौ थौ तूं साचे सौदे, काचे लागो भाई रे।
हटवाड़ा हम बिछडत देख्या, जागौ राम दुहाई रे ॥३॥
अब तूं समझि देखि निश वीति, पैंडां करणां लोई रे।
तस्कर बहुत दूरि घर तेरा, साथी संगम कोई रे ॥४॥
ज़न हरिदास राम भजि भाई, देखि देखि पांव धरणां रे।
हरि दरबारि झूठ नहि भावे, तिल तिल लेखा भरणां रे ॥५॥

॥ पद १८ ॥ ( राग कहरवा )

संतो मोनि मरोरूयां मारे रे, [1]विमक सा हाकम सुधि न्यारा।
कोई मृतक पण्या पुकारे रे ॥ टेर ॥
साधों को मै मारी मानें, हरि सूं नातो पाले रे।
मापे चल्या चली गटकावे, पापक हू[2] पर चाले रे ॥१॥
मनसूं पेठ वह को नावो, भाडो परदो राखे रे।
मूवा सब वेपर करि देख्या, रसना मने पाले रे ॥२॥
[3]भोंपरि करे सफल समरूपरि, घटघट मांही भावे रे।
जन हरिदास सिरजनहारो सेवे, ताका मरणा नाम रे ॥३॥

॥ पद १९ ॥ ( कहरवा )

निद्रा मोही पकी मसो से, बादि पड़ी सिर ऊपरि सेवे।
भावी मरणी सोसे ॥ टेर ॥
पाखी नैन बैन कंठ रोके, पवन मर्या पुकारे।
पाव परै रीतारी फीका, कांई कल बिठकावे ॥१॥
भांवर करे भमकनकी वेदी, भाई ने सूं भावे।

---

१ यथा २ प्रज्वलित करता है ३ भ्रमर माने मरम मननी शब्द

ता आगे जोगी जुध करिजांगे, उलटी ताली लावे ॥२॥
अगम पियाला भरिभरि पीवे, निरभै नाद बजावे ।
जन हरिदास निद्रा अपराधणि, गंग तरंग दिखावे ॥३॥

॥ पद २० ॥ ( कहरवा )

राम भजन हिरदै नहि हेत, जहां तहां अपणां मन हेत ॥टेर॥
मोह दोह माया मदमाता, देखौ जीव जहर फल खाता ॥१॥
हारजीति का पासा हाथे, नरक चलै दुरमति ले साथे ॥२॥
जब लग जीव पांचका चेरा, तब लग काल न छाडै[1] केरा ॥३॥
जन हरिदास नरनींद न जागे, साच कह्या कांटासा लागे ॥४॥

॥ पद २१ ॥ ( कहरवा )

संतोमदर भेख पणि तृष्णां व्यावे, भजन भेद यहु नाही रे ।
बाहरि साहूकार कहावे, [2]गांठी छोड़ा मांहीरे ॥टेर॥
दीसै सिंघ स्यालते कायर, जब लग जोगन लाधारे ।
सां सौ पकडि आय बसि कीया, कुबुधि कांमणी खाधारे॥१॥
पहरि [3]सनाह सांग नहि साही, [4]बट पाडों घर रूधारे ।
साहिब छाडि खेत खिस चाल्या, लूण हरामी सूंधारे ॥२॥

---

१ पीछा २ जेबकट ३ कवच ४ लुटेरोंने

सोवततिनके सुर ससि साईं जिनमनमण्या ¹सोमठकीयार।
जन हरिदास सोई मतिवाला, जिनराम²रंग्यामण पीमारे ॥३॥

॥ पद २२ ॥ ( कहरवा )

आये साध भये अहलाद, जिनके नहीं विष रसवाद ॥टेर॥
उनका कहा बरनो विसतार, रामसनेही भर भाव भवार॥१॥
सीतल कोमल संत स धीर, जाम जन्म की मेटी पीर ॥२॥
जन हरिदास आनन्द अमहोय, साध मिल्यां विपदारह्याखोय॥३॥

॥ पद २३ ॥ ( कहरवा )

राम भजन बिन जन्म गुमायो, आलस है अपणा ³वितहारी ॥टेर॥
रे मतिहीन ! समझि मनमांही हरि बिन सगा न सके कोई ॥१॥
उनमनि लागि ⁴गगनरमपीवे अपणा जन्म सुफल करिलीवे॥२॥
जन हरिदास गोविन्द गुणगाय, सहज समाधि परमपद पावे॥३॥

॥ पद २४ ॥ ( कहरवा )

पावरे कैसा भजन तुम्हारा मनहू पकड़ि सहज घरि खेलो ।
माया रहू दुधारा ॥टेर॥
मैं सति पूछूं तुम सति कहियो राखा कहा ⁵दुराया ।
भवहै एक कहां लगायो, एक भया दूजी माया ॥१॥

---

१ रैनायस्र । २ [illegible] ३ [illegible] ४ [illegible]

कञ्चन छाडि काचमं खेलो, तब लग काची सारी ।
माया गहौ ब्रह्म होय बैठा, एक अचंभा भारी ॥२॥
अरथ करे अनरथ उर अन्तरी, परम भेद नहिं पाया ।
जन हरिदास ऐसा अपराधी, स्वामी पणे संताया ॥३॥

॥ पद २५ ॥ ( कहरवा )

दस औतार दसू ए देसां औगं और चढावे ।
सो बाजीगर भला क नाहीं, एक कूं करे गमावे ॥टेर॥
परम पुरुष का पार न पावे, आमा मू रस लूधा ।
सूधा राह सहज जही छाड्या, उजड़ पड्या[1] अलूधा ॥१॥
निराकार निरभै रे सन्तो, जो अकार सजावे ।
हीड़ागर हीड़ा कूं दौडै, सो भी धणी कहावे ॥२॥
तरंग सिंधु[2] सोभी हरी नांही, निहचै जाय विलावे ।
जन हरिदास अविनाशी भजता, भौ जल निकटि न आवे ॥३॥

---

१ उलझा हुआ २ चलना

(नोट) पद २४ में अवैधसंन्यासाश्रमवादी को प्रश्नोत्तर सूचित होताहै

॥ पद २६ ॥ ( कहरवा )

भवषु भासथा वैसथा कूठा, जब लग मन बिसराम न पाव ।
पख बधि फिरै न पूठा ॥टेर॥
ज्ञान गुफा आर्बे नहि जोगी अगम अरथ क्या सूझै ।
पांव अगनि में पवि बवि दाझे वा सीतल ठौर न बूझै ॥१॥
विविध विकार बाजि भरिभ्रमणु, धूई ध्यान न धारे ।
भ्रम अगनि आकाश न मेदे तो पारा क्यूं मारे ॥२॥
निगम अगम तहां समे न भासन, गरज नाद नित बाजै ।
नगरी मांहि [१]सुगति बसिपुरखा, जहां तहां उठि भाजै ॥३॥
मनगाढि पवन भटकि ले उलटा, परम जोग उर धारे ।
जन हरिदास निरास भरमतजि निरगुण सत्त विसतारे ॥४॥

॥ पद २७ ॥ ( राम दीपचन्दी )

राम रस मीठारे, कब पियां ही सुख होय ॥ टेर ॥
मीठा ऐस जांणी एरे, पीवे नारद सेष ।
मछिन्द्रा गोरख पिवै, रुषि रुशि पिवें महेश ॥१॥
सींगी रिखवन में पिवेरे, हरि अमृत रस धार ।
शुकदेवजी निरमें भया, आंखे सब संसार ॥२॥

---

१ मोष ।

गोपीचन्द निरमल पीवैरे, निरमल पीवै हणमत वीर।
जोगी पीवे भरथरी, जाका अणभै भया शरीर ॥३॥
नाम कबीरा नित पीवेरे, हरिरस बारम्बार।
जन हरिदास ज्यां हरिभज्या, त्यौं भागा भौ मार ॥४॥

॥ पद २८ ॥ ( राग दीपचंदी )

राम रस ऐसारे, अमलि बिन पीया न जाय ॥टेर॥
सो फीको पीवे नहीं, [1]कुपछि पड्या सब कोय।
आरति सूं अमली पीवे, पी मति वाला होय ॥१॥
सो फी सब उल्टा पड्या, अमनी रह्या लुभाय।
भँवर गुफा का घाटमें, उनमन सूं मन लाय ॥२॥
अमली सब संसार है, रह्या विप मन लाय।
जन हरिदास हरिरस पीया, दूजा कछु न सुहाय ॥३॥

॥ पद २६ ॥ ( कहरवा )

करम भरम का किया कलेवा, सांसा जल ज्यूं पीया।
ताती सीली सहज समांनी, हमतौ उल्टे पैंडे जीया ॥टेर॥
सूधै राह सकल जग चालै, पसवा तहां चिलाया।
रसनां स्वाद चहौतयूँ वूडा, वो निरगुण [2]नाह न पाया ॥१॥

---

१ कुपथ २ नाथ ( कहीं राह पठान्तर है )

निरमल कथा परम पद नेड़ा, अधर अमर निज भाखै।।
सुकटि सुरति अगम रस पीवे, परगट पासा राखै ॥२॥
ऐसी अब्या भाषे रंग राता, कापै रंगमन नाहीं ।
जन हरिदास ऐसा जन कोई, बास करै हरि मांहि ॥३॥

॥ इति राग गौडी सम्पूर्ण ॥

राग [२]

॥ अथ राग भैरव १० ॥ (१ ताल दादरा)

ऐसा परापर परम भेद, गुर बिना को देवे ।
मस्तक ऊपरि हस्तराखै, भावयां करि लेवे ॥टेर॥
अभय धन अभय मन, अभय सुख होवे ।
अभय तेज अभय रूप, तरसि तरसि जोवे ॥१॥
अगम गति अगम मति, अगम निधि पावे ।
अगम अगम ब्रह्म स अगम, सतगुरु लै लावै ॥२॥
अनत सूर निकटि नूर, जोति जोति मिलावै ।
जन हरिदास निकटिनाम दास है स पावै ॥३॥

॥ पद २ ॥

सकल व्यापी हो निरंजन तूं सनेही साथा ।
और सकल वाधि ऐसे, कहा बाधूं काथा ॥टेर॥

जागि लागि प्रेम प्रीति, आंन रीति नांही ।
मन पवन अगम गहन, परम सिंध मांही ॥१॥
अगम ज्ञान अगम ध्यान, अगम अरथ छाया ।
अगम जोग अगम भोग, अगम अगम पाया ॥२॥
परम तेज परम जोति, परम भेद ऐसे ।
जन हरिदास अरस परस, खीर नीर जैसै ॥३॥

॥ इति राग भैरव संपूर्ण ॥

॥ अथ राग राम कली ॥ २१ ॥ (गत दीपचंदी)

काहरे मन तूँ परघरिजाहि, हरिजी सा सुखदाइ कोइ नांही॥टेर॥
हरि हरा विणजै क्यूँ नांही, अजब खान तेरा घट मांही ॥१॥
एह सुबुधि चिन्तामणि भई, कौडी कुबधि सहज ही गई ॥२॥
जन हरिदास सुखसागरराम, नित सारया साधां का काम ॥३॥

॥ प्रथम पद १ ॥

आव ! हमारे आंगणे, गृह त्रिभुवन राई ।
तुम बिन मैं विलखी फिरूं, अब रह्यौ न जाई ॥टेर॥
कुल करणी सगली तजी, हरि आनन्द माही ।
तन तज वेकी वेर है, मिलिए क्यूँ नांही ॥१॥

मारति ऊंधा रति भयी, मरा मन मांहि ।
दरस परस की बर है, पति छाडौ नांही ॥२॥
सति पिछाणे साथ कूं, मनां न मानें हीन ।
मन आत्मा एकै भई, तुम सू त्यों लीन ॥३॥
जन हरिदास हरि सूं कहै तुम बिन रहन छीजे ।
प्रेम पियाला पायकै, अपणां करि लीजे ॥४॥

॥ पद २ ॥ ( राग धीदघन्दी )

बाजीगर बाजी रची माया बिस तारा ।
बाजी सू बाजी रमैं, बाजीगर न्यारा ॥टेर॥
काम क्रोध अभिमानका, लै ऐसं बाधा ।
जल थल जीव जहां तहां, बाजी भरमाया ॥१॥
भई पांस ममता पडी, नय डोरि पसारि ।
मोह ढाल भामै सदा नांचै नर नारी ॥२॥
दुख सुख गोटा उछली माया मद पीया ।
ब्रह्मा विष्णु महेश लौं, बाजी बसि कीया ॥३॥
मन चंचल निहचल भया निरमै घर आया ।
जन हरिदास बाजी न पा, बाजीगर पाया ॥४॥

॥ पद ३ ॥ ( गत दीपचन्दी )

मूरख सूं मूरख मिले, मिलि वाद वधारे ।
ममम्या हरि सुमिरण करे, आपा सब डारे ।।टेर।।

काम क्रोध तृष्णां तजे, संगति सुख पावे ।
भौ सागर दुस्तर तिरे, गोविन्द गुण गावे ।।१।।

संगति कीजै साध की, सत साच वतावे ।
भूलां सू कोई जिन मिलो, भूलौ भरमावे ।।२।।

सांग काढि माया मंड्या, हरि बिचि भौ मारि ।
जन हरिदास माया तजै, ताकी बलि हारी ।।३।।

॥ पद ४ ॥ ( कहरवा )

जागो रे अब नींद न कीजै, थौडि गति न सोवोहै ।
कोटि कोटि लेणीरा हीरा, कोडी सटे न खोवो ।।टेर।।

चेतन रहो रखे मति चूको, काम क्रोध भ्रम जारो ।
तारण हार परखे क्यूं तिरम्यो, मोटो जन्म न हारो ।।१।।

प्राणी काय कालने आसा, दिन दिन नेड़ो आवे ।
ज्यूं बालक नां हथां [1]बाटी, [1]हाडो आप छिनावे ।।२।।

1 काक ।

जन हरिदास कायकर ऊपरि मेल्हि तिलां ज्यूं धोये ।
हरि तैं विमुख दाद तजि दरद मूल मथि मन यो खोय ॥३॥

॥ पद ५ ॥ ( कहरवा )

¹हिन्दू तुरक एक कला साइ राम रहीम दोय नहि भाई ॥टेर॥
यहाँ बांभया यहाँ मुल्ला मकर, पेट कत पढ्ये बिसराम ।
राम समारि दूर करि मैंसी, भारउरि एक मसाइ सूं काम ॥१॥
काजी बंदे चोर न करवा साचा सबद सुख्यों सत कौना ।
करइ सपाहि गला क्यूं काटो, कुछ तो डर मालिक का मांना ॥२॥
एमन जीव उपाया साचिब, तासु मारि पड़ो क्यूं दूरि ।
जन हरिदास यहु मग्य विचार तासूं खालिक सदा हजूरि ॥३॥

॥ पद ६ ॥ ( कहरवा )

संतो राम रजा में रहिए मन दे माया सीख दे सदगति
राम राम यूं कहिए ॥ टेर ॥
गृह परिवार मोह तजि मैंतें, मन की गति मन मांहीं ।
तजि अभिमान भजै अविनाशी, अन्तरि भजन पिछांणे ॥१॥

व संसार कहै कछु नांही, सांई कै मनि भावै ।
रण ब्रह्म परम सुख दाता, अपणैं मारग लावै ॥२॥
रितैं विमुख लोग वहौं मानें, सद्गति सुणयां न कोई ।
नींदे लोग राम वित चितमें, ता समि और न कोई ॥३॥
जन हरिदास राम के शरणैं, रहै राम ही गावै ।
भव सागर तिरि निरंजन परसै, निज विसराम समावै ॥४॥

॥ पद ८ ॥ ( झप ताल )

एक हरी एक हरि एक हरी साचा, अलख भजि अलख भजि-
सुफल करि वाचा ॥टेर॥
अविनाशी पूरणब्रह्मतहां मन दीजै, रामभजिरामभजिपरमगतिलीजै १
गायगोपालसति सुमरि मन रामा, काल लागै नहीं सरे सबकामा २
एकसूं एक निरभै मते रहिए, जन हरिदास ज्ञानगहि अगह यूंगहिए ३

॥ पद ९ ॥ ( गत कहरवा )

अवगुण मोहि अनत करणांमें, काम क्रोध रस भावै ।
तारस लागि नींद भरि सूता, तुम विन कौन जगावे माधो॥टेर॥
दारण दसमास दुखित ग्रह अवला, जल मल भोजन कीया ।
वहता मलमूत्र नासिका ऊपरि, उरध सासमें लीया मा० ॥१॥

तप करि कष्ट रामरसि भाया, निहचल राम न गाया ।
तप बल भव्या काल फिरि ग्रास्या, परहाथ प्राण बिकाया मा०॥२॥
कीट पतंग मीन मृग बिसहर, श्वान सिंघ वप धारया ।
सूकर स्याल काग कृमि कुंजर, (ऐसे) फिरत२ पचि हारया मा०॥३॥
बल पल वास प्रुरा संगिमिरे, काल कहर की छाया ।
जन हरिदास अपरणी करि राखौ, पतित सरणि अब आया मा०॥४॥

॥ पद १ ॥ ( ताल कहरवा )

बाबा एह [1]गरीबी झूठी, मन अरु पवन दोऊ एकूटा ।
मनसा फिरै न पूठी ॥टेर॥
मिमिष तापकी कन्था पहरी, मनी टोप सिर आक ।
राग द्वेष की कानों मुद्रा कहा गरीबी-जाकै ॥१॥
परया मेख रख ज्यूं की त्यूं, मोह मदि पसि जीवै ।
तनके मस गम नहीं रीक, विष अमृत करि पीवै ॥२॥

---

१ यहां फकीरी पाठ भी हो सकता है ।

(नोट) इस बराम पद का उपदेश किसी आख्य पतित नाथ क ति सूचित होता है ।

पांच चोर परदेश पहूंता. मिलि खेलै ता मांही।
मनां जोर मुखि कहै गरीबी, असलि गरीबी नांही ॥३॥
जन हरिदास आन तजि अनरथ, (मन) राम नाम व्रत धारे।
राग द्वेष काहू सूं नांही, (या) असलि गरीबी तारे ॥४॥

॥ राग रामगिरि संपूर्ण ॥

## ॥ राग आसावरी ॥

॥ पद ॥ १ ॥ (ताल दीपचन्दी गत)

अवधू ऐसा ज्ञान विचारा, है हरि अकल सकल विच व्यापी।
रहे सकल ते न्यारा ॥ टेर ॥ १ ॥
ल्यौ में अलख अकल अविनाशी, सुरति सु यह मति जागी।
[1]गोरख[2]गोपी परसि पर निरभै, अनहद सींगी वागी ॥१॥
निजपुर प्रांण वसे निति निहचल, पवन सुरति सति माला।
ब्रह्म छौल में झूले खेलै, पीवे अगम पियाला ॥२॥
त्रिकुटि नाथ निज रूप निरन्तरि, नाम निरंजन राया।
जन हरिदास [3]निहौको वंदो, मन फिरि मनहि समाया॥३॥

---

१ गोकहिये इन्द्रियें तिनकुं साक्षि रूप व्है रेख कहैहे प्रकाश ऐसा आत्म स्वरूप २ जीव ३ "निंदौ को" ऐसा भी पाठ है

॥ पद ॥ २ ॥ राग दीपचन्दी ॥

सन्तों सो जोगी निसतारे, उलटी चाल सदा रस पीवे ।
उलटा भेद विचारे ॥ टेर ॥ २ ॥
सब जग मान ध्यान सब साधा, राम कहे करि जीवे ।
उलटि पलटि का प्रेम पियाला, ज्यूँ आवे त्यूँ पीवे ॥१॥
सो मतिवाला घूमि घूमि जीवे, सहज झरे रस खीया ।
छाक्या फिरे सदाई रावल, गुरु पाया उन पीया ॥२॥
पी पी अवधू भया दिवाना, निज सरूप सो जाना ।
जन हरिदास हरि का रस चाख्या, सो जोगी मनमाना ॥३॥

॥ पद ॥ ३ ( राग दीपचन्दी )

अवधू मैं मरा मन समझाया, मन आपया पर आया न दीया ।
फेरि सहज घरि लाया ॥ टेर ॥ ३ ॥
के रूप धरि बैकुण्ठ विचारे, मृत्यु लोक का मारया ।
जो बैकुण्ठ भरया सो पिनसे, हम कछु अगम विचारया ॥१॥
नरक सुरग दोऊ हम तोल्या, ज्ञान तराजू मांही ।
दोन्यू विधा बराबरि दीसे, (इनमें) घाट बध कछु नांही ॥२॥
तीरथ बरत जोग जिग तपस्या, बढ़ी[1] विधा जग मांही ।
जन हरिदास एमला करि देख्या, मन कू परसे नांही ॥३॥

---

१ दुविधा

॥ पद ॥ ४ ॥ ( कहरवा ) (विगड़ी कोन सुधारे की चाल ये)

संतों है कोई जोग जुगति गम जांणे, वहती नदी ज्ञान के पारे।
बांधि अपूठी आंणे ॥ टेर ॥ ४ ॥

राजस तामस सात्विक ग्रासे, सैस नाग कू पीवे ।
अलख अधारी आसा राखे. ऐसा जोगी जीवे ॥१॥

सूखिम गली नजरि में राखे, पांच चरण तलि चूरे ।
परम जोति कै परचै खेलै, अनहद सींगी पूरै ॥२॥

सुरति सवाही सहज घरि धारै, निरमल नेह निवासा ।
जन हरिदास ऐसा जन कोई, देखै अगम तमासा ॥३॥

॥ पद ५ ॥ ( कहरवा आंसावरी दीपचन्दी )

मन रे सो साचा वैरागी, त्रिकुटि कोट उपरि तत आसन।
सुरति निरंजन लागी ॥ टेर ॥

ज्ञान खड्ग ले वन में पैसे, चेला पांच विवोगे ।
असत गोपि सतगुरु सूं प्रगट, प्रेम सूं निरस भोगै ॥१॥

सागर सप्त अष्ट मंडल में, नदी निवासै तांणी ।
उनमनि रहै एक रस लागा, जोगमूल वंध जांणै ॥२॥

अरथ करै करि अरथै दरसै, निज बिसराम न भूलै ।
गुरगम औ घट घाटी लांघै, तिरवेणी संगि झूलै ॥३॥

॥ पद ॥ २ ॥ राग दीपचन्दी ॥

सन्तों सो जोगी निस्तारे, उलटी पाछ सदा रस पीवे ।
उलटा भेद बिचारे ॥ टेर ॥ २ ॥
सब जग मान ज्ञान सब साचा, राम कह करि जीवे ।
उलटि पलटि का प्रेम पियाला, ज्यूँ आमे त्यूँ पीवे ॥१॥
सो मतिवाला झुमि झुमि जीवे, सहज झरे रस खीया ।
छाक्या फिरे सदाई रावल, गुर पाया उन पीया ॥२॥
पी पी मगन भया दिवाना, निज सरूप सो जामा ।
जन हरिदास हरिका इस पिवसे, सो जोगी मनभाना ॥३॥

॥ पद ॥ ३ ( राग दीपचन्दी )

अवधू मैं मरा मन समझाया, मन आपया पर आसा न दीया ।
फेरि सहज घरि लाया ॥ टेर ॥ ३ ॥
कै वप धरि बैकुण्ठ विचारे, मृत्यु लोक का मार्‍या ।
जो बैकुण्ठ धर्‍या सो बिनसे, हम कछु अगम विचार्‍या ॥१॥
नरक सुरग दोऊ हम तोल्या, ज्ञान तराजू मांही ।
दोन्यूं विया बराबरि दीसे, (इनमें) घाट बध कछु नांही ॥२॥
तीरथ बरत जोग जिग तपस्या, बड़ी[1] विया सग मांही ।
जन हरिदास एमल करि देख्या, मन कू परसे नांही ॥३॥

---

१ दुविधा

॥ पद ॥ ४ ॥ ( कहरवा ) (बिगड़ी कोन सुधारे की चाल ये)

संतों है कोई जोग जुगति गम जांणे, वहती नदी ज्ञान के पारे।
बांधि अपूठी आंणे ॥ टेर ॥ ४ ॥

राजस तामस सात्विक ग्रासे, सैंस नाग कू पीवे ।
अलख अधारी आसा राखे, ऐसा जोगी जीवे ॥१॥
सुखिम गली नजरि में राखे, पांच चरंण तलि चूरे ।
परम जोति कै परचै खेलै, अनहद सींगी पूरै ॥२॥
सुरति सेवाही सहज घरि धारै, निरमल नेह निवासा ।
जन हरिदास ऐसा जन कोई, देखै अगम तमासा ॥३॥

॥ पद ५ ॥ ( कहरवा आसावरी दीपचन्दी )

मन रे सो साचा वैरागी, त्रिकुटि कोट उपरि तत आसन ।
सुरति निरंजन लागी ॥ टेर ॥

ज्ञान खड्ग ले वन में पैसें, चेला पांच विधोगे ।
असत गोपि सतगुरु सूं प्रगट, प्रेम सूं निरस भोगै ॥१॥
सागर सप्त अष्ट मंडल में, नदी निवासै तांणी ।
उनमनि रहै एक रस लागा, जोगमूल वंध जांणी ॥२॥
अरथ करै करि अरथै दरसै, निज विसराम न भूलै ।
गुरगम श्रौ घट घाटी लांधै, तिरवेंणी संगि झूलै ॥३॥

मनकूं पकरि सहज घरि खेलै, सुरति सहज घरि मारै ।
जन हरिदास महरषि परमसखी, तब हरि हाथ पसारै ॥४॥

॥ पद ६ ॥ ( कहरवा )

मन रे सो साधा जूवारी, जुंसै खेलि परम निधि परसै ।
बहोड़ि न रोपै सारी ॥ टेर ॥

पहली खेली बहुत दिन हारया, सतगुरु समझ न आई ।
अब तो दाम परसतजि पूरया, उलटि सार चलाई ॥१॥
तीन पांच नव बावन खेले, भजि दसवै घरि आई ।
अब या सारि पड़ै नहि काची, ठौड़ अमोलिक पाई ॥२॥
दुख सुख डाव चाल चौरासी, त्रिविधि ताप तजि पासा ।
सारी प्रांण प्रेम घरि सौंपी, भरम भसूधी भासा ॥३॥
चित चौपड़ी चेतन घरि चौबै, दोऊ भेलि सुग हवा ।
खेलै सदा सुरति के नाका फूटि न चालै जूवा ॥४॥
उनमनि रहै निरन्तरि निस दिन, निज सरवर की छाया ।
जन हरिदास सतगुरु के सरणैं, करम न व्यापै काया ॥५॥

॥ पद ७ ॥ ( कहरवा )

पांडै अपणी अगनि बुझावो, हमतो अपणें राम पसतर हैं ।
सुस काहे दुख पावो ॥ टेर ॥

था ? तुम कौण कहों ते आया, अनत लोक फिरि माई ।
अबतौ तुम ब्राह्मण होये बैठा, चौरासी चिस राई ॥१॥
गरभ वास ऊंधे मुखि रहता, सपत¹धाति रस पीया ।
अब तौ तुम चौका दे जीमां, उहां चौका कि न दीया ॥२॥
कुल अभिमान आंन ब्रह्म पूजा, एह विथा होय लागी ।
जे या जानि भली थी पांडे, तो सुखदेव क्यूं त्यागी ॥३॥
राम बिचारि हारि मति चालो, आंखि अनूप उघाडो ।
क्रोध चन्डाल सदा संगि खेलै, ताका मूल उपाडो ॥४॥
पांच तत्व का सकल पसारा, तहां प्रांण दुःख पावै ।
जन हरिदास बांमण मति सोई, उलटा ब्रह्म समावै ॥५॥

॥ पद ८ ॥ ( राग जोगिया गत दीपचन्दी )

राम सुमरि जन ऊजला भयारे, परम सनेही अपणा
सोधि लयारे ॥ टेर ॥
सकल उपाय सकलते न्यारा, सब देवलमें रमें हो चितारा ॥१॥
सकल भवन कूं पालै पोखै, कहा पूजा ए दास संतोखै ॥२॥
जन हरिदास प्रणवै निजदासा, जीव सीवसंगि एके वासा ॥३॥
चलतां रे मन विलमन कीजे, राम भजनका ²लाहा लीजे ॥टेर॥
जहां २ जोऊं जहां जम मारै, करुणां सागर सरणि उबारै ॥१॥

---

१ सप्त धातु ( अस्थि, मास, रुधिरादि ) २ लाभ

मनकूँ पर्हदि सहस घरि खेलै, सुरति सहज घरि भारै ।
धंन हरिदास महरषि पचाकसखी, सब हरि हाथ पसारै ॥४॥

॥ पद ६ ॥ ( कहरवा )

मन रे सो माथा जूवारी, जय खेलि परम निधि परसै ।
बहोड़ि न रोवै सारी ॥ टेर ॥

पहली खेली बहुत दिन हारथा, सतगुरु समझ न आई ।
अब वो दाम परखतखि पूरया, छाडि सार चलाई ॥१॥
तीन पांच नव बावन खेलै, चलि दसवै घरि आई ।
अब या सारि पर्ड नहिं काची, ठौड़ अमोलिक पाई ॥२॥
दुख सुख डाव चाल चौरासी, त्रिविधि ताप तजि पासा ।
सारी प्रांण प्रेम घरि सोंपी, अरध अलूषी भासा ॥३॥
चित्त चौपड़ी चेतन घरि चौचै, दोऊं मेलि छुग हूवा ।
खेलै सदा सुरति के नाकः फूटि न आवै जूवा ॥४॥
उनमनि रहे निरन्तरि निस दिन, निज तरबर की छाया ।
जन हरिदास सतगुरु के सरणैं, करम न व्यापै काया ॥५॥

॥ पद ७ ॥ ( कहरवा )

पांडे अपणी भगति बुझावो, हमतो अपणें राह चलत हैं ।
तुम काहे दुख पावो ॥ टेर ॥

था ? तुम कौण कहाँ ते आया, अनत लोक फिरि भाई ।
अबतौ तुम ब्राह्मण होये बैठा, चौरासी विस राई ॥१॥
गरभ वास ऊंधे मुखि रहता, सपत[1] धाति रस पीया ।
अब तो तुम चौका दे जीमां, उहां चौका कि न दीया ॥२॥
कुल अभिमान आन बत्र पूजा, एह विथा होय लागी ।
जे या जाति भली थी पाडे, तो सुखदेव क्यूं त्यागी ॥३॥
राम विमारि हारि मति चालो, आंखि अनूप उघाडौ ।
क्रोध चन्डाल सदा संगि खेलै, ताका मूल उपाडौ ॥४॥
पांच तत्त्व का सकल पसारा, तहा प्रांण दुःख पावै ।
जन हरिदास बांमण मति सोई, उलटा ब्रह्म समावै ॥५॥

॥ पद ८ ॥ ( राग जोगिया गत दीपचन्दी )

राम सुमरि जन ऊजला भयारे, परम सनेही अपणा
सोधि लयारे ॥ टेर ॥
सकल उपाय सकलते न्यारा, सब देवलमें रमें हो चितारा ॥१॥
सकल भवन कूं पाले पोखै, कहा पूजाऊं दास संतोखै ॥२॥
जन हरिदास प्रणवै निजदासा, जीव सीवसंगि एके वासा ॥३॥
चलतां रे मन विलमन कीजे, राम भजनका [2]लाहा लीजे ॥टेर॥
जहां २ जोऊं जहां जम मारै, करुणां सागर सरणि उबारै ॥१॥

१ सप्त धातु ( अस्थि, मास, रुधिरादि ) २ लाभ

दुख सुख नदी वहै दोयभारी।(राम रामविमुख भूले भधिकारी॥२॥
जन हरिदास औसर मलिपाया, ममता मेटि भजौ राम राया॥३॥

॥ पद ८ ॥ (कहरवा)

मो सुख सुणियाँ सन्त विनाणी, बिजली चमकै बादल गरजै—
घड़्या अपूठा पाणी ॥ टेर ॥
जोगी रोग रती मरि तोड़ै, औषध अगम बतावै ।
चामण छाड़ि अगनि में पैसै, उलटी ताली लावै ॥१॥
गङ्ग जमन मधि पवन निराधै, विष तजि अमृत पिलावै ।
गिणि २ तार अकल्ल ले गांठै, निर्गुण का गुण गांवै ॥२॥
कर्म [1]सहसयकी ले भागा, अगम गहर लि औढै ।
निरभै भया निरंजन परसै तिलभरि तार न तोड़ै ॥३॥
शेष महस बिस्नु गहि भया, काटि काटि कम लावै ।
भरि भरि अगम पियाला पीवै, भाठी चोक चिणावै ॥४॥
मही मसंहित मांही बैठा जोगी एक बिराम ।
आचारा अर्ध अगाम गहि, सुख में मीणी बाणी ॥५॥
जिनही जालिणि पावा भाजि, जिनहीं दरस दया ।
सुनि मंडल में ध्यान हमारा, जिनहीं श्रुति सया ॥६॥
जन हरिदास अधर उठिचालै, ताका पता न कोइ नाणि ।
बिन पर नीर महर एक देख्या बिरला काई जाणि ॥७॥

---

[1] सहोस हजार ब्रायो भाग

॥ पद १० ॥ ( कहरवा माढ असावरी )

अवधू माणिक चोक महानिधि लाधा, कह्यां न को पति आवै ।
जांका मोल तोल कछु नांही, सिर सौंपै सौं पावै ॥टेर॥
अधर सधर निर्मल निहकांमी, नांव निरन्जन राया ।
धरे अधर सूं परचा कीया, सो फिरि तहां समाया ॥१॥
अबरण वरण सकल संगि रहता, पतिवरता पति छाजै ।
भगति मधार अधार हमारे, चौकी चढ्या विराजै ॥२॥
अरध उरध मधि अगम अधारी, निज तत नैंडा दरसै ।
मन मतिवाला भरि २ पीवै, घटा विना घन बरसै ॥३॥
उलटी नदी गुणां सूं न्यारी, महानीर अति मीठा ।
सेजां राजा राम पधारया, महल उजाला दीठा ॥४॥
नैडा निपट न जांणै कोई, क्रम काट वहां लागा ।
जन हरिदास सुखसागर पैठा, भौ सागर भौ भागा ॥५॥

॥ पद ११ ॥ ( तीताला भैरवी में भी गावो )

जोगियां (तुमहो) अलख अभेवा आरम्भ कहांण तेरा आसण ।
करूं किसी विधि सेवा ॥टेर॥
सकल रूप रस रूप विवरजित, सकल रूपतैं कीया ।
सकल रूप करि सबतैं न्यारा, साधां कूं सुख दीया ॥१॥

पिंड न वाहि प्रीति नहि परपद, सकल निरंतरि न्यारा ।
अगह अरूप अथाह अखंडित अगम वार नहि पारा ॥२॥
मैं मेरा अनुमान बिचारथा, करम रूप तजि काया ।
उलटि सुरति गगन में गरजे, तहां कछु अलख लखाया ॥३॥
या हरि सदा सदा भी रहसी उपमी न बिनसे माई ।
जन हरिदास भगति गति ऐसी, मिले सेल्या सुखदाई ॥४॥

॥ पद १२ ॥ ( तीताला भैरवी में भी गाया जावे )

सुधि लेरे साइ सवसा, साइ काम चोर सगि राखो—
अज्ञान करोगे कैसा ॥टेर॥

तृष्णा एक रह घट भीतरि, निज पद घटके नांही ।
ऊंच नीच की माया खोंसो, सो पड़े रसोई मांही ॥१॥
मैं ते चिर चोरि चित पैठा, खंड खंड करि कापे ।
मति अभिमान काम बसि काया, करम कथा कथ्या पाप ॥२॥
सोई साइ मदा सगि खेलै, मनकी ठौड़ उठावे ।
बंक नालि अमृत रस पीवे, रसही मांहि समावे ॥३॥

(नोट) पद ११ में स्वामीजी ने [ निर्गुण सगुण दोनों
१ ही और इसीके अवतार भी होते हैं ] मानाहै

पकड़ि तराजू मनकूं तोले, हरि अमृत रस पीवे ।
जन हरिदास साह सति सोई, यूँ सांवां करि जीवे ॥४॥

॥ पद १३ ॥ (ताल रूपक)

हरि बिणा जांणी खोटा खात, रामजी सूं प्रीति नांही ।
ऊठि दिहि दिस जात ॥टेर॥
भजि निरन्जन भरम भंजन, हरि असांजन नाथ ।
आंपणों करि आप राखै, सीस परि धरि हाथ ॥१॥
(काल का भै फंद कांपै,) जाप अजपा आप आपै ।
उनमनि असथान इसो दाता, अवर नांही अभै आपै दान ॥२॥
नरक का भै कुंड टालै, (काल चोट न बहोड़ि सालै) ।
जुराग्रासै नांही, सीसदेता हि भगति आपै, हरि बसत सब मांही ॥३॥
(अमजल मै पार लहिए), खेली उलटा अगह गहिए ।
(हरि) पूरण ब्रह्म अगाध, (जन) हरिदास निर्भै ध्यान निर्मल,
तहां बस्त सब साध ॥४॥

॥ पद १४ (कहरवा)

सन्तो सहयाँ है सुख लाधा, महतो पकड़ि आप बसि कीयो-
सतगुरु सबदां बाधा ॥टेर॥

महलो रोक्या उपरि महली, किस्यो करे कस नारी ।
कह्यो कह्यू को मानै नाहीं, (तब) गहि गोलो दे मारी ॥१॥
राम बधाई मत मांगर्यो, फिरि फिरि करे बुराइ ।
ताको सिरजरपांई छूट्यो, यूं मागो पड़ माई ॥२॥
मन चंचल निहचल तहाँ भ्रम का लगे न भाल ।
भरि भंजन अनरथ हरन गरब हरन गोपाल ॥५॥
बात नाथ के हाथि है करता करे स होय ।
जन हरिदास गोविन्द बिमुख सद्गति सुपनाँ न कोय ॥
सद्गति सुपनाँ न कोय जीव सीव कहा मांहि ।
हरि आप आपसौं ज्ञान दे नोब नदा भाँहि ॥
जन हरिदास राखे जहाँ तहाँ दखल नहिं कोय ।
बात नाथ के हाथि है करता करे स होय ॥६॥
जन हरिदास हरि अगम है पहुँचे विरला कोय ।
साहिब की ही बंदगी साहिब ही से होय ॥
साहिब ही से होय मैल हरि मनको धोवे ।
पुराय अघ अगाध करम काटा सब खोवे ॥
अक्षर निक्षर निरमे निरगुण तहाँ मन लगे न सोय ।
जन हरिदास हरि अगम है पहुँचे विरला कोय ॥७॥

## ॥ सुरातन को अंग ॥

सूरवीर साचै मते साचा रोपै पांव ।
पैला अरिदल जीति के राम भजन सूं भाव ॥
राम भजन सूं भावभेद कोई विरला जाणै ।
गग जमन मधि बैसि पांच पायक परि ताणै ॥
जन हरिदास साचै मतै रमै स साचा डाव ।
सूर वीर साचै मतै साचा रोपै पांव ॥

## ॥ भेखका अंग ॥

[1]कलरि बाहै खेत माहकी पूंजी खोवै ।
भेख धर्‍या भी भरम परम गति जागिन जोवै ।
परम गति जागिन जोवै खुशी खेलै ता मांही ॥
चितमांही चित विपति नाव नारायण नाही ॥
जन हरिदास ममकारि लगी बहोड़ि [2]मसीसू मसि धोवे ।
कालरि बाहै खेत माह को पूंजी खोवे ॥ १ ॥

## ॥ निर्गुण नरको अंग ॥

औगुण ग्राही जीव की सुणो संत एक बात ।
गुण छाडे औगुण ग्रहे तजि अमृत त्रिप खात ॥

---

१ ऊसरभूमी २ स्याही से

जैसाकि सब वैसा उतन छाय पंई नर खोय ।
साध समद हीरा खरा राखै बिरला काय ॥ ९ ॥

॥ बिरकता को अंग ॥

शील सज्या निरगुण दशा अन्तरि अति अनुराग ।
जनहरिदास निज निरखतां बड़ी सूसी बैराग ॥
बड़ी सूसी बैराग निज रिझै रिज तत आवै ।
सम्मुख देख साध ज्ञान गैमर चढि धावै ॥
[१]थाघै समद अथाह अगम का हीरा ल्याव ।
परखि परखि निज पारख हीरा उन हीरां मिसा ॥
प्रावतिहि ता पाइये शील सज्या निरगुण दसा ।

॥ निर्वैरता को अंग ।

आप आपकू मारि करि आप आपकूं खाय ।
आप आपणों नाश करि न्याय रसातलि जाय ॥
न्याय रसातलि जाय आपकू आप सतावे ।
काच महल बसि श्वान दसै हसि [२]दसन गमावे ॥
जन हरिदास सब आत्मा एक रूप बहो माय ।
आप आपकूं मारि करि आप आपहि खाय ॥

१ थाह लेना २ दन्त मैंवाता है ।

## ॥ हेत प्रीतिको अंग ॥

मेरा मन हरि सूं लग्या हरि मेरा मन मांहि ।
मैं हरि कूँ छाडों नहीं हरि मोहि छाडे नांहि ॥
हरि मोहि छाडे नाहि हरि आपकूं आप बतावे ।
निराकार निर्लेप साधु कूं पैंडे लावे ॥
जन हरिदास हरि सुमरतां जुरा काल भै नाहि ।
मेरा मन हरि सूं लग्या हरि मेरा मन मांहि ॥ १ ॥

## ॥ दया निर्वैरता को अंग ॥

चींटी कूँ दीजे [1]धका तबही अनरथ होय ।
तत मत का जाप जपि बुरा करो मति कोय ॥
बुरा करो मति कोय जीव पैला दुख पावे ।
सबद जगावे बीर बीर अपणा भखि आवे ॥
जन हरिदास साहिब सहत वैर पड़त है दोय ।
चींटी कूँ दीजे धका तबही अनरथ होय ॥ १ ॥

॥ इति कुण्डलिया सम्पूर्ण ॥

[1] धका देना ( सताना )

तजि अमृत विषस्वाद हरि नांव हिर्दै नहि धारे ।
कुबुधि काग कर गहै हाथ तैं हीरा डारे ॥
जन हरिदास आठौं पहर पच ऊकर धाव ।
औगुण ग्राही जीव की सुण्यो सन्त इक भाव ॥
चन्दन बिरछ उपाड़ि अहर तरवर अब रासे ।
पार मम पति छाडि विविध बांधी नर मासे ॥
विविध बांधी नर मास सेय परि माई खोवै ।
ज्ञान सिंघासण छाडि पल [1]सज्या सुख सोवै ॥
जन हरिदास हरि सुख अगम दुख सकारन सुख भासे ।
चन्दन बिरछ उपाड़ि अहर तरवर अब रासे ॥ २ ॥

॥ बैरागको अंग ॥

अकथ कथत कहि कहि थकहि सुपथ सुपथ सुखसार ।
अलख लखत लहि लहि थकहि अगम वार नहि पार ॥
अगम वार नहि पार नांव कछु धरया न जाहि ।
निराकार निजसार साध परसे सुखदाई ॥
जन हरिदास अरपित[2] अरथ हरि समर्थ सिरजन हार ।
अकथ कथत कहि कहि थकहि सुपथ सुपथ सुख सार ॥१॥

१ कांटों की सेज व कुटिया के सुख हरके पावा ।

विरखा बारामास अमीरस झेलिये ॥
हरि हां जनहरिदास आन धरम सब झूठापवनम् फेलिये ॥३॥
राम नाम तन धारि विषे विप डारिए।
सुखमनि पवन संबाहि त्रिविध रस हेरिए॥
पैंडा करणा बीर देखि पाव धरिए।
हरि हा जनहरिदास उल्टा पवन निरोध मपारा मारिए॥४॥
राजा राम बिसारि सजन्म न हारिए॥
मोटा बैरी मोह महारिपु मारिए।
काम क्रोध अभिमान अगनि मुख जारिए॥
हरि हा जन हरिदास भजि राम सकाम सुधारिए ॥५॥
पार ब्रह्म सूँ प्रीति सरीति विचारिए।
दूजा रीति अनीति हाथले डारिए॥
काम क्रोध मनि मल अगनि मुख जारिए।
हरि हा जन हरिदास अभयाम अलख उर धारिए॥६॥
अब तो एक अनूप उलटि पर धरत है।
सुनि मंडल में बैसि सु आरभ करत है॥
भजि अलख निरंजन नाथ अभै भखि जरत है।
हरि हा जन हरिदास निरभै भया निसंक साध नहिं डरतहै॥७॥
ज्ञान गुफा में पेसि अगनि पर जारिए।
[1]आठ काठ अभिमान ले तहा डारिए॥

[1] काम क्रोध को दुर करिये।

॥ श्री गुरुदेव का अंग ॥

गुर समर्थ सिरजन हार सनही राम है ।
मखि करुणानिधि करतार भजन मृ काम है ॥
बिसम न कीजै बीर [१]रंचिका बाम है ।
हरि हां गन हरिदास निरमल अंग अभंग अजब बिसरोम है ॥१॥

॥ सुमिरण को अंग ।

चंद सूर रथ भटकि निरंजन पाइये ।
उलटी पंख सँवारि तहां मन लाइये ॥
तज घट औघट घाट अगम तहां आइये ।
हरि हां जनहरिदास गगन गुफा म पसिकर गुण गाइये ॥१॥

सील सन्तोष विचारि सज्ञान जगाइये ।
उलटी पंख सवारि अगम तहां आइये ॥
निगम अगम रस एक तहां मठ छाइये ।
हरि हां जनहरिदास हरि तरवरमें वास अगम फल खाइये ॥२॥

ज्ञान चक्र ले हाथि मगन खंड खेलिए ।
परम ज्योति बिसराम तहां मन मेलिए ॥

१ [illegible]

गग जमन मधि पसि अगम तहां जाइये ।
परम जोति परकाश परम गति पाइये ॥
वार पार मधि नांही कहा कहि गाइये ।
हरि हां जन हरिदास तेज पुञ्ज एक तहां मन लाइये ॥५॥
जन हरिदास ल्यो लाय तहां चलि जाइये ।
तहां न व्यापे धूप शीत संताइये ॥
वर्षा बारामास तहां मन लीजिये ।
हरिहां जनहरिदास अगम पियाला हाथि सदा रस पीजिए॥६॥
जन हरिदास भजि राम भली यह टेक है ।
जाय बसे ता देश तहां रम एक है ॥
वकनालि चिसराम सदा हरि पाइये ।
हरि हां भिल्ल मिल होय तहां मन लाइलें ॥७॥

## ॥ कालको अंग ॥

जीवे सूता नींद अघोर मनि मद खात है ।
काल करत है ताक पकड़ि लेजात है ॥
काल तमाचा जोरि लग्या मुरझात है ।
हरिहां जनहरिदास भजि गरव हरण गोपाल वंचण की वातहै॥१॥
नर सूता जागे नहीं नींद की छाक है ।

रस पोष सात गुण तीनि भगनि सुखि सारिए।
हरि हां जन हरिदास प्रम भगनि प्रकास अगाध बिचारिए।।८।।

॥ परचाको अंग ॥

लोक लाज पल मेल्ह अपूठी पाल है।
त्रिवेणी तटि ध्यान तहां एक ताल है॥
गरम सिखा करि दूरि एह बड़ [1]साल है।
हरिहां जनहरिदास मति पूरख मद अगाध अमोलिक मालहै॥१॥
अलख निरंजन नाथ समाधि पूर है।
मजि करणहार करतार स राम हजूर है॥
दीनानाथ दयाल सबनि का मूर है।
हरि हां जन हरिदास तेज पुंज परकास अखंडित नूर है।।२।।
मनु पलाय्यों मन मांहि अचंभा होत है।
नीर बूंद निर्मोलिक हीरा होत है॥
हीर हीरा बध्या साम पोत का पोत है।
हरि हां जन हरिदास उन हीरांकी जाति हमारा गोत है।।३।।
परम सनेही राम तहां मन जात है।
बंक नालि बिसराम सदा रस खात है॥
मथिए रमता राम एह बड़ बात है।
हरिहां जनहरिदास हरि परम उदार अपार हमारा तात है।।४।।

[1] शल्य काँटा

काल जाल की चोट न सूझै जीव कूं।
माया के मुखि लागि बिसारे पीव कूं ॥
विषमूलों मति हीन खुशी सु खात है।
हरि हां जन हरिदास तैं अन्ति ममूला जात है ॥७॥
कहै आथि औधूत शक्ति का पूत है।
गाति थोंम जक नही लग्या कोई भूत है ॥
उलझि न सुलभया मूल सुरति का सूत है।
हरि हा जन हरिदास कालन छाडे ताहि दूत परि दूत है ॥८॥

## ॥ चिंतावणको अंग ॥

नरदेही नर धारि कुपह[१] उरझात है।
आसा नदी गरक मजन की बात है ॥
मोह दोह पखमाहि पसू पच्च जात है।
हरिहा जनहरिदास भजि राम अगाध साध अमर फल खातहै॥१॥
विष बन मांहि पैसि त्रिपे रस खात है।
जहां तहां तन धारि बहौडि मरि जात है ॥
जीवन है छिन बात काल की घात है।
हरि हा जनहरिदास [२]ध्यान धरम उरधारि गाड दतरात है ॥२॥

१ संसार में २ दूसरा का बन।

माया छाया नीर स [1]थरबर भाक है ॥
समझि पड़ी पर हरि काल की ताक है ।
हरि हां मनहरिदास रामभजन बिन बात सबात बेपाक है ॥२॥
जीव मोह मांझेटा माहि, गरक गहि आत है ।
काम तमाचा मोर खुसी मूं खात है ॥
संकटि पड्यां दुख होय तबहि मरिखात है
हरि हां मनहरिदास भजि परम सनेही रामभजनकी बात है ॥३॥
राम नाम मत छाडि मान सुख लेत है ।
जहर पियाला हाथ पीवत है हस है ॥
काल तकत है तोहि अज्ञान अचेत है ।
हरि हां मनहरिदास सास-समालिक भाखि [2]ऊपर क्यूँ पतहै ॥४॥
राजा राम बिसारि, कहां पर कहो हगा ।
लख चौरासी जोनि जन्म धरि मरोहगा ॥
पड्या काल की बंदि महा दुख भरोहगा ।
हरि हां मनहरिदास गर्भबास दस मास अमिमुख भरोहगा ॥५॥
बूढा हुआ नीर नैन मा झरत है ।
काल पहुता आय अजौं नहि डरत है ॥
मोह नदी में पैसि [1]बूडि क्यूं मरत है ।
हरि हां मन हरिदास रामसनेही साध भज नहीं करत है ॥६॥

---

१ भाक का पेड़ है २ ऊपर का ।

गढ करं गड़डाट सदा दरबार में ।
राम सनेही छाडि छक्या [1]भट छार में ॥
चोरासी लख चोट सहैगे धार मे ।
हरि हां जन हरिदास वेरांन वसे धसि खार में ॥८॥
कर गहि मूंछ मरोडी मच्छर मनि भावतां ।
नाना विध रस राग रजा में गावता ॥
सुत वनिता सुख सेज महल गढ मालिया ।
हरि हां जन हरिदास ते जोध स जङ्गल जालिया ॥९॥
सूँगो तेल फुलेल स अंगी लगावता ।
नाना विधि देह सँवारी महल में आवता ॥
खांन पांन बहु भोग खुशी सूं खात है ।
हरि हां जन हरिदास अंति समूला जात हैं ॥१०॥
आय झरोखे बैसि खुशी मन कीजता ।
काम क्रोध अभिमान अगनि मन छीजता ॥
देता लेता खोसी अहूं मन भावता ।
हरि हां जन हरिदास ते जोध गया पछितावता ॥११॥
पटदा रहता पोलि पहरवा जागता ।
पर धन लेता चूरी कहर होय लागता ॥

१ शूरवीर

काया बिष बन बिबिध तहां क्यूं राखिए ।
बिषफल फूल अनेक खात ही मोखिए ॥
कांटा लाग पाव तहां पड़ि चाखिए ।
हरि हां जनहरिदास लखचौरासी घर घालि पड़ाम परि नाखिए ॥३॥
चाकी छाया देखि सहर फल खात है ।
मन मही मदरको छाक ज्योंदि इतरात है ॥
राजाराम बिसारि स नरकां जात है ।
हरि हां जनहरिदास भजि पूरण ब्रह्म अगाध और सब मिथ्या बात है ॥४॥
नांव निरंजन लेह सनहीं जागि र ।
सुमका बैठा आय उखोखा काग रे ॥
नोपखा गया हिसाब लकुटिया हाथि र ।
हरि हां जन हरिदास मी भगति कमाई साथि रे ॥५॥
नाराना तन की बात सदा ही रहत है ।
छूटी जायगी कान्हि साध कही गहत है ॥
नांहि भरोसे लागि उपह स्पू भहत है ।
हरि हां जन हरिदास रामसनेही साध रामही कहत है ॥६॥
सदा सही तन आय न लागे साध मैं ।
कंचन कर सूं डारि रमा मिलि काच में ॥
जीव ही परचा नांहि कहाय राच र ।
हरि हां जन हरिदास हरि सद न माने [1]साचर ॥७॥

१ साचा ।

सकल जीव अंगी लाय सदा जागे नगी ।
हरिहांजन हरिदास माया ठगी खाया संसार सुतो साधां ठगी॥१॥
आथी बसत है साथी सदा ही रहत है ।
काम क्रोध अभिमान स आशा दहत है ॥
तृष्णा तरंग अनेक तहां मन बहत है ।
हरिहां जन हरिदास विरला कोई साध परमगति लहतहै ॥२॥
माया छाया बैसि कौंण सुख लेतहै ।
प्रीति करै या रीति कपट का हेत है ॥
जन्म अमोलिक जाय [1]ऊसर खेत है ।
हरिहां जन हरिदास भी अन्ति रसातलि देतहै ॥३॥
माया चढी सिकार तुरी चटकाईया ।
कै मारे कै मारि [2]पताखां लाईया ॥
जन हरिदास भजि राम सकल जन वेरिया ।
हरिहां मुनि जाय बसै दरबारि तहा तैं फेरिया ॥४॥
माया का दल देखि सकायर कादरे ।
[3]खिस चाल्या धसि गेत धकामें धसि परे ॥
ऊजल निरमल नांहि काले कापरे ।
हरिहा जन हरिदास हरि भेद न जानें बापरे ॥५॥

१ खारी मिटि वाला २ ढवाला की धजा ३ भग गया

सूरवीर संग्राम सगरिया गाजता ।
हरि हाँ जन हरिदास त भति गया पै भाजता ॥१२॥
माया मलत परि येमि छत्र शिर धारता ।
दहि दिस जोधा देखि मनि विसतारता ॥
पर धन पर दल चूरी खर्ड खसि मारता ।
हरिहाँ जनहरिदास तें भूप मम्म्या कालखड़ कर धारता ॥१३॥
गोपी ग्वाल न भाय गाय वन चारता ।
मथुरा मैंदी मारि पिमस खमि मारता ॥
करम् डूंगर ठोलि आर विसतारता ।
हरिहाँ जनहरिदास त भन्त गया तन छाड़ि पईत तनधारता १४
नव ग्रह पाय बाँधि सूली है बाजता ।
मोह महल में बसी लङ्क कर तामता ॥
मह गाठि उरधारि महाको नहीं खोलता ।
हरि हाँ जन हरिदास काल दसिया दह कन्ध मनिमर बोलता १५

॥ अथ मायाको अंग ॥

माह दाह में गरक सुरति काची लगी ।
नहीं राम भजन मैं प्रीति प्रथम माया मगी ॥

१ महद्वार २ रावण

## ॥ अथ उपदेश को अंग ॥

जोग मूल की बात सघात बिचारी ए ।
सौं सो हंस्या छार उमनी सब डारी ए ॥
जापिए अजपा जाप आन धरम सब हारि ए ।
हरिहां जन हरिदास अलख भजन उरधारि अलेख जुहारि ए॥१॥
त्रिवेणी तटिवास तहा क्यूं ना जाइये ।
ए पासा एडाव सीसले चाडये ॥
वोछै पांणी पैसि समद क्यू छाडीए ।
हरिहां जन हरिदास भजि अलख निरंजननाथ तहां मिलि [१]लाडीए
मनिख जन्म नग हाथि कुपह क्यूं डारिए ।
मोह महलमें सोय सजन मन हारिए ।
नख सिख लागा रोग सरोग निवारिए ॥
हरि हां जन्म हरिदास ज्ञान खड्ग हाथि काल मै मारिए ॥२॥

## ॥ अथ सूरातन को अंग ॥

[२]भडा हांक पै कंमप तीर गोली बहै ।
सुभटन ताके वोट चोट सन्मुख सहै ॥

१ लागिये २ योधा ।

माया मैं मन खाय कहा सुख सोइये ।
हीरा जन्म अपार अमोलिक खोइये ॥
गरभवास दशमास सदा दुख पाइये ।
हरिहां जन हरिदास भजि राम न छेह चुकाइये ॥६॥

जन हरिदास तजि मान भजो हरि गोरख ।
माया का दल देखि भंज्या है मोरख ॥
नरवर कैसुर मारि लिया जग कारम ।
हरिहां काली पीली हाल भसि दश बारम ॥७॥

कै भावै कै भाव पखाळै लोग है ।
माया मोह विवेक बह बड़ राग है ॥
बाहर मढ़ी जीव खोदि करै यह मांग है ।
हरिहां जन हरिदास भजि राम भया मन ओर है ॥८॥

मूक पुष्ठ संसार तहां मन लाइय ।
काल गरासै आय बहोड़ि पछिताइय ॥
रहणा नहीं निदान अकेला जाइये ।
हरिहां जन हरिदास १तसमात निरंजन गाईये ॥९॥

---

१ इस लिये (तस्मात्)

ब्रह्म अगनि मे पैसी अभख भख अजग जरै।
हरिहां जन हरिदास राम नाम व्रत धारि न आनन उरि धरै॥१॥
पांच जीव का जीव निरञ्जन राय है।
उपजिन चिनसे मूलि न आवै जाय है॥
परम पुरुष परकास साधु मन लाय है।
हरिहां जन हरिदास परगट घूंघट मांहि एक को पाय है॥२॥

॥ अथ साध को अंग ॥

[1]बोछा करै गुमान बडा कै नाहि रे।
भादू बरसै मेह नदी घर गाहि रे॥
दरिया उभलै नांहि ता माहि समाहि रे।
हरिहां जन हरिदास यूं साधि देखि जग मांहि रे॥१॥
रामसनेही साध मंडै मैदानमें पहरी सीलस[2]नाह गरक गुर ज्ञानमें।
बाजै अनहद तूर बसै धसि राममैं।
हरिहां जन हरिदास धुनि ध्यान सदा बिसराममै॥२॥
जहा जीव तहां सीव एक को जानिहै।
मनकूं पूठा फेरि सहज घरि आनिहै॥
जोग मूल की बात म वात पिछांणिहै।
हरिहां जन हरिदास भजि पूरण ब्रह्म अगाध सुनो व्रत ठांणिहै॥३॥

---

१ ओछा ( लघु ) २ कवच।

ज्ञान खड्ग ले हाथि न फिरि पूठा फिरै ।
हरिहाँ जन हरिदास सरवीर अरिभीति सहरिको हाम रहै ॥१॥
समदरूप ससार अपर उठि चालिए ।
त्याग भाग रस एक पवन पड़वालिए ॥
पिसवाँ उपरि चाटस सन्मुखि घोड़ा चालिए ।
हरिहाँ जन हरिदास पैसा अरिदल जीति परमसुख पालिए ॥२॥
भाग पथ में पैसि सपूठी न फरिए ।
ज्ञान खड्ग ले हाथि सबल गढ घेरिए ॥
ल्यौ डोरी करि साहि तहाँ मन फरिए ।
हरिहाँ जन हरिदास भजत निरञ्जन नाथ निरन्तरि हरिए ॥३॥

॥ अथ सजीवनि को अंग ॥

हरि पूरण मन अगाध अखडित राम है ।
साध बसे तादेस मुझकि निह काम है ।
पुरा काल मैं नाँही सीत नहीं घाम है ॥
हरिहाँ जन हरिदास परापरैं पति एक भजन विसराम है ॥१॥

॥ अथ पतिवरता को अंग ॥

[1]रखा तुम्हारी राम कहो त्यू मैं करूं ।
मनगहि पवन समाहि अगकि उलटो धरु ॥

---

१ आज्ञा

चाद विवाह निवारि बहौड़ि पछितायगा ।
हरिसूं नाही हेत रसातलि जायगा ॥
मदन मोह गुणमांहि गरक लपटायगा ।
हरिहां जन हरिदास राजारांम विसरिस खोटा खायगा ॥२॥

॥ इति यति चन्द्रायणी सम्पूर्ण ॥

## ॥ अथ साखी ॥ श्री गुरुदेव को अंग ॥

जन हरिदास कै ज्ञानगुर, सतगुर सिरजनहार ।
निधि[1]पाइ निरभै भया, अरस परस दीदार ॥१॥
जन हरिदास कै ज्ञानगुरु, साधों सेतीं प्रीति ।
साध सदा गोविन्द भजै, देही का गुण जीति ॥२॥
जन हरिदास के ज्ञान गुरु, गूदडियों मूं नेह ।
दुखसुख दोय व्यापै नहीं, गूदड़ियो गुण ऐह ॥३॥
गोरख हमारे गुरु बोलिए, पाढा हमारी चेली ।
संतका सबद सहज घरि खेलूं, यहि विधि दुरमति पेली ॥४॥

---

१ आज्ञा ( लघु ) २ कवच ३ चले जाते हैं ४ खजाना ।

नोट—इस गुरुदेव के अंगमें गोरख शब्द से परब्रह्म और पाडा शब्द से पहाड़ी जानना चाहिये ।

॥ अथ मन को अंग ॥

चंचल मन कूं पूरि कहां चलि जायगा ।
करि विसहर का रूप यह फिरि आयगा ॥
यही समीवण लाय कछू न पसायगा ।
हरिहां जन हरिदास हरिराय तहों उरझायगा ॥१॥

॥ अथ समर्थाई को अंग ॥

हरि जहां तहां प्रतिपाल हमारी करत है ।
हरि आप आपणां ध्यान हमारे हिए धरत है ॥
सब खलक राम सुख छाड़ि अगनि में जरत है ।
हरिहां जन हरिदास मन उलगा चल्या आकासी मारया—
नहि मरत है ॥ २ ॥

॥ कुसुमी भर को अंग ॥

[1]भनत भांत घट मांहि रैणि दिन घड़त है ।
कंचन हिरदा मांहि कायदे जड़त है ॥
उमकि चाल्या जावत आसहि पड़त है ।
हरिहां जन हरिदास मन खलक दिवांना मापि कहीं कू खड़त है॥१

[1] अनेक प्रकार की चातुरी ।

गुरु सिख दोऊ उठि चल्या, जन हरिदास हरिमांहि ।
सिख चालै गुर यहुडै, तो वै गुरसिख नांहि ॥
जन हरिदास भै सिन्धतजि, भेरै बैठा जाय ।
सो गुर सिख कूं ले चल्या, अपणे मते मिलाय ॥४॥
जो कछु गुरु सिख सूं कह्या, सो जे गुरुपै होय ।
जन हरिदास करि बन्दगी, गुरु गोविन्द नहीं दोय ॥५॥
गुरु निरभै गोविंद भजै, तैसाही सिख होय ।
जन हरिदास मत एक है, तब कहण सुणण कूं दोय ॥६॥
जन हरिदास गुरु [1]गारडू, विष झाडै झडि जाय ।
सिख शठ तो गुरु क्याकरै, सिख फिरि विषही खाय ॥७॥
जन हरिदास गुर क्या करै, सिख मूरख गुण जार ।
अमृत पाया ना पीवै, विष का पीवण हार ॥८॥
ज्ञानी गुरु सूं सिख मिलै, सो सिख भी ज्ञानी होय ।
इष्ट एक एकै भजन, तब कहिवे कूं होय ॥९॥
बात कहै आकाश की, आप रसातलि जाय ।
वा ज्ञानी गुरुसूं मूरख भला, सकै न ओर भुलाय ॥१०॥
सिख साचों साचै मतै, गुरु दीरघ भ्रम नाश ।
रहत एक ऐकै वस्त, एक दिसावरि वास ॥ ११॥

[1] गारुडिक ( विषहर मन्त्रवादी )

माई मूंडा सिद्ध कौं, भजु निरंजननाथ ।
हरिदास जन यूं कहै, सिरि गोरख का हाथ ॥५॥
दिष्टि दई सतगुरु मिल्या, हीरा लिया सुभाय ।
हरीदास जनम्१ जौहरी, खोटा कद न खाय ॥६॥
बलती अगनि बुझाय करि सीतल किया अगार ।
जन हरिदास मांदि भया सतगुरु का उपगार ॥७॥
बलती अगनि बुझायकरि, सीतल किया सरीर ।
जन हरिदास गुरु गमतैं, पीया निरमल नीर ॥८॥
जन हरिदास नाथका बालक, रहै नाथकी छाया ।
पूरवा भक्त परम सुख दाता निरमै निरंजन राया ॥६॥
जन हरिदास सतगुरु शब्द, अन्तरि लागा बाण ।
हरि हरत हरिमन हर्‌या, पत्रपत लहद न माण ॥१०॥

॥ अथ गुरु सिष२पारस को अंग ॥

गुर गिरही माया गहै सिख बैराग होय ।
जन हरिदास मत क्यूं मिलैं, परगट पैंडा दोय ॥१॥
गुर लागा संसार सूं सिख अन्तरि हरि साथ ।
जन हरिदास मत क्यूं मिले, बो कञ्चन वो काच ॥२॥

१ इधर उधर २ शिष्य

गुरु सिख दोऊ उठि चल्या, जन हरिदास हरिमांहि ।
सिख चालै गुर रहुडै, तो वै गुरसिख नांहि ॥
जन हरिदास मै सिन्धतजि, भेरै बैठा जाय ।
सो गुर सिख कूँ ले चल्या, अपणों मते मिलाय ॥४॥
जो कछु गुरु सिख सूं कह्या, सो जे गुरुपै होय ।
जन हरिदास करि बन्दगी, गुरु गोविन्द नहीं दोय ॥५॥
गुरु निरभै गोविंद भजै, तैसाही सिख होय ।
जन हरिदास मत एक है, तब कहण सुणण कूं दोय ॥६॥
जन हरिदास गुरु [1]गारड्ड, विष झाडै झडि जाय ।
सिख शठ तो गुरु क्याकरै, सिख फिरि विषही खाय ॥७॥
जन हरिदास गुर क्या करै, सिख मूरख गुण जार ।
अमृत पाया ना पीवै, विप का पीवण हार ॥८॥
ज्ञानी गुरु सूं सिख मिलै, सो सिख भी ज्ञानी होय ।
इष्ट एक एकै भजन, तब कहिबे कूं होय ॥९॥
बात कहै आकाश की, आप रसातलि जाय ।
वा ज्ञानी गुरुसुं मूरख भला, सकै न और भुलाय ॥१०॥
सिख साचों साचै मतै, गुरु दीरघ भ्रम नाश ।
रहत एक ऐकै बस्त, एक दिसावरि वास ॥ ११॥

---

१ गारुडिक ( विषहर मन्त्रवादी )

सिख सता आगै नहीं [1]रैणि पहुंती आय ।
वासिख के मति गुरु मिलै, तो मन्दि रसातलि जाय ॥१२॥
पच्छिम देस पंथ पर हरे, पूरब रहै समाय ।
या गुरुके मतै सिख मिलै, तो परि पहुंच जाय ॥१३॥

॥ अथ सुमिरण को अंग ॥

साहिबजी की मदगी कीजै मन मन लाय ।
जन हरिदास खेलौ वहां, जहां काल न परसै आय ॥१॥
अविनाशी आठों पहर मर्यों हिरदै धारि ।
जन हरिदास निरभै मतै निरभै वस्त विचारि ॥२॥
नांव निरञ्जन निरमला, मर्त्ता होय सहोइ ।
हरीदास जन यूं कहै मुसि पडै मति काइ ॥३॥
हठ करि कोई मति मरो परै न पहुंचै हाथ ।
जन हरिदास निरभै मतै भजो निरंजन नाथ ॥४॥
हरि साहि दै विसारियां ऊठि और कै साथि ।
लोक लाज पहि आयगा हीरा न आवै हाथि ॥५॥
उलटा गोता मारि करि मतरि मसतक विचारि ।
राम भजन आनन्द सदा, कदे न आवै हारि ॥६॥

---

१ रात्रि

सनकादिक जोगी जनक, मति गति लखै न कोय ।
जन हरिदास ताकूं भजो, भजतां होय स होय ॥७॥
मैं हरि सुख छाडौ नहीं. बात कहतहूँ तुझ ।
हरीदास जन यूँ कहै, मीठा लागै मुझ ॥८॥
मैं हरि सुख छाडौं नहीं, मीठा लागै मोहि ।
करम कठिन सब कंकरा ज्ञान सूप लै सोहि ॥९॥
मै हरि सुमिरण छाडो नहीं, मनकूँ मारि अटकि ।
जन हरिदास करम भरम सबतूंतड़ा[1], गहि गुरज्ञान फटकि॥१०॥
जन हरिदास निरभै भवै. भजो निरञ्जन राय ।
काल जाल लागै नहीं, सुखमै रह्या समाय ॥११॥
जन हरिदास या जीवकूं, अटकि अटकि समझाय ।
दुजि दुरमति दूरि करि, हरि चरणां चितलाय ॥१२॥

॥ अथ विरह को अंग ॥

विरहनी ऊभी दरदमूं, अबला मूं क्या मांग ।
कै मिलिहो कै तनतजूं, सुणिहो कन्त सुजाण ॥१॥

---

[1] निकम्मी वस्तु ।

जन हरिदास फाग कहै, अपणां परकी लाय[1] ।
ज्यूं आत्मा त्यूं ही नरस्या, जलि बलि रह्या समाय ॥२॥
विकल भई बिलमैं कहा, आशा चली जीव ।
हरीदास जन बिरहनी, मिलो सनेही पीव ॥३॥
अन्तरि बिरहा आइया, रोम रोम के मांहि ।
जन हरिदास को हरि मिलो, कै अब जीवण नांही ॥४॥
अविनाशी आठों पहर, अपणे हिरदै धारि ।
जन हरिदास निर्ममते, निज ज्ञान बिचारि ॥५॥
[1]फकनी खफल सरिखी, पड़रे बिरला कोई ।
जन हरिदास भ्रम अगनि में पसि करि जलि बलि कोयला होय ॥६॥

॥ अथ परचा को अंग ॥

जन हरिदास सुख अगम[2], सोधि लाई है सन्त ।
अरस परस आनन्द सदा, बारामास बसन्त ॥ १ ॥
राम तहां मूंघो सहज, पावै राग अनन्त ।
चन्दन वा होय सुबास, ले खेले सन्त बसन्त ॥२॥
जन हरिदास बसन्त रुति, फूल्या सबही बाग ।
अघमांही कौतिग भया हरिजन खेलै फाग ॥३॥

---

१ मूर्ख का कपड़ा

जन हरिदास तहां जाइये, जहा बारामास बसन्त ।
पान पहोप जाको तहा, खेलत है सब मन्त ॥४॥
जन हरिदास बसन्त रुति, खेले गोपी ग्वाल ।
हरि सन्मुख जहा का तहां, करि पहोपन की माल ॥५॥
जन हरिदास बसन्त रुति, प्रकटै राम अगाध ।
प्रेम प्रीति पहो पले खेलै चरचै साध ॥६॥
जन हरिदास परचापखै, कोडी का चौमारी ।
डाव पड्यां छूटै नहीं, कांने लीजै मारि ॥७॥
वरि आई निरभै भई, डाव पड्या यूं होय ।
जन हरिदास ता सारिकूं, पासा लगै न कोय ॥८॥
परम जोति पलटै नहीं कोटि करै जे कोई ।
लोहा कूं पारस मिले, परसी कंचन होय ॥९॥
जन हरिदास अन्तरि अगह, दीपग एक अनूप ।
जोति उजालै खेलिए, जहां [1]छाहडी न धूप ॥१०॥
विविधि पहोप सेवा विविधि, मधि मोतिन की माल ।
जन हरिदास खेलो तहां, जहां गोपी गाय न ग्वाल ॥११॥
आछा डष्ट कबीर का, अगम वार नहि पार ।
हरिदास जन मिलि रह्या, गहि गुरु ज्ञान विचार ॥१२॥

---

१ छाया ।

जन हरिदास अन्तरि अगह, परम ज्योति परकास ।
अगम ठौर आनन्द महा मन का तहां निवास ॥१३॥
तिरता तिरता तहां गया, जहां अगंमा पार ।
चित चमटि पहुंचै नहीं जहां साधों की ठौर ॥१४॥
मैं भागा निरभै भया हरि सकल बियापी एक ।
हरिदास जन यूं कहै ता सुखि पहुंता पुरुष अनेक ॥१५॥

॥ अथ चितावणी को अंग ॥

आदि अन्त गोविन्द सगा दूजा सगा न कोय ।
जन हरिदास दूजा सगा सो फिरि बैरी होय ॥१॥
जन हरिदास संकटि पड्यां सगा न आवै काम ।
राम सगा सो पाइया, कुसल करासी राम ॥२॥
चर छूटे फाटै तिमिर मन मरि सकै न धीर ।
जन हरिदास तब हरिसभा रखै बिसारै पीर ॥३॥
एक रति का सांसा जीवण पला जांणि ।
जन हरिदास हरि भजन बिन ताहूं मोहि हांणि ॥४॥
नख सख सूं पैदा किया जांणि कणित रूपा मार ।
जन हरिदास हरि बीसरया सो कहां उरामी मार ॥५॥
बीज चमकि भाम दुरं यूं सति जांणी देह ।
रिदास जन यूं कहै राम भजन करि लेह ॥६॥

मरण है जीवण नहीं, जीवत मरै न कोय ।
जन हरिदास जीवत मुए, सो अविनासी होय ॥७॥
जा मुखि राम न ऊचरै, आन कथा मन चोल ।
जन हरिदास ते मानई, काग पिलाई [1]कोल ॥८॥
जा मुखि राम न उचरे, रसनां बैठी हारि ।
जन हरिदास ते मानई, सूकर की उणिहारी ॥९॥
प्राणनाथ पति छाडिकरि, भूहु भूला जाहि ।
जन हरिदास ते मानई, न्याय हला हल खाहि ॥१०॥
जन हरिदास या जीव के दुख सुख चाले साथि ।
अब या चीरी क्यूं मिटे, ता दिन आई हाथि ॥११॥
जीव सीव कै संगि वसै, करम जीव कै साथि ।
जन हरिदास खेलो कहूं, दोऊं पासा हाथि ॥१२॥
क्या जाणु कछू कालिह है, काइज बाजे वालि ।
जन हरिदास औसर यह, तूं अपणां राम संभालि ॥१३॥
कालों के हलचल हुई, धौला बैठ आय ।
जन हरिदास गढ पालस्या, गुण गोविंद का गाय ॥१४॥
[2]अह पुर मह पुर इन्द्रपुर, स्यौ ब्रह्मा लो जोय ।
जन हरिदास दुभर दुनी, सूभर भर्‌या न कोय ॥१५॥

[1] ब्रह्मा [2] पाताल ( नागपुर )

जन हरिदास गोविन्द भजा, तजी आन उपदेश ।
भगति गति जोग्यों नहीं, ब्रह्मा विष्णु महेश ॥१६॥
छांह देख तर बंबूल की, बसै बटाऊ आय ।
जन हरिदास पंडा चल्या, सूल गडी तब पाय ॥१७॥
राति बसै दिन ऊठि चलै, या संसार सराय ।
जन हरिदास दुनियां सरै पैंडै लागी जाय ॥१८॥
जग हटवाडै विसामई, मिलि बटाऊ आय ।
जन हरिदास सब जात है दिन दश [1]पीटि लगाय ॥१९॥
कोई काहू का नहीं, ए सब कोठी काज ।
साह कह्यो मधू माछरी, पदि पदि चलै कुलाज ॥२०॥
जन हरिदास पारिख परिख मथिन तह सब कोय ।
फिरि पीछे पछतायगा, जब [2]नागमा देख्या खोय ॥२१॥
जन हरिदास ऊंचा भविक, क्रिया मप हरी पीर ।
तमी भगनि महाकसी सोनै सेवा शरीर ॥२२॥
जन हरिदास संसारसूं प्रीति करी जिनि कोय ।
काल चार चूकै नहीं, दुख सुख व्यापै होय ॥२३॥

---

१ [illegible] २ [illegible]

जब ही कर कांटा लगै, तब ही धूजै मन ।
हरीदास जन यूं कहै, ज्यूं[1] किरपण का धन ॥२४॥
राजा राम बिसारि कहि, जीव रसातलि जाय ।
जन हरिदास चौरासी भरमतफिरै फिरिफिरि खोटा खाय ॥२५॥
जन हरिदास हरि नांवले, आठ पहर गक सार ।
ऐक पलक इक बीसरे, जम की बाहर लार ॥२६॥
जन हरिदास गोविंद भजो देह दुराणी वीर ।
कहौ कहां लौ राखिए, काचै भांडे नीर ॥२७॥
अविनाशी सूं आंतरो नरक कूप सूं हेत ।
जन हरिदास ओसर भलो, चूका भला अचेत ॥२८॥
राम समद न्यारा रह्या, पांव पड्या जंजीर ।
जन हरिदास नर भूला फिरै, मनि धरि सकै न धीर ॥२९॥

## ॥ अथ मन को अंग ॥

फूटै कुम्भन जल रहै, वहता कहै न राम ।
जन हरिदास गोविन्द भजो, जाकै मनि विसराम ॥१॥
जन हरिदास मनसा बसा, तहां बसै हरि नीर ।
कनक कठौरे [2]ठाहरै, बागणि बप का खीर ॥२॥

१ मूँजी २ जम जाता है ।

सीस मयोस्थिर मयमया, दीन्हा साहगी ठोर ।
मन हरिदास मन मसकरा, मन की उन्टी दौर ॥३॥
मनहीं दे मन फरिक मन का तज विकार ।
तब मन हरिदास पैंडा छूटे वाकी रहे भार ॥४॥
मनसा को वैरी नहीं, मनसा समा न कोय ।
मन हरिदास मनसा का पसमी मन फिरि कंचन होय ॥५॥
मन झूठा कथ कथ मुवा, फरि पड़े तो राम ।
हरीदास मन मैं कद नहीं भोर का काम ॥६॥
जाके नख [1]मस (कर मुख) सिर नहीं चरन नासिका नाहीं ।
ऐसा मन [2]मवासीया, काया नगरी माही ॥१७॥
मरा मारया नां मरे, भोर बाट है भाय ।
या आरी बहो रूप करि पुठा बैठे भाय ॥८॥
सब भाय तब मारिए दाकी ठौड़ उठाय ।
गुरु की सबदा[3]मुंकि करी, ज्यूं मन मनसा कूं खाय ॥९॥
मन हरिदास भालसकदो ज्ञान तुखा मन होसि ।
मन दीन्हा सांई मिल माया मिले न मासि ॥१०॥
ज्ञान ध्यान सुधि बुधि गई, भाव गया मे भाय ।
मन हरिदास सलास गया तब मन दीपा दीपा मुस्काय ॥११॥

---

१ मन ( मेर ) मौद्दामर ३ मीठ मर

निज कर तूति कमाण करि, सुबुधि [1]चिलाले चारि ।
ज्ञान ध्यान का वांण करि, मनमे वासी मारी ॥१२॥
हिरदाहु जरा अजब है, फेरि तहां मन आंणि ।
जन हरिदास तीमू तखत, तहां [2]तगोटी तांणि ॥१३॥
जन हरिदास घटना घटा, सुरति दांमणी देख ।
मन पांणी पाणी मिल्या, परस्या नहि अलेख[3] ॥१४॥
जन हरिदास तत तेजका, मव घटि गरगें आय ।
मन पांणी मनमा घटै, वरसत गया विलाय ॥१५॥
सदा सनेही राम है, ताही सूं मन लाइ ।
जन हरिदास देही सहत (घौला कहा) दीजै अगनि जलाइ ॥१६॥
[4]सूई मूई [5]धाका थक्या, कंथा सीवै कोण ।
(जन हरिदास) मन दरजी जहांका तहां करै ओरही गोण ॥१७॥
माई मूँड मनकी, जे कितहूँ चलि जाय ।
जन हरिदास कंठ ते गया, कहि सरप कौणकूं खाय ॥१८॥
मन निर्मल निरभै मतै, छाडै सबै विकार ।
जन हरिदास तब पाइये, अलख पुरख भरतार ॥१९॥
जन हरिदास सतगुरुसबद, तहां मन रह्या समाय ।
अवधू मोटै जांणिये, चूणि चूणि मनकूं खाय ॥२०॥

---

१ प्रहांच (नेत्र) २ नड़ ३ अलक्ष्य (अदृ) ४ मनमा स्पसूई ५ मन (मन)

## ॥ अथ माया का अंग ॥

भूखा सब भूखी भख्या माय्या काई नारि ।
भोरो है परमोधवे, मायया नरको मारि ॥१॥
जन हरिदास साखी सबद सब कोई कहै बणाय ।
कहत कहत माया मिली, कौण भेद किस माय ॥२॥
माया छाया येसि करि, सीम महर फल खाय ।
जन हरिदास या बीबहु, काल पकड़ि ले जाय ॥३॥
मोह अगाय तृष्णा ढरी, चित चोगानों हाथि ।
जन हरिदास मायादड़ी, चसैन काई साथि ॥४॥
मरे हर चोगान विचि, तृष्णा तुरि न खाय ।
जन हरिदास केते गए, माया [१]गीर मुहाय ॥५॥
मनमै की कथनी कथै, भतरि लागी लाय ।
मंमारी पै प्रीति ज्यूं मन माया कु जाय ॥६॥
जन हरिदास मायानरां मारै भंगि समाय ।
पहली सज्जन है मिलै, पछै [२]पिसवाई वाय ॥७॥
जन हरिदास माया मिल्या, सो मन मिलै नहिं आय ।
इसा औगुण को नहीं, माया लिया हुवाय ॥८॥

---

१ माया पाव २ को ।

जन हरिदास माया विरछ, फल विकार रस रूप ।
ता तरवर पंखी बसै, न्याय सहै सिर धूप ॥९॥
माया भैंसि विराट वप, जीव विलम्बे आय ।
काल काग छाडै नहीं, वै लागै वो खाय ॥१०॥
तेल मांही माखी पड़ी, तन का हूवा भंग ।
जन हरिदास माया मिल्या, तिन का योंही ढंग ॥११॥
माखी तै गुड में गड़ी, तली कडाही मांहि ।
जन हरिदास मीठें ठगी, तू मति मीठो खांहि ॥१२॥
माया की छाया रहै, कहै अगम की बात ।
हरीदास जन यूं कहै, यां सारो की घात ॥१३॥
माया देख्यां मन खुशी. मुलकि पसारे हाथ ।
जन हरिदास तू मति करै, वां सो रौं को साथ ॥१४॥
माया देख्यां मन खुशी. विछड्यां वहोत वियोग ।
ऐ [1]बुग ध्यानी बापड़ा, कैसे साधे जोग ॥१५॥
जन हरिदास सांसा मिट्या, माया की गमलद्ध ।
रूशिरह्या ते ऊभरथा, खुशी हुवा ते खद्ध ॥१६॥
जन हरिदास माया तजी, जहां माया तहां रोग ।
तीन लोक को राजदे, तो भी विपति वियोग ॥१७॥

---

1 बुगलो

ाला मोह काला करैं, चोटी ऊपरि चोट ।
न हरिदास निरभै मतै, गहो राम की वोट ।।३।।
ुनियां मूं दिलदे मिले, साधां मूं उरि और ।
हरिदास जन यूं कहे, पहुँचैंगे किस ठौर ।।४।।
आप भजन कूँ आलसी, औरो कू दे भाड ।
जन हरिदास हरिते विमुख, पसू पडैंगे खाड ।।५।।
जन हरिदास सुख अगमहै, मथि काढै ते संत ।
जल थोडा आंधी गणी, ऐसा ज्ञान अनन्त ।।६।।
मौंहि मांहि अन्तरि विथा, बोलै मीठे भाय ।
जन हरिदास [1]निगुरा तिके, निहचै नरकां जाय ।।७।।
गुण पोखे निरगुण कथै, सुरति न लागी साचि ।
जन हरिदास काचै मते, बहौत गया यूं नाचि ।।८।।
[2]ज्ञान ध्यान पोथ्यां लिख्या, हिरदै सक्या न राखि ।
जन हरिदास ता साधकी, हितदे सुणी न साखि ।।९।।
चाल्या था पणि बाहुड्या, हीरा बैठा हारि ।
जन हरिदास कोडीरता, तिनका संग निवारि ।।१०।।

---

१ गुरु को नहीं मानने वाला २ पाखण्डी साधु पोथियों का उपदेश दूसरों को सुनाते हैं पर अपने हृदय में कुछ नहीं रखते हैं ।

नोट—मैंफलों में राजाओ को प्रसन्न करने वाले गवैये उनके गाने से राम प्रसन्न नहीं होते है ।

माखी माहै काया करा, पकरि बैठी आय ।
जन हरिदास मो जन भला, माखी दूर उड़ाय ॥१८॥
छल बल करि जहाँ की तहाँ, पड़ी मेंम आय ।
जन हरिदास गोविन्द बिमुख, ताकू [1]माखी खाय ॥१९॥
राम मर्म मो ऊबरे, सत गुण सरस आय ।
जन हरिदास ता साध कूं कर्दे न माखी खाय ॥२०॥
माया सर्प भयारहै फिरि लागा सब जीव ।
हरिदास मन मु कहै, कर्म परम पीव ॥२१॥
माया पाप विविधफल, दुःख सुख फल फरक ।
(जन हरिदास) चौरासी लख जीवसब मधु कर हाय गरक ॥२२॥
संग किया सांपणि हसे, माय भैपारे खाय ।
(जन हरिदास) एक विरह की छांहरी, कहा मुक्ति क्यों माया॥२३॥
काया माया झूठड़ै, माव न ओप्या धीर ।
(जन हरिदास) कहि काकी मागी तृपा,(पीना)मृग तृष्णा को नीर२४

॥ स्वर्णिक को अंग ॥

कीरतन्या कांपै मही, सपै न केवल राम ।
जहां तहां नाचत फिरै माया मिले न राम ॥१॥
चोटी ऊपरि चाट कै लागी कै आगसी ।
सदो राम की चोट व नर निरमै आगमी ॥२॥

---
१ तृष्णा रूप ( माखी )

माला मोह काला करे, चोटी ऊपरि चोट ।
जन हरिदास निरभै मते, गहो राम की ओट ॥३॥
दुनियां मूं दिलदे मिले, साधां मूं उरि ओर ।
हरिदास जन यूं कहे, पहुँचेंगे किस ठोर ॥४॥
आप भजन कूं आलसी, औरो कू दे आड ।
जन हरिदास हरिते विमुख, पसूं पडेंगे खाड ॥५॥
जन हरिदास सुख अगमहै, मथि काटै ते संत ।
मल थोडा आंधी गणी, ऐसा ज्ञान अनन्त ॥६॥
मोहि मांहि अन्तरि त्रिथा, बोलै मीठे भाय ।
जन हरिदास [1]निगुरा तिके, निहचै नरकां जाय ॥७॥
गुण पोखे निरगुण कथै, सुरति न लागी साचि ।
जन हरिदास काचे मते, बहोत गया यूँ नाचि ॥८॥
[2]ज्ञान ध्यान पोथ्यां लिख्या, हिरदै सक्या न राखि ।
जन हरिदास ता साधकी, हितदे सुणी न साखि ॥९॥
चाल्या था पथि बाहुड्या, हीरा बैठा हारि ।
जन हरिदास कोडीरता, तिनका संग निवारि ॥१०॥

१ गुरु को नहीं मानने वाला २ पाखण्डी साधु पोथियों का उपदेश दूसरों को सुनाते हैं पर अपने हृदय में कुछ नहीं रखते हैं। नोट—मैफलों में राजाओ को प्रसन्न करने वाले गवैये इनके गान से राम प्रसन्न नहीं होते है ।

छोरि करी पारी पर, बैसि ग्यान की छाह ।
हरीदास जन यूं कहै, ताकी झूठी बाह ॥११॥
आपाकी आंगी पड़ी, दुःख सुख व्यापै दोय ।
जन हरिदास चौथी दशा, चतुरन पहुँचे कोय ॥१२॥
जहां आयो तहां भीतरो, करुणा सागर दूरि ।
जन हरिदास आपो मिट्यां, है हरि सदा हजूरि ॥१३॥
पैंडे एक आपा चले, पग दस पूठा जाहि ।
जन हरिदास कहणी कहा, रम मां रहणी मांहि ॥१४॥
मनसा का बादल भया, काम क्रोध अज घोर ।
जन हरिदास कहणी सरस, रहणी बड़ी कठोर ॥१५॥
आप चढ़ि ऊँचा भया, कोटि कर्म ले साथि ।
तोड्या था हरि हम कूँ, काढ़ी आई हाथि ॥१६॥
सिव सदा मनमें बसे, मींडक गरजे आप ।
एक दिखाई आप की, सहजे सिरमें खाय ॥१७॥
जनहरिदास कहरि गरजि अधुक मरै न जान ।
जब ऊ हरि कै [१]हरि मिले तब गाज्यां परवान ॥१८॥
[२]मोटा माया मानइ हाल बधाय वाहि ।
जन हरिदास ताकी मैंगति, ना पहुँचाव वाहि ॥१९॥

१ नरसिंह भगवान २ बनावटी साधु ( माया मन का चलन वाद )

अरथ करे अनरथ नहीं छूटे, तातें फिरि फिरि भांडा फूटे ।
हरिदास जन ऐसा कहै, कोई उलटा खेलि परमपद लहै ॥२०॥
मौनी बाहणि जोयके, ऊपरि बैठा साह ।
जन हरिदास या विधि जमे, तोटा घणा कलाह ॥२१॥
भूख प्यास संकट सहै, सह विडांणा भार ।
जन हरिदास मौनी बलद, कासूं करे पुकार ॥२२॥
उलटी ने सुलटी कहै, ऊँधी ने मूँधी ।
जन हरिदास नौसे डसी, दुनियां चक चूँधी ॥२३॥
कहा कागद कहां मनिए दिल, लिखी माध की बात ।
करतें छूट्या लागी पवन, उड्या उड्या जात ॥२४॥
भूठेकर आधा कीया, मनकी मिटी न रेख ।
जन हरिदास तर सुत जल्या, ए संगति का गुण देख ॥२५॥
पान अगनि मुखि ऊबरे, गोला ताता होय ।
जन हरिदास साची सगति, जलत न देख्या कोय ॥२६॥
हेम अगनि मुखि जालिए, धातो संगि लगाय ।
जन हरिदास कंचन तिको, विके लोह के भाव ॥२७॥
लोहा जलमूं धोइये, तव लगि कांटा खाय ।
जन हरिदास पारस मिल्या, महगे मोलि विकाय ॥२८॥

## ॥ भरम विध्वंस को अंग ॥

ज्यूं[1] मूरति त्यूंही सिला, राम बसे सब मांही ।
जन हरिदास पूरण ब्रह्म, बाटि बाधि कछु नांही ॥१॥

---

१ बिना प्रीति कोई भी फल नहीं देता है ।

[1]जैन धरमकी बातड़ि सांभलि मनवा वीर।
ऊजड़ि कूप ऊँजाड़ि में, जहां छाया नहि नीर ॥१०॥
जैन धरम की बातड़ी, सुणत सुणत भया भोर।
जन हरिदास जहां का तहां, घरमै मै तैं चोर ॥११॥
पांच तत्व का पूतला, रज वीरज की बूंद।
ऐके घाटी नीसरथा, बांमणि खत्री [2]सूद ॥१२॥
देवल मांही देव है, घटि घटि धरथा बणाय।
जन हरिदास या [3]चूंधिहै, तूं गुण गोविन्द का गाय ॥१३॥

## ॥ अथ भेख को अंग ॥

भेख पहरि भांडी करी, फेरि धराया नाव।
जन हरिदास स्वामी पणां, वहौड़ि रोग में पांव ॥१॥
जन हरिदास बादल बिगति, बूठों व्योरा होय।
भेख बरा बरि करि मिल्या, सुमिरण का सुख दोय ॥२॥
जन हरिदास गोविंद विमुख, तिनसिरि जमका हाथ।
बाहरि मूंडत देखिए, भीतरि [4]सलवा साथ ॥३॥
जन हरिदास कहै या जगमें, एक अचंभा भारी।
हम टोपी काहे कूँ पहरे, उलटी चाल हमारी ॥४॥

१ शून्य २ शूद्र ३ चका चौंध ४ कपट।

मायस परमेश्वर किया, सो तौ करता नाहि ।
जन हरिदास करता पुरसि, व्यापि रह्या सब मांही ॥२॥
नहि सेवग सूं वैरतर, नहि सेवग सूं प्रीति ।
[1]करम तजि गोविन्द भजै, या साधों की रीति ॥३॥
लोक दिखावा मति करो, हरि देखे त्यूं देख ।
जन हरिदास हरि अगम है, पूरण ब्रह्म अलेख ॥४॥
जन हरिदास साची कहै, साहिब जी की [2]साँह ।
[3]पाहण कू करता कहै, ताका काला मौंह ॥५॥
जैन धरम माया सरूप परस्यां लागे पाप ।
जन हरिदास निरमै भजै, अलख निरंजन नाथ ॥६॥
साची कहां सुणावतां, मति को माने रीस ।
अलख निरंजन छाडि कै, मंडे मरम चौईस ॥७॥
जैन धरम सबतैं बुरा भला कहै मो कोय ।
(जन हरिदास) घना घर में सप ह, वहां न कीजे [4]गोय ॥८॥
जैन धरम सोध्या सब, ज्ञान सप ले हाथि ।
(जन हरिदास) फटकि फटकि फटकूं कहा,
( काइ ) कुछ्या का लग न हाथि ॥ ९ ॥

---

१ मानार्थ कर्म २ शपथ ३ पत्थर ४ गमन कोई भी कुछ नहीं मिलता है ।

[1]जैन धरमकी बातड़ि सांभलि मनवा वीर।
ऊजड़ि कूप ऊजाड़ि में, जहां छाया नहि नीर ॥१०॥
जैन धरम की बातड़ी, सुणत सुणत भया भोर।
जन हरिदास जहां का तहां, घरमैं मैं तैं चोर ॥११॥
पांच तत्व का पूतला, रज वीरज की बूंद।
ऐके घाटी नीसर्या, बांमणि चत्री [2]सूंद ॥१२॥
देवल मांही देव है, घटि घटि धर्या भणाय।
जन हरिदास या [3]चूंथिहै, तूं गुण गोविन्द का गाय ॥१३॥

## ॥ अथ भेख को अंग ॥

भेख पहरि भांडी करी, फेरि धराया नाव।
जन हरिदास स्वामी पर्या, बहौडि रोग में पांव ॥१॥
जन हरिदास बादल विगति, बूठो व्योरा होय।
भेख बरा बरि करि मिल्या, सुमिरण का सुख दोय ॥२॥
जन हरिदास गोविंद विमुख, तिनसिरि जमका हाथ।
बाहरि मूंडत देखिए, भीतरि [4]सलवा साथ ॥३॥
जन हरिदास कहै या जगमें, एक अचंभा भारी।
हम टोपी काहे कूं पहरे, उलटी चाल हमारी ॥४॥

१ शून्य २ शूद्र ३ चका चौंध ४ कपट।

सांग काढि साहरा हुआ, हीरा नाया हाथि ।
जन हरिदास तोड़ों लयो, तब सब हू ता साथि ॥५॥
जन हरिदास तोडो लयो, तममय हू ता माथि ।
सग तोड़े संगही हुवा, कछू न आया हाथि ॥६॥
निरमै पद गावे नहीं गाई अ रमराग ।
हरीदास जन यूं कहे, [१]मोड़ा मक्खा न काग ॥७॥

॥ अथ माष को अंग ॥

मिथ्या सपद न बोलिए, जन हरिदास हुई मान ।
कमल कुछ लागी नहीं, [१]पारजात के पान ॥१॥
घर[१]कदर[२]कदरज[३]बिरछ, मी कदरज फलपात ।
जन हरिदास ता बिरछ फल, बिपति नदी घरि आत ॥२॥

॥ अथ साम को अंग ॥

तेज कड़ाही मलत है, फलबिन अजन बुझाय ।
जन हरिदास सीतल भया, अब चंदन पईता आय ॥१॥
काम क्रोध तृष्णां तजी, त्रिविध ताप का नास ।
राम नाम हिरदै सदा, जन हरिदास तू दास ॥२॥

गूदड़ियो आछै मंत, भजै निरञ्जन राय ।
जन हरिदास ता दास की, महिमा कही न जाय ॥३॥
चितमांही चितले रह्या, समरथ सिरजन हार ।
जन हरिदास ता साधका, मिलि कीजै दीदार ॥४॥
पाव पलक छाडै नहीं, हिरदा ते हरि नांव ।
जन हरिदास साध की, मै बलिहारी जाव ॥५॥
आठों पहर भजै अविनाशी, एह भेख मन मांही ।
[1]रुंठमूंड कहा टोपी पहरया, देह भरोसा नांही ॥६॥
राम भजन आनन्द सदा, आठों पहर अछेह ।
राम भजन विन मानवी, [2]वादि गमावै देह ॥७॥
ना कांहू मूं वैरता, मोहन बांधै साध ।
जन हरिदास आठोंपहर, भजिए राम अगाध ॥८॥
भाव भगति गोविंद भजन, जाकै हिरदै होय ।
जन हरिदास ता साधकू, गंजिन सकै न कोय ॥९॥
भाव भगति गोविंद भजन, दया द्रिढपण दाखि ।
जन हरिदास गुरज्ञानगहि, ए साथी संगि राखि ॥१०॥
परम सनेही राम है, कै राम तुह्मारै सन्त ।
जन हरिदास हरि भजन विन, पासी और अनन्त ॥११॥

---

१ मस्तक मूंडाने और टोपी पहिनने से जम नहीं छोड़ेगा २ वृथा ।

अकलत निरञ्जन नाथ सति, सति रामराम का साथ ।
( जन हरिदास वरनूँ कहा ), या तो बात अगाध ॥१२॥
मनउलटा चल्या आकासकूँ, पवन सुरति ले हाथि ।
जन हरिदास ता साधकै, सदा निरञ्जन नाथ ॥१३॥
सास्त्रों को लागै नहीं, मथिए फक्कल राम ।
जन हरिदास ता साध का, निरभै पद विसराम ॥१४॥
नरक स्वर्ग सब पर हरया, सतिगुर ग्यान विचार ।
जन हरिदास ता साधकूँ, सन्मुखि सिरजनहार ॥१५॥
जन हरिदास सो जन भला, भजै अखंडित राम ।
राग दोष मैं है नहीं, जोग मुक्त मैं काम ॥१६॥
अजब रहए रहसी अजब, अजब बात मैं हेत ।
जन हरिदास खेलै तहां, (कोई) कोई साध सुचेत ॥१७॥
गुदड़ियो निर्में मसे, चालै उलटी चाल ।
जन हरिदास ताकी संगति, जम तप करै निहाल ॥१८॥

॥ अथ [1]मधि को अंग ॥

वैरागी गृह मन तजै, मधि के पैंडै जाय ।
जन हरिदास आपारहत, सुख में रहे समाय ॥१॥

---

1 मध्यस्थ ।

## ॥ अथ उपदेश को अंग ॥

सीख भीख की बातड़ी, सांभलि मनवा वीर ।
भीखत मीखत ही पड़ै, होय समंद मूँ सीर ॥१॥
बात कहत पैंडा थकै, चलतां होय सहोय ।
जन हरिदास हरि धाम तहां, पहुँचे विरला कोय ॥२॥
अजब साखी साचा सबद, घर में रहे न सोय ।
जन हरिदास गोविन्द भजो, पला न पकडे कोय ॥३॥
इत उत चितवनि छाड़िदे, मनसा मरै तो मारि ।
जन हरिदास हीरा जन्म, कोड़ी सटै न हारी ॥४॥
जन हरिदास लीजै नहीं, कंचन बदलै काच ।
जो कछु गया स जांणरे, तूं रहता मूँ राच ॥५॥
रहता रमता राम है, दूजा कोई नाहि ।
जन हरिदास यूं जाणिकरि, सो राख्या मन मांहि ॥६॥
आज्ञा मांगूं अगम की, अगम सुगम यूं होय ।
हरिदास जन यूँ कहै, भूलि पडो मति कोय ॥७॥

## ॥ अथ विचार को अंग ॥

जन हरिदास कहिए कहा, देख्या सोचि विचारि ।
झूठा सुख सूं लागि करि, हरि सुख चाल्या हारि ॥१॥

## ॥ अथ विश्राम को अंग ॥

पूरण हारा पूरि है, जन हरिदास हरि राय ।
सब घट कीट पतंगलों, जहां तहां रह्या समाय ॥१॥
सांई सबकूं देत है, पहोरि कबहूं नहिं लेत ।
हरिदास मन यूं कहै, थाकूं सेवाही न हेत ॥२॥
जन हरिदास दातारसूं, दूजा कोइ नांही ।
मनबुध करि सबतें अगम, व्यापि रह्या सब मांहीं ॥३॥
ऐसा कोई एक है, बीस तीस तो नांहि ।
आलस त्यागों मन सथिर, निरखै हरिपद मांहि ॥४॥
आलस त्यागों मन चलै, सो भागिर मिथ्या काम ।
जन हरिदास उथम भजन मजै निरंजन राम ॥५॥
अजगर उधम करत है, आलस त्यागों दोय ।
जन हरिदास बैराग मत, तहां कछु उधम न होय ॥६॥
गहि उधम भवगति मजै, गङ्ग अर्मन मधि वास ।
जन हरिदास तब देखिये, परम जोति परकास ॥७॥
परापरैं पूरण ब्रह्म, तहां मन रह्या समाय ।
जन हरिदास ऐसा उधम, और दसिम कूं खाय ॥८॥
तनका उधम कहां रहै, जब मन पंगुल होय ।
जन हरिदास मृतगपणां, पलट न देख्या कोय ॥९॥

जे कबहु मृतक चलै, तो बीचि विटम्ब कोई और ।
जन हरिदास मूंवां पछै, नहीं कुटम्ब में ठोर ॥१०॥
सतरज तमस [1]षटऊरमी, मै तै मोह जात मुख गोय ।
जन हरिदास विज्ञान व्रत, तहां उद्यम नहि होय ॥११॥

## ॥ अथ पतिवरता को अंग ॥

सेवग हाजरि चाहिजे, साहिब सदा हजूरि ।
पून्यूं पूरा चन्द ज्यूं, जहां तहां भरपूरि ॥१॥
वार पार मति गति अगम, आदि अन्ति मधि नांहि ।
जन हरिदास आनन्द सदा, प्राण बसे ता माहि ॥२॥
ब्रह्म ज्ञान व्रत निंदता, भला न कहसी कोय ।
जन हरिदास एक छाडि दूजा भजै, जै दूजा मति होय ॥३॥
दूजी पूजा कालकी, पकडि काल ले जाय ।
(जन हरिदास) राम छाडि दूजा भजे, ताहूँ मिलै बलाय ॥४॥
जन हरिदास याही कठिन, सबको चाहै माल ।
कहिंधूं कैसै मानिये, पिव [2]बिहूणी बाल ॥५॥
चौद अमर वर वरण तजि, सुखमें सुरति निवास ।
पतिवरता पति कूं मिले, कै निस दिन रहै उदास ॥६॥

---

१ भूख, प्यास, नींद, आलस्य, शोच, मूत्र ये छ ऊर्मियां हैं २ विना ।

## ॥ अथ विरक्तता को अंग ॥

बैरागी माया तजै, राम भजन मैं प्रीति ।
जन हरिदास लेखो कहूं, देही का गुण जीति ॥१॥
हाटां बाटों ही रह भजै निरञ्जन नाथ ।
मान कथा मानै नहीं, हरि भक्तों को साथ ॥२॥

## ॥ अथ समर्थाई का अंग ॥

आगा पीछा रामजी पूरण ब्रह्म अगाध ।
हरीदास जन यूं कहै, तासुखि लाग रह्या सब साध ॥१॥
राम दया सन्मुखि सदा, पै हरिजन सन्मुख होय ।
काल जाल लागै नहीं, पाछा लगै न कोय ॥२॥

## ॥ अथ सूरातन को अंग ॥

कौडी रूप सभारि है, हीरा रूप पसारि ।
लेगा कोई का हरी, मैल्है सीस उतारि ॥३॥
भगनि दहै दुख पाइय, बुद्धि बल कछु न बसाय ।
यूं ऊंधा मूं गिर पड़ी, पर दुःख सहै बलाय ॥४॥
तन टूटो झटका हुई, रती न मानि सक ।
खेत खरं मन थिरि रहै, रे दाहखी निसक ॥५॥

सन्मुख है श्रवणां सुणी, तैं आपणी सूं वालि ।
खागा मुहि खिसता खियां, रे दोहली दयालि ॥६॥
दया यह साधां सुपह, चाली निजघरि ताकि ।
जन हरिदास यूँ जांणिये, वहौड़ि न चढई चाकि ॥७॥
राम भजे निरभै थकी, तकी न कोई वोट ।
लागी पणि भागी नहीं, उरपांहण की चोट ॥८॥
भागो को भै को नहीं, जे मन मांडै धीर ।
परवत सुत सूं वाजि करि, नीको राख्यो नीर ॥९॥
[1]लछमीसुत [2]अरु गिरसुतां, आज मंड्यो भारथ ।
पिसणां मांही पैसि करि, भला दिखाया हथ ॥१०॥
सूरवीर साचै मतैं, भजै सनेही राम ।
जन हरिदास ता साध का, सेगे सही मुं काम ॥११॥
सिर तेरा तूं सिर धणि, मुझ सिर मूं क्या काम ।
सिर है विषका तूं वड़ा, तूं सुख सागर राम ॥१२॥
सीस देणकी होड़ है, तूं अपणां सिर देह ।
जन हरिदास सिरकै संटै, राम रतन धन लेह ॥१३॥
जन हरिदास हरि मिलण कूं, अंतरि कीया विचार ।
जो सिर साटै हरि मिलै, तो सिर सौंयों सौवार ॥१४॥
जोग पंथ पग मति धरै, धरै तो सीस उतारि ।
हरीदास जन यु कहै, योंही अरथ विचारि ॥१५॥

१ धनवान २ विद्वान् ।

अगम सिंघासन अगनिसम, काया र्टि न काय ।
जन हरिदास बैठा तहां दिन दिन आनन्द होय ॥१६॥
जन हरिदास मैदान में, सजठ है [1]गाडारि ।
कोल्यो अर्थ एक को, लेवे [2]पंतै मारि ॥१७॥
सिंघ मखो बिपहर डसो, माँथे अपा सू माय ।
जन हरिदास गोपिन्द भजा तनसू सुरति सुकाय ॥१८॥
कायर सू कायर मिले सूर मिलै सति सूर ।
जन हरिदास आनन्द सदा, बजै अनहद तूर ॥१९॥
सर ठलटि वसुधा मसि परबत परबत नांहि ।
मिनपांसों ऊंचा ठभ्या, पस्या आकासों मांहि ॥२०॥
सर ठमड़गि ठलटि गङ्गा आया गस्या सूर ।
जन हरिदास तब देखिए, नैना मांही नूर ॥२१॥
पांच इन्द्रि फरि फरि राम भजन करि सूर ।
जन हरिदास कायर परा, काल बजावै तूर ॥२२॥
जन हरिदास पीव पासिए पांच भटकि स्यो खाई ।
हावे करि मरतक पर्ड सूरा सन्मुख आइ ॥२३॥
सीस उतारयां खरियां, छाकी तनकी आस ।
अन्तरि राता एक सूं परम ज्योति परकास ॥२४॥

१ पुरुषों के बड़े बैठ कर २ बैर बहुत कर ।

## ॥ अथ करना को अंग ॥

एक दिहाडे इन्द्रकूं, पकडि पछाडे काल ।
हरिदास जन यूं कहै, गोपी रहै न ग्वाल ॥१॥
रामदया न्यारी रहो, राखण हारा कोडि ।
जन हरिदासता जीवकूं, काल गहै घट तोडि ॥२॥
राम नाम व्रत छाडिकै, जहां तहां जीव जाय ।
जन हरिदास ता जीवकूँ, काल तहां ही खाय ॥३॥
जन हरिदास गोविन्द भजो, गहि गुर ज्ञान विचार ।
कर कमाण के सर लिए, काल खड़ा दरबार ॥४॥
देह गेह है जायगी, मोहि पडैगी मार ।
जन हरिदास गोविन्द भजो, गहि गुरु ज्ञान विचार ॥५॥
हरि सुख सागर पर हर्या, कीच रह्या लपटाय ।
जन हरिदास ता जीव कूँ, हिलीयो ल्हाडो खाय ॥६॥
माया के घरि जम बसै, दाव पडै तब खाय ।
हरिदास जन यूं कहै, हरिजन तहां न जाय ॥७॥
जैं जनि पहला नहीं, जन्म जन्म की श्रास ।
जन हरिदास सतगुरु कया, तहां काल की पास ॥८॥

जन हरिदास मोटी बिथा, करम काल सीस मांहि ।
राम भजे सो ऊबरे, दूजा छूटै नांहि ॥६॥
काल दहूं दिस देखिए, जहां तहां मरपुरि ।
जन हरिदास गोबिन्द भजै, सो काल भाज मैं दूरि ॥१०॥

॥ अथ काजीनी को अंग ॥

ओषध अमन अनूप है जरै तो पुरा न खाय ।
जन हरिदास छुटै बिथा, सुख में रहै समाय ॥१॥
गूंगा ई ओषध दई, खायर करी [1]ठखाय ।
जन हरिदास ता जीवका, पूछा नहीं जंजाल ॥२॥
ओषध मरे सो मन मरै खायर करै ठखाल ।
जन हरिदास ता जीवकूं अति [2]धारासै काल ॥३॥

॥ अथ दया निर्वैरता को अंग ॥

पीटी [3]कीटी है रही, रतीन मांने संक ।
पर्गां तली रौंघी मरै, माथे चढै कलंक ॥१॥

॥ अथ साध महिमा को अंग ॥

जन हरिदास आनन्द भइ, मन मपणा परमोधि ।
करहा पथ कबीर का, मो हम सीया सोधि ॥१॥

---

१ ठकनी ( बमन )　२ मारे ( मारता है )　३ निर्लज्ज।

पीठ दई संसार सूँ, परमेश्वर सूँ प्रीति ।
जन हरिदास कबीर की, या कछु उलटी रीति ॥२॥
उलटे पैंडे परम सुख, परम साध तहाँ जाहि ।
हरिदास जन यूँ कहै, निगुरा पहुँचै नांहि ॥३॥
अगनिन जालै जलि नहिं डूबै, झडि झडि पडै जंजीर ।
जन हरिदास गोविन्द भजे निरभै मतै कबीर ॥४॥
मारि मारि काजी करै, कुंजर बन्धै पाव ।
जन हरिदास कबीर कूँ, लगैन ताती बाव ॥५॥
राखण हारा एक तूँ, मारण हारा कोडि ।
जन हरिदास कबीर का (कोई) मता सक्या नहि मोहि ॥६॥

॥ अथ करुणा को अंग ॥

रात अन्धारी सरप डर, सखी तस जन दूरि ।
जन हरिदास हरि अगमहै, करुणा कियां हजूरि ॥१॥

॥ अथ कामी नर को अंग ॥

करम कडाही कामजल, मैं तैं लुटकि मांहि ।
जन हरिदास जीव जलतहै, जांणें कोई नांहि ॥१॥
राम नाम न्यारा रह्या, नांणों नारी साथ ।
(जनहरिदास)ता सुखकी गतिमति अगम, सो सुखनाया हाथ॥२

साचा मोडा रामजी, दूजा मोडा झूठि ।
दूजा मोडा बिन ससी काची पेड कसूठि ॥३॥
रामरतन न्यारा रह्या, कौड़ि खीवा मारि ।
जन हरिदास नर नारियों, नरां बिसम्बी नारि ॥४॥
डूंगरतें पशु उत्तरे, [1]सारथि दौड़ै भाव । -
जन हरिदास नारी मसे, मिलै स खोटा खाव ॥५॥
तनमन दे सरवस लिया, भूखी मांमखि खाव ।
जन हरिदास नारीमवे, मिले स खोटा खाव ॥६॥
तनमन दे सरवस लिया, भूखी मांमखि खाय ।
जन हरिदास नारी नरकि, पांइ पकड़ि ले जाय ॥७॥
मोमखि ले जुइ हुई भोग करण यें मेद ।
साहिब मूं पाछी फिरै, वहां कष का छेद ॥८॥
जन हरिदास परनारियां, रोपै निम्रदि गंवार ।
गमन करया भरमें पसे, पूठा काली पार ॥९॥
जन हरिदास नारी सगति, साष करो मति कोय ।
नारी समति संकर ठग्या, कुसल कहां ते होय ॥१०॥
जन हरिदास गोबिन्द भजो सुरति सहज धरि धारि ।
नारी हरिभजि हरि मिलै, सोमी संगनि पारि ॥११॥

---

1 सवेठी ।

मन उनमन लागा रहै, नांही आंन उपाव ।
जन हरिदास नररी संगति, भी कंध का घाव ॥१२॥
हरितै सुरति उतारि करि, पूठा वैसे आय ।
जन हरिदास याही कठिन, महा मही है खाय ॥१३॥
जन हरिदास पर कामणी, नैण बांण भरि खाय ।
सतगुरु सबद संभालि करि, रा कै बांण चुकाय ॥१४॥

## ॥ अथ साध परिच्छा को अंग ॥

जहा जल तहां ज्वाला नहीं, हरि तहो मैं तै नांहि ।
जन हरिदास के हरि कुरंग, ऐकै बनि नव साहि ॥१॥
स्याम वरण दोन्यू दुरसि, एक अजब अनुराग ।
जन हरिदास बोल्यो बिगति, कहो कोयल कहो काग ॥२॥
जन हरिदास अद्भुत कथा, दोन्यूं ऊजल भाय ।
हंस अजब मोती चुगै, बुगला मच्छी खाय ॥३॥
जहां बगुला तहां हंस भरत, जन हरिदास दुख दोय ।
वासा तरि सरभरि लगै, [1]चारे ब्यौरा होय ॥४॥
शीतल दृष्टि चकोर की, चन्द बसै ता मांही ।
जन हरिदास ज्वाला चुगै, देखो दाजै नांही ॥५॥

---

१ खाने में मालूम ।

उद्गरि समायस पृथिल, रहै निरन्तरि लागि ।
जे कबहूं सोचों करे, तौ लखि जलती आगि ॥६॥
उद्गरि समायस पृथिले, अन्तरि रहै उदास ।
जे कबहूं [1]सोचो करी, तौ पोलों होय बिनास ॥७॥

॥ अथ साध संगति को अंग ॥

साधा संगति निरमल दशा, जे मन हो ये मल ।
जन हरिदास तिल तलका कैसा भया फुलेल ॥१॥
तिल फिरि लेस्या पहुपवें सरस परस रस रूप ।
जन हरिदास संगति सरस, कैसा भया अनूप ॥२॥
जन हरिदास चंदन संगति, बधे स चंदन होय ।
बांस बास भेदै नहीं, सबया न भाषो लोय ॥३॥
बांस सदा ही बस्त है, चन्दन की जड़ मांहि ।
जन हरिदास निरवास है, भीतरि भेद्या नांहि ॥४॥
निस बासर गोबिन्द भजै, कबहूं बिसरै नांहि ।
तिनकी संगति कीजिए, ले आय पारसी मांहि ॥५॥
जन हरिदास काची संगति, सारा फूटै मन ।
जोति प्रकास न करि सकै, ज्यूं [2]पोथी मांहि रतन ॥६॥

१ उत्तम ( मूल ) २ भगती मैली ।

जब ही जल मूं काढिए, तबहीं करै प्रकाश ।
जन हरिदास साची संगति, सोधि करै सो दास ॥७॥

## ॥ अथ हेत प्रीति को अंग ॥

सूरज बसी कवल का, जन हरिदास मति जोय ।
रवि विकस्यां विकसै भलां, असत रहै मुख गोय ॥१॥
जन हरिदास कमोदनी, इष्ट एक विश्वास ।
ससि विकस्यां विकसै भलो, नही तर रहै उदास ॥२॥
जन हरिदास सुत हंस का, कलपिन करै अकाज ।
भूखा रहै कै मोति चुगै, कुल अपणां की लाज ॥३॥

## ॥ अथ निंदा को अंग ॥

खेत निंदाण्यो नीपजे, सिरटा मोटा होय ।
जन हरिदास निंदा भली, जै करि जाणै कोय ॥१॥
जन हरिदास कहिए-कहा, मुग्ध न मांनै मूरि ।
अगम अर्क अकास रथ, खिजि खिजि डारै धूरि ॥२॥
कै बांयै कै दाहिणै, कै ज्ञान हीन गत लार ।
जन हरिदास गोविन्द भजो, ए दहि दिस करै पुकार ॥३॥

## ॥ अथ भय को अंग ॥

मैं भुरकी उलटी पडी, ओषध लगै न काय ।
जन हरिदास भी भै भला, जै नख सख रहै समाय ॥१॥

॥ अथ कुसबद को अंग ॥

कटुक वचन कोरी कसर, हरि भक्ति राखो कोय ।
जन हरिदास यूँ आखिये, या कडुयों ही सुख होय ॥१॥

॥ अथ कुपथ्या को अंग ॥

मांस ईख किम मिस विराम, [1]थाहर रसना लार ।
जन हरिदास पक्ष एक है, कुछ [4]कुवा केका फर ॥१॥
मांस एक कुपथ्य का करम, पाप पुनि विस्तार ।
जोति बीजले भस्म सत्या, पपची २ धार ॥२॥
कनक दाना[2] सब होमिए, सकल[3]भक्ति रस मिटि जाय ।
जन हरिदास निरमल वस्त, निर्मल मांहि समाय ॥३॥
करम कड़ी काठी कड़ी, बांध न लागे कोय ।
मूरख नर हरि विमुख, सतगति सुरक्यों न होय ॥४॥

॥ अथ मित्र कपटी को अंग ॥

जन हरिदास हरिजन मिले, तबही आनन्द होय ।
मित्र कपटि कोई मति मिलो जाके अन्तरि होय ॥१॥
मुखसे मीठी दे मिले, मित्र मांही कछु और ।
हरीदास जन यूं कहे, पहुंचेंगे किस ठौर ॥२॥
ज्यानों दरिया दास है, साहिब भरु संसार ।
तुम किण दरिया की माछली हमसूं कहो विचार ॥३॥
जग दरियाव में देह है, साधों सेती प्रीति ।
हरि दरियाव कू अलखहै यह हमारी रीति ॥४॥

---

१ थाहर ( दूध ) २ बीज ३ भक्ति ४ कडुवा ।

॥ इति साखी सम्पूर्ण ॥

## ॥ अथ श्लोक ॥

अदृष्टं निरक्षरं बीज वर्जित तरवरं, त्रिलोक तमि छाया ।
स्वाद जानत वे वीत रागी ॥१॥
जामन्मुखि जल ज्वलन्त ज्वाला, चिनगी खार वायकं ।
आपै आप जलन्तरै मानवा, तस्य प्रानी जीवन वृथा ॥२॥
अगंचमस्मतेस्मो चन चरं, मान अमान जोगेश्वरं ।
उन्मनी अवस्था सारग्राही, निर्मलं मन अस्थिरम् ॥३॥
ऊंचा अवासं सुख सेज्या, नाना भोजनं जलं हवा ।
मद मस्त कुंजर दरबार जोधा, तऊ काल ग्रासं तरे मानवा ॥४॥

॥ इति श्लोक सम्पूर्ण ॥

## ॥ अथ स्तुति की साखी ॥

अगम सुख तहां मिति रहे, जीति मोह मद काम ।
जहां लोक वेद की गमनहीं, अगम ठौड विसरांम ॥१॥
ब्रह्मा विष्णु महेश, जन हरिदास तहां रमि रह्या ।
पार न पावे शेष ॥२॥
कृत्रिम तजि वरि अमर वरि, सत गुरु कै उपदेश ।
जन हरिदास जहां मिल्लिरह्या, तहां संतो किया प्रवेश ॥३॥
नग्र नाव बेगम पुरा, वेगम मांहि वसांही ।
वहां कोई पहुँचै सन्तजन, दूजा की गम नांही ॥४॥

जहाँ रेखा पाँच उतपति नहीं, पर नहि तहां १मान ।
जहाँ पावक पवन पाणी नहीं, तहां आहात्म्य (जन) हरिदास का स्थान ॥५॥
जन हरिदास श्रीकृत कियो, सुणि उपरे विग्यास ।
ओर्यां कू हिरदे धरै तिनकी पुरवै आस ॥६॥
नर नारी काऊ पढो पढ़ै स उतरै पारि ।
हरीदास जन यूं कहै राम नाम ततसार ॥७॥
कलि माँहियो पन्न पवर, सबद मये सिद्धन्त ।
वा र्दू सुमर रैण दिन, कबहु न होवे अन्त ॥८॥
वाणी श्रीहरिपुरुषस्य विमला नैरंजनी विश्रुताः ।
वैराग्यं हरिभक्ति मत्र वितरत्याश सनेभ्यः शिवम्॥
नन्दाष्टाङ्कविध प्रमाङ्ग सहिते वैशाख मासे सित ।
पत्तऽवाम्यतिर्थौ रवौ शुभयत मुद्रापिता शोन्विदा ॥१॥

१ मान (दृप) मत्सर

॥ इति श्री स्वामी श्री श्री हरिदासजी महाराज कृत वाणी संपूर्ण ॥

नगानदासोत निरंजनी
सन्त महन्तानुचर
स्वादास वैष्णव
जोधपुर।